e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 266

शुक्रवार

29.09.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

आदमी जिन्दगी में उतना ही, बड़ा कर सकता है, जितना बड़ा वह सोच सकता है !

## क्विक न्यूज

### भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी व बसपा सांसद दानिश अली का मामला विशेषाधिकार समिति को भेजा गया

**नई दिल्ली** :.नई संसद में अमर्यादित भाषा के उपयोग को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एक्शन में आ गए हैं। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ीऔर बसपा सांसद दानिश अली के बीच हुई जुबानी जंग का मामला अब विशेषाधिकार समिति को भेज दिया गया है। दोनों सांसदों की शिकायत भेजी गई ओम बिरला ने दोनों सांसदों की एक दूसरे के खिलाफ की गई शिकायतों की जांच के लिए मामले को विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया है। गौरतलब है कि बीते दिनों संसद के विशेष सत्र के दौरान चंद्रयान 3 की सफलता को लेकर हुई चर्चा पर दोनों सांसदों में जुबानी जंग छिड़ गई थी। इस बीच भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी को दानिश अली को गाली और कई गलत टिप्पणियां करते हुए सुना गया।

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने मिलाद-उन-नबी की दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को मिलाद-उन-नबी पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि हमारे समाज में भाईचारे और दयालुता की भावना को आगे बढ़ाया जाए।राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट में कहा,मिलाद-उन-नबी के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों, खास तौर पर मुस्लिम भाइयों और बहनों को मुबारकबाद देती हूं। पैगम्बर मुहम्मद के जन्मदिन पर हम सब सद्भाव और भाईचारे के साथ आगे बढ़कर मानवता के कल्याण के लिए कार्य करने का संकल्प लें। उपराष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट में कहा,पैगम्बर हजरत मुहम्मद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मिलाद-उन-नबी के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। पैगंबर की प्रेरणादायक शिक्षाएं करुणा, सहिष्णुता और आपसी भाईचारे का जीवंत उदाहरण हैं। उनकी शिक्षाएं शांति, न्याय और सद्भावनापूर्ण समाज के निर्माण में हमारा मार्गदर्शन करती रहें, यही मंगल कामना है।प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया,मिलाद-उन-नबी पर बधाई। हमारे समाज में भाईचारे और दयालुता की भावना को आगे बढ़ाया जाए। सभी लोग खुश और स्वस्थ रहें। ईद मुबारक!

### पीएम गति शक्ति: 52 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी देने की सिफारिश

**नई दिल्ली** : पीएम गति शक्ति पहल के तहत 52 हजार करोड़ रुपये की सड़क और रेलवे की 6 बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं को मंजूरी देने की सिफारिश की गई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने यह जानकारी दी।वाणिज्य मंत्रालय ने गुरुवार को जारी बयान में बताया कि पीएम गति शक्ति के तहत सड़क और रेलवे की छह बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं को मंजूरी देने की सिफारिश की गई है। इन छह परियोजनाओं का मूल्यांकन 27 सितंबर को 56वीं नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) की बैठक में किया गया।मंत्रालय के मुताबिक समूह की बैठक में जिन छह परियोजना प्रस्तावों का मूल्यांकन किया गया, उनमें सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की चार परियोजनाएं और रेल मंत्रालय की दो परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं की कुल लागत करीब 52,000 करोड़ रुपये है।

### गर्लफ्रेंड से मिलने जा रहा था अतीक के भाई का साला सद्दाम, यूपी एसटीएफ ने दिल्ली से किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली** : उमेश पाल मर्डर केस में यूपी एसटीएफ को एक और कामयाबी हाथ लगी है. एसटीएफ की टीम ने अतीक अहमद के भाई अशरफ अहमद के साले सद्दाम को गिरफ्तार किया है. वह हाल ही में दुबई से लौटा था और दिल्ली में छुपा हुआ था. गर्लफ्रेंड से मिलने जाने के दरमियान उसे गिरफ्तार कर लिया गया.

### ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक से मिले अक्षय कुमार व ट्विंकल खन्ना

**मुंबई** : अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म 'मिशन रानीगंज' जल्द ही पर्दे पर आएगी। इससे पहले खिलाड़ी कुमार अपने परिवार के साथ लंदन में वेकेशन एन्जॉय कर रहे हैं। अक्षय और ट्विंकल ने लंदन में ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात की। इस मुलाकात का वीडियो उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो में ट्विंकल खन्ना, ऋषि सुनक और अक्षय कुमार ने पोज दिए हैं। ट्विंकल ने वीडियो के कैप्शन में लिखा,मुझे हील्स पहनना और डांस करना पसंद नहीं है, लेकिन आज की रात पैर की उंगलियों पर चोट लगी थी।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

# भारत के महान कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन का निधन

*** स्वामीनाथन को मिल चुका है पद्मश्री, पद्मभूषण, पद्मविभूषण, मैग्सेसे पुरस्कार व विश्व खाद्य पुरस्कार**

एजेंसी

**नई दिल्ली** : भारत में हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन का 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया।उन्होंने चेन्नई में आखिरी सांस ली। स्वामीनाथन को भारत के एक लोकप्रिय वैज्ञानिक के तौर पर जाना जाता था। स्वामीनाथन को भारत में हरित क्रांति का अगुआ माना जाता है। वे पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने सबसे पहले गेहूं की एक बेहतरीन किस्म को पहचाना और स्वीकार किया।स्वामीनाथन को कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। इनमें पद्मश्री (1967), पद्मभूषण (1972), पद्मविभूषण (1989), मैग्सेसे पुरस्कार (1971) और विश्व खाद्य पुरस्कार (1987) महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने किसानों के हालात सुधारने और कृषि को बढ़ावा देने के लिए सिफारिशें की थीं, लेकिन अब तक उनकी ये सिफारिशें लागू नहीं की गई। हालांकि सरकारों का कहना है कि उन्होंने आयोग की सिफारिशों को लागू कर दिया है, लेकिन अभी तक इसे पूरी तरह से लागू नहीं किया गया है। किसान बार-बार आंदोलनों के जरिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की मांग करते रहे हैं। स्वामीनाथन डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर के वैज्ञानिक थे. उन्होंने 1972 से लेकर 1979 तक %इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च के अध्यक्ष के तौर पर भी काम किया.कृषि क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें पद्म भूषण से नवाजा था.

### आईपीएस में चयन हुआ लेकिन कृषि से जुड़ा रास्ता अपनाया

1947 में वह आनुवंशिकी और पादप प्रजनन की पढ़ाई करने के लिए दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान आ गए। उन्होंने 1949 में साइटोजेनेटिक्स में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने अपना शोध आलू पर किया।हालांकि, समाज और परिवार का दवाब पड़ा कि उन्हें सिविल सेवा की परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। आखिरकार वह सिविल सेवाओं की परीक्षाओं में शामिल हुए और भारतीय पुलिस सेवा में उनका चयन हुआ। उसी समय उनके लिए नीदरलैंड में आनुवंशिकी में यूनेस्को फेलोशिप के रूप में कृषि क्षेत्र में एक मौका मिला। स्वामीनाथन ने पुलिस सेवा को छोड़कर नीदरलैंड जाना सही समझा। 1954 में वह भारत आ गए और यहीं कृषि के लिए काम करना शुरू कर दिया।

### भारत में हरित क्रांति के अगुआ बने

एमएस स्वामीनाथन को भारत में हरित क्रांति का अगुआ माना जाता है। वह पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने सबसे पहले गेहूं की एक बेहतरीन किस्म की पहचान की। इसके कारण भारत में गेहूं उत्पादन में भारी वृद्धि हुई।



### स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें आज भी विमर्श का विषय

किसानों के हालात पर सिफारिशें देने के लिए स्वामीनाथन आयोग का गठन 18 नवंबर 2004 को किया गया था। दरअसल, इस आयोग का नाम राष्ट्रीय किसान आयोग है जिसके अध्यक्ष एमएस स्वामीनाथन रहे। उन्हीं के नाम पर इस आयोग का नाम स्वामीनाथन आयोग पड़ा।

### स्वामीनाथन जी के निधन से हुआ गहरा दुख : पीएम मोदी

पीएम ने कहा कि डॉ.एमएस स्वामीनाथन जी के निधन से गहरा दुख हुआ.हमारे देश के इतिहास में एक बहुत बुरे वक्त में,कृषि में उनके अभूतपूर्व कार्य ने लाखों लोगों के जीवन को बदल दिया और हमारे देश के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की. कृषि में अपने क्रांतिकारी योगदान के अलावा,डॉ. स्वामीनाथन नवाचार के पावरहाउस और कई लोगों के लिए एक मेंटर थे. अनुसंधान और मेंटरशिप के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने अनगिनत वैज्ञानिकों और इनोवेटर्स पर एक अमिट छाप छोड़ी है.



# नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, एक जवान शहीद

*** सीएम हेमंत सोरेन ने जताया शोक**

***सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा लगाए गये तीन आईईडी में विस्फोट हो गया, जिससे कोबरा 209 बटालियन के इंस्पेक्टर भुपेन्द्र कुमार और हवलदार राजेश कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गये। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने घायल राजेश कुमार को मृत घोषित कर दिया।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के अति उग्रवाद प्रभावित टोंटो थाना क्षेत्र अंतर्गत तुम्बाहाका एवं सरजोमबुरू गांव के पास स्थित जंगल पहाड़ी में गुरुवार दोपहर आईईडी विस्फोट में कोबरा बटालियन के एक जवान शाहिद हो गया जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल है।

एसपी आशुतोष शेखर ने गुरुवार को बताया कि नक्सलियों के खिलाफ टोन्टो थाना क्षेत्र अन्तर्गत तुम्बाहाका एवं सरजोमबुरु गांव के बीच में जंगली क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा लगाए गये तीन आईईडी में विस्फोट हो गया, जिससे कोबरा 209 बटालियन के इंस्पेक्टर भुपेन्द्र कुमार और हवलदार राजेश कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गये। दोनों को हेलीकॉप्टर से रांची लाया गया, जहां डाक्टरों ने जांच के बाद हवलदार राजेश कुमार को मृत घोषित कर दिया।

भूपेन्द्र कुमार का इलाज मेडिका अस्पताल में चल रहा है। एसपी ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान में सर्च के दौरान तुम्बाहाका गांव के आसपास जंगली क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों के लगाए गये दो आईईडी, रास्ते में गड्ढा करके लोहे का रॉड और 31 स्पाइक हॉल एवं 250 स्पाइक बरामद किया गया है।

सभी बरामद विस्फोटक को उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की सहायता से डिफ्यूज कर दिया गया।पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस घटना के बाद इलाके में और मुस्तैदी के साथ ऑपरेशन को जारी रखा गया है.

बता दें कि इसी टोंटो थानाक्षेत्र में पिछले अगस्त माह में नक्सलियों ने घात लगाकर हमला किया था. उस हमले में एक सब इंस्पेक्टर और झारखंड जगुआर का एक जवान शहीद हो गया था.गौरतलब है कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के शीर्ष नेता एक करोड़ के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा, अनमोल,मोछू, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगेरिया, अश्विन समेत अन्य बड़े नक्सली के कोल्हान क्षेत्र में भ्रमण की सूचना पर चाईबासा पुलिस समेत सीआरपीएफ, कोबरा, झारखंड जगुआर समेत अन्य सुरक्षा बलों की टुकड़ी 9 महीना से लगातार नक्सलियों के विरुद्ध अभियान चला रही है।

जिसमें दर्जनों नक्सलियों के कैंप को ध्वस्त करते हुए 200 से अधिक आईईडी बम, स्पाइक होल, बुबु ट्रेप, पाइप बम आदि बरामद करने में सफलता भी पाई है।इस घटना पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि परमात्मा दिवंगत शहीद जवान की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

# भारत को शूटिंग में मिला गोल्ड



एजेंसी

**बीजिंग** : भारत को गुरुवार को शूटिंग में गोल्ड मेडल हासिल हुआ.अर्जुन चीमा, सरबजोत सिंह और शिव नरवाल की तिकड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता. भारत ने मेजबान चीन को केवल एक अंक से पछाड़ दिया. भारत का यह छठा गोल्ड मेडल रहा. रोशिबिना देवी ने महिलाओं की 60 किग्रा वूशु सांडा में रजत पदक जीता है।जजों ने वू को पहले राउंड का विजेता माना और वह 1-0 से आगे हो गई। दूसरे राउंड में भी वू ने जीत हासिल की और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रोशिबिना देवी ने वुशु में महिलाओं के 60 किग्रा में रजत पदक जीता, 2018 में उन्होंने कांस्य पदक हासिल किया था। घुड़सवारी में एक और पदक भारत की झोली में आया है। अनुश ने कांस्य पदक अपने नाम किया है। अनुश और उनका घोड़ा एट्रो व्यक्तिगत ड्रेसेज में तीसरे स्थान पर रहे और 73.030 का स्कोर हासिल कर कांस्य पदक जीता! टीम स्वर्ण के बाद अनुश और एट्रो के लिए यह दूसरा पदक है। इधर टेनिस की मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा में भारत के रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले की जोड़ी ने कजाखस्तान के झिबेक कुलमबयेवा और ग्रीगोरी लोमाकिन की जोड़ी को 7-5, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इन्होंने कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया है। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम पदक पक्का कर लेती है।प्रधानमंत्री ने निशानेबाजी में स्वर्ण पदक जीतने पर 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष टीम को बधाई दी।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई खेलों में निशानेबाजी में स्वर्ण पदक जीतने पर 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष टीम को बधाई दी है। मोदी ने कहा कि निशानेबाज सरबजोत सिंह,अर्जुन सिंह चीमा और शिवा नरवाल ने अपनी सटीकता और कौशल से पूरे देश को गौरवान्वित किया है। मैं उन्हें बधाई देता हूं और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं।



# सीएम से मिले झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। साथ ही झारखंड राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार के अध्यक्ष पीआरके नायडू ने भी शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने भक्ति का अमृत पुस्तक भेंट की। इधर बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा के कुलपति इंद्रनील मन्ना ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने आगामी 01 अक्टूबर 2023 को आयोजित बीआईटी मेसरा के 33वें दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया।

# मणिपुर : डीसी ऑफिस में प्रदर्शनकारियों ने किया तोड़फोड़, गाड़ियां भी फूंकीं



एजेंसी

**इंफाल** : मणिपुर में 2 छात्रों की मौत को लेकर चल रहा हिंसक प्रदर्शन गुरुवार की सुबह भी जारी रहा। अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों की उग्र भीड़ ने इंफाल वेस्ट में एक डिप्टी कमिश्नर कार्यालय में तोड़फोड़ की और 2 गाड़ियों में आग लगा दी। सूबे की राजधानी में छात्रों की अगुवाई में यह हिंसा मंगलवार को तब शुरू हुई जब जुलाई में लापता हुए एक लड़के और लड़की की लाशों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। अधिकारियों ने बताया कि बीती रात उरीपोक, यैसकुल, सगोलबंद और टेरा इलाकों में प्रदर्शनकारियों की सुरक्षाबलों से झड़प हुई। जानकारी के मुताबिक प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए सुरक्षाबलों को आंसू गैस के कई गोले छोड़ने पड़े। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों को रिहायशी इलाकों में घुसने से रोकने के लिए टायर जलाकर सड़कों को जाम कर दिया। उन्होंने बताया कि भीड़ ने डीसी दफ्तर में तोड़फोड़ की और 2 गाड़ियों को फूंक दिया। जवानों ने किसी तरह हालात को काबू में किया। इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट जिलों में सुरक्षाबलों के हिंसक प्रदर्शनों से निपटने के बीच कर्फ्यू फिर से लगा दिया गया है। इन प्रदर्शनों में मंगलवार से लेकर अब तक 65 प्रदर्शनकारी घायल हो गए हैं।अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में मणिपुर के पर्वतीय जिलों में जनजातीय एकजुटता मार्च के बाद 3 मई को जातीय हिंसा भड़क गई थी। हिंसा की घटनाओं में अब तक 180 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। मणिपुर की आबादी में मेइती समुदाय के लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं। वहीं, नगा और कुकी आदिवासियों की आबादी करीब 40 फीसदी है और वे ज्यादातर पर्वतीय जिलों में रहते हैं।

# परिवहन क्षेत्र को कार्बन मुक्त करना प्राथमिकता : गडकरी

एजेंसी

**नई दिल्ली** : केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि 2070 तक देश को कार्बन तटस्थ बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को हासिल करने के लिए निर्माण क्षेत्र में हरित पहल की जाएगी। गडकरी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि परिवहन मंत्रालय सड़क निर्माण में नगर निगम के कचरे का उपयोग करने के लिए नीति को अंतिम रूप दे रहा है। इसके अलावा सरकार जीवाश्म ईंधन का उपयोग नहीं करने के लिए निर्माण उपकरण निर्माताओं को प्रोत्साहन देने पर भी विचार कर रही है। देश को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का उल्लेख करते हुए गडकरी ने कहा कि 13 हजार स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्गों, सड़क किनारे सुविधाओं, ढाबों,टोल प्लाजा पर सफाई अभियान सहित कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है और लगभग 7000 स्थानों पर काम पूरा हो चुका है।उन्होंने कहा कि दैनिक आधार पर उत्पन्न होने वाले ठोस कचरे का निपटना देश भर के शहरी क्षेत्रों में पेश आने वाली प्रमुख पर्यावरणीय चुनौती है। मंत्री ने कहा कि लगभग 10,000 हेक्टेयर भूमि डंप साइटों में बंद है। मंत्रालय राजमार्ग निर्माण में शहरी ठोस कचरे का उपयोग करने के समाधान पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और दूरदर्शी नेतृत्व के माध्यम से कचरे से धन बनाना संभव है। देश में वैकल्पिक जैव ईंधन के बारे में बात करते हुए गडकरी ने कहा कि वह इथेनॉल अर्थव्यवस्था बनाने के प्रबल समर्थक रहे हैं और कृषि विकास को 6 प्रतिशत तक बढ़ावा देने के लिए इथेनॉल के बड़े पैमाने पर उपयोग पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य 2 लाख करोड़ रुपये की इथेनॉल इकोनॉमी बनाना है। दिल्ली में दुनिया के पहले बीएस-6 अनुरूप फ्लेक्स फ्यूल स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वाहन के लॉन्च के साथ फ्लेक्स इंजन 100 प्रतिशत इथेनॉल पर काम करेगा और अर्थव्यवस्था के लिए बचत 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पानीपत में आईओसीएल संयंत्र चावल के भूसे जैसे कृषि अपशिष्ट को इथेनॉल और बायोबिटुमेन में परिवर्तित करता है।गडकरी ने कहा कि उनके मंत्रालय ने परिवहन क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने के लिए कई पहल की हैं और सरकार दिल्ली और जयपुर के बीच इलेक्ट्रिक राजमार्ग विकसित करने पर काम कर रही है।



*** दिल्ली और जयपुर के बीच इलेक्ट्रिक राजमार्ग विकसित करने पर हो रहा है काम**

### मुंबई: तेज रफ्तार ट्रक रिक्शे पर पलटा, 4 की मौत

**मुबंइ (एजेंसी)**: चंद्रपुर जिले में बल्लारपुर बाइपास के पास तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर रिक्शे पर पलटने से 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल चार लोगों को तत्काल जिला सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया।पुलिस के अनुसार बल्लार बाईपास पर अष्टभुजा मंदिर की ओर से तेज रफ्तार ट्रक रेलवे फ्लाईओवर की ओर जा रहा था। अचानक ट्रक चालक का नियंत्रण बिगड़ जाने से ट्रक बगल से गुजर रहे एक रिक्शा पर पलट गया।



# जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में धूमधाम के साथ मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया. प्रखंड क्षेत्र के चेचारिया, नगर ऊंटरी, बरडीहा, कुशदण्ड, नरही, कधवन, कोलझिकी, सोनबरसा, सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस भव्य तरीके से निकला गया. नगर ऊंटरी में रसूलल्लाह का घर गुंबदे खजरा और अल्लाह के घर खाने ए काबा का खूबसूरत नक्शा फूलों से सजाकर जुलूस चेचरिया स्थित कर्बला गोसिया मस्जिद से निकलकर मुख्य बाजार होते हुए भवनाथपुर मोड जंगीपुर तक गाजे बाजे साथ निकला गया। पुनः मुख्य पथ होते हुए लड़की स्कूल के समीप पहुंच कर सलातो सलाम पढ़ने के बाद कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया। इधर बरडीहा जमा



मस्जिद से जुलूस निकलकर बरडीहा बंबा ठरका सहित अन्य गांव में जश्ने ईद मिलादुन नबी का जुलूस निकाला गया. इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सरकार की आमद मरहबा, दिलदार की आमद मरहबा, नारे तकबीर नारे रिसालात सहित नारे लगाये। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में शामिल लोगों ने फूल की वर्षा किया साथ ही इस्लामी झंडे के साथ तिरंगा झंडा लेकर लोग घूमते नजर आये। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि हम सभी लोगों को मोहम्मद साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म त्याग और प्रेम का संगम है। उन्होंने कहा कि पैगंबर साहब ने दुनिया को मोहब्बत, भाईचारा अमन एवं शांति का पैगाम दिया है। अंजुमन कमेटी सदर तौहीद खान सभी लोगों को ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दिया. शोएब आलम उर्फ गुड्डु एवं इमरान आलम उर्फ गुड्डु के द्वारा रसूलल्लाह का घर गुंबदे खजरा और अल्लाह के घर खाने ए काबा का खूबसूरत नक्शा बनवाया गया था जो जुलूस में आकर्षण का केंद्र था। मौके पर झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद खान, सरपरस्त शमीम खान, प्रतिष्ठित व्यवसाय अमीन खान ,युवा समाजसेवी लालबाबू खान, तस्लीम खान सीनियर, शोएब आलम गुड्डु, इमरान आलम उर्फ गुड्डु, पप्पू खान, महमूद आलम सीनियर, मुराद खान, फुलटून खान, अंसार खान, हैदर खान, समसुल सिदिकी, नेपाली खान, शकील अहमद, खुर्सीद खान, मौलाना अब्दुल कादिर, मौलाना पैगाम रजा, मौलाना एजाज अंजुम, मौलाना आबिद हुसैन, सलाहू खान, सद्दाम आलम, तुफैल आलम गब्बर, बाबू खान, दिलनवाज खान, सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्म के लोग शामिल थे. इधर बरडीहा जुलूस में मुश्ताक अहमद शेख, दिलशाद, इंतजार, रासिब, अहमद, समसिर अजीजी, मकसूद रजा, परवेज आलम, अप्पू सुमंत, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## ईद मिलानदुनबी के मौके पर नौड़ीहा बाजार पर गुंजता रहा फूल-फुल् या रसूल या रसूल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के शाहपुर, करकटा, सरईडीह, अमवा, कठौतिया, सलैया और खैरादोहर से आकर सभी जुलुस सर सरईहीह चौक से एक साथ होकर जुलुस पुरा बाजार भ्रमण करते हुए शाहपुर मस्जिद चौक होते हुए मस्जिद के पास तक जुलुस निकला गया और सरईडीह बाजार पर जलसा हुई। इस कार्यक्रम मे सभी शायर सभी मौलाना ने हुजूर के पैदाइस के जीवनी तकरीर किया जामा मस्जिद के एनाम मौलना जुनेद मिस्बाही ने कहा कि जब दुनिया आये है तो रहमत बनकर आये उनके जमाने मे सभी तबके के लोग उनके प्यारे थे और सभी के लिए दुनिया मे रहमत बनकर आये थे। मौके पर जिला परिषद श्री सुदामा प्रसाद ने अमन चैन की दुआ किया।वही पर मौजूद पूर्व जिला परिषद के प्रत्याशी उपकार रवि ने जुलुस मे शिरकत किया। मौके पर थाना प्रभारी अमन कुमार, बसपानेता रामबाबू, समाज सेवी अनुज कुमार ,वीस सूत्रीय सदस्य नितीश कुमार, बेलाल अंसारी, फारूक अंसारी, मुमताज़ आलम, मो मोहम्मद प्रवीण, रामशीष कुमार पूर्व मुखिया प्रत्याशी अंजू देवी मौजूद थे।

## आयुष्मान कार्ड बनवाने का सुनहरा मौका, 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होगा आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा



**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत दिनांक 28 सितंबर को सभी पीडीएस डीलर को संबद्ध किए गए प्रज्ञा केंद्र के साथ अधिकतम आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने का निर्देश प्राप्त है। इसी आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री चंद्र देव प्रसाद द्वारा मुरमा के डीलर फरेश महतो के यहां निरीक्षण किया गया। प्रज्ञा केंद्र संचालक उत्तम कुमार कुशवाहा एवम डीलर फरेश महतो के बेहतर समन्वय के कार्य को सराहना करते हुए बीडीओ ने कहा कि इस अभियान में यह बेहतर कार्य है साथ ही सभी डीलर को प्रज्ञा केंद्र संचालक को भी इस संदर्भ में बेहतर कार्य करना चाहिए यह आम व्यक्ति के स्वास्थ्य के बीमा संबधी सरकार की बेहतरीन पहल है। इस अभियान में जो भी डीलर, प्रज्ञा केंद्र संचालक एवम स्वास्थ्य सहिया अपना उपयुक्त योगदान नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि यह पखवाड़ा दिनांक 17 सितंबर से चालू है जो 2 अक्टूबर तक चलेगा। विगत कुछ दिनों से तकनीकी समस्या के कारण इसके ई-केवाईसी एवम पंजीकरण धीमी गति से हो रही थी परंतु अब संबंधित साइट पर तीव्र गति से काम हो रहा है। इसलिए अभी कार्डधारियों से अपील है कि अपने डीलर को संपर्क करते हुए गोल्डन कार्ड आवश्यक रूप से बनाएं।

# रोटरी स्कूल ने चलाया स्वच्छता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आज दिनांक 28/09/2023 को रोटरी स्कूल चैनपुर के छात्र छात्राओं के द्वारा शहीद ए आजम भगत सिंह के जन्म दिवस पर उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री अश्लेष कुमार पांडेय एवम उप प्राचार्या सुश्री रितुल मुस्कान दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विद्यालय के वरीय शिक्षक गौरी शंकर मिश्र के द्वारा रोटरी परिवार के सदस्यों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। स्वच्छता अभियान के लिए सीबीएसई द्वारा चयनित विद्यालयों में रोटरी स्कूल चैनपुर को भी चयनित कर स्वच्छता के लिए कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश पत्र के माध्यम से दिया गया था।इस मौके पर प्राचार्य श्री अश्लेष कुमार पांडेय ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया। जिसमें




छात्र/छात्राओं की संख्या लगभग 300थीं। सभी बच्चे स्वच्छता से संबंधी तख्ती अपने हाथों मे लिए हुए थे और नारे लगा रहे थे। बीच बीच में स्वच्छता सम्बन्धी उद्घोषणा की जा रही थी। स्वच्छता ही सेवा है का मुख्य उद्देश्य कचरा मुक्त भारत का निर्माण करना है। यह अभियान 15 सितंबर 2023 से 02 अक्टूबर 2023तक चलाया जाना है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देश की सबसे बड़ी सेवा अपने परिवेश को साफ रखना और दूसरों को इसके लिए जागरूक करना है।रैली चैनपुर बाजार होते पुरन चंद चौक पर गई। वहां गांधीवादी विचार के पोषक पुरणचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पुनः रैली मुख्य मार्ग होते हुए विद्यालय वापस आ गई।

# 2 अक्टूबर को रांची में धरना देंगे सहायक अध्यापक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सहायक अध्यापकों की सर्वदलीय बैठक कचहरी परिसर में गुरुवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अर्जुन मेहता तथा संचालन मनोज पटेल ने किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया की 2 अक्टूबर 2023 को रांची के मोराबादी स्थित गांधीजी के प्रतिमा के समक्ष सफेद वस्त्र में मुंह पर पट्टी बांध कर शांति पूर्वक धरना पर बैठना. बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी का अनुकंपा को लेकर जारी पत्र सरासर गलत है इस पत्र से सहायक अध्यापकों में आक्रोश है। इससे यही प्रतीत होता है कि सरकार अध्यापकों को अनुकंपा का लाभ नहीं देना चाहती है। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप पांडे ने कहा की वेतनमान का वादा सरकार ने किया था जिसे सहायक अध्यापकों ने काफी इंतजार किया अब सब्र का बांध टूट रहा है।



श्री पांडे ने यह भी कहा अब सहायक अध्यापक सरकार से आर पार की लड़ाई के मूड में हैं अविलंब वेतनमान दें अन्यथा रघुवर सरकार के कार्यकाल को याद कर सबक ले.मीडि प्रभारी विनीत कुमार दुबे ने कहा है की सर्टिफिकेट जांच के नाम पर वंचित सहायक अध्यापक जो आकलन परीक्षा नहीं दे सके हैं सरकार जल्द ही आकलन परीक्षा आयोजित करे। बैठक में 2020 से मृत और सेवानिवृत सहायक अध्यापक को अविलंब पांच लाख रुपए मिले तथा राज्य से बायोमेट्रिक में आ रही परेशानी के चलते रुके मानदेय का भुगतान हो। छतरपुर नौडीहा बाजार, गिरिडीह के शिक्षकों का अविल्म्ब मानदेय भुगतान हो बैठक में धन्यवाद ज्ञापन सत्येंद्र तिवारी ने किया। बैठक में रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष सूरजमल सिंह, राजेंद्र दीक्षित, अर्जुन मिश्रा, अनुज दुबे, सुदामा, महेंद्र राम, आलोक कुमार पांडे, रामाश्रय प्रसाद, मिकाइल आलम आदि सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा मनाने के लिए नवयुवक संघ का हुआ पुनर्गठन, बुल बाबा बने अध्यक्ष



**छत्तरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छत्तरपुर नगर पंचायत क्षेत्र दुर्गा पूजा धूमधाम से बनाने को लेकर बस स्टैंड ठाकुरबारी, रामगढ़, मसीहानी, बाजार परिसर कमेटी का गठन हुआ। दुर्गा पूजा को भव्य बनाने के लिए पूजा पंडालो को अलग-अलग प्रारूप से बनाए जाएंगे जिसमें बाजार परिसर में राम मंदिर प्रारूप का पंडाल बनाए जाएंगे और बस स्टैंड में पंडाल केदारनाथ मंदिर का प्रारूप बनाए जाएंगे वही कई जगह भिन्न-भिन्न प्रारूप के पंडाल बनाए जा रहे हैं। खाटिन मुहल्ला के देवी मंडप के प्रांगण में बुधवार को जितेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में नवयुवक संघ की बैठक आयोजित की गई जिसका संचालन श्यामनन्द मिश्रा ने किया कमिटी ने हर वर्ष की भांति इस बार भी धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया है पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी के चयन किया गया कमिटी ने मनोज कुमार मिश्रा के निर्देशन में दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया है कमिटी में चंचल ठाकुर, राजेश मिश्रा, जितेंद्र गुप्ता, मनोज पासवान, मुकेश गुप्ता को संरक्षक बनाया गया वहीं चौथी बार अध्यक्ष बने नगर पंचायत के निर्वतमान उपाध्यक्ष सुभाष कुमार मिश्रा उर्फ (बुल बाबा) उपाध्यक्ष बबलू चौरसिया, सचिव अनमोल मिश्रा, उप सचिव सुनील दास, कोषाध्यक्ष श्यामानंद मिश्रा, उपकोषाध्यक्ष पंकज कुमार चौरसिया, महामंत्री हिमांशु चौरसिया, उप महामंत्री अमित ठाकुर, संचालक अनिल कुमार पासवान, उपसंचालक गौतम ठाकुर, पंडाल प्रमुख टिंकू ठाकुर एवं संजय मिश्रा जानकारी मीडिया प्रभारी पहाड़ी बाबा ने दी।

# छापेमारी कर अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** उत्पाद अधीक्षक पलामू के निर्देश पर थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती भांवर तथा मंगरदाहा गांव में पथरा ओपी पुलिस के सहयोग से उत्पाद विभाग ने कार्रवाई कर छह अवैध देशी शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस व उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त गांव में आधा दर्जन से अधिक जगहों पर अवैध देशी शराब भट्ठी चलाई जा रही है। इस संबंध में उत्पाद निरीक्षक संजय कुमार ने बताया की मौके से करीब छह हजार किलोग्राम जावा महुआ और ढाई सौ लीटर तैयार शराब के साथ ही शराब बनाने के कई उपकरण बरामद किए गये हैं। हालांकि छापेमारी टीम को देखने के बाद धंधेबाज भागने में सफल रहे। उन्होंने बताया कि जांच के क्रम में शराब निर्माण एवं विक्री में चार लोगों की संलिप्तता पाई गई है। सभी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के



तहत फरार अभियोग दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अवैध देशी शराब भट्ठी चलाने वाले के विरूद्ध यह अभियान लगातार चलता रहेगा। जो भी दोषी पाये जायेंगे सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## लूट कांड में शामिल तीन अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विगत 22 सितंबर 23 को भवनाथपुर थाना क्षेत्र के छम्हइलवा के पास सिंदुजा माइक्रो क्रेडिट प्रा.लि. कंपनी के एबीएम के साथ मारपीट के साथ लूट कांड का खुलासा भवनाथपुर पुलिस ने कर लिया है। उक्त बातें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि लूट की घटना में शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना 22 सितंबर 23 को रात्रि में लगभग आठ बजे बिहार निवासी वर्तमान में जंगीपुर निवासी सिंदुजा माइक्रो क्रेडिट प्रा.लि. कंपनी के एबीएम दिवाकर कुमार सिंह के साथ मारपीट करते हुए 3500 रुपये भी लूट लिया गया था। दिवाकर सिंह के द्वारा 23 सितंबर को भवनाथपुर थाना में दिए गए आवेदन के आधार पर कांड संख्या 118/23 दर्ज करते हुए कांड उद्भेदन करने के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय के निर्देश पर टीम का गठन कर तत्काल करवाई करते हुए लूट कांड में शामिल अभियुक्तों थाना क्षेत्र के बुका ग्राम के लगड़ी टोला निवासी संजय कुमार राम के 18वर्षीय पुत्र रोहित कुमार भारती, ग्राम मकरी के बसरिवालेवा टोला निवासी सतेंद्र राम का 20 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार रवि तथा छम्हइलवा ग्राम निवासी संजय राम का 21 वर्षीय पुत्र दिलीप कुमार चंद्रवंसी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

## ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस ए मोहम्मदी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेलाबार व नवाडीह गाँव मे गुरुवार को मुस्लिम धर्म के लोगों ने अकीदत व मोहबत के साथ जशने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस से मोहम्मदी मनाया। इस अवसर पर इस्लामिक झंडा, चादर, गाजे बाजे के साथ सरकार की अहमद मरहबा। आका की आमद मरहबा। पती-पती फूल-फूल या रसूल या रसूल का नारा लगाते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस निकाला। उक्त जुलूस की शुरुआत बेलाबार मदरसा से की गई और गांव के सभी मोहल्ला होते हुए मस्जिद के समीप जुलूस की समाप्ति की गई। साथ ही सभी घरों में मदरसा कमेटी के सौजन्य से शिरनी तकसीम की गई एवं सभी घरों में शिरनी बनाकर फातिहा भी पढ़ी गई। इस मौके पर जुलूस में शामिल बेलाबार व नवाडीह अंजुमन सदर शमीम अंसारी, पत्रकार सह सामाजिक कार्यकर्ता इम्तेयाज आलम, मदरसा सदर रेयाज अंसारी, अजीम अंसारी जसीमुद्दीन अंसारी, हमिद अंसारी अनवर अंसारी, मौलाना नसीम अहमद सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## मुआवजे की कम राशि को लेकर ग्रामीणों ने सरकार को दिया आंदोलन की चेतावनी



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल मुख्यालय स्थित एनएच 75 खजूरी से विंढमगंज पथ चौड़ीकरण के संबंध में बभनी पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार को ग्रामीणों आवश्यक बैठक वीरेंद्र प्रताप देव उर्फ बबन देव की अध्यक्षता आयोजित किया गया। बैठक में बभनी, महदेईया, सरहस्ताल, जोरमा, हलीवन्ता खुर्द, हलीवन्ता कला, गंगटी, एवं बिलासपुर लोग बैठक में शामिल होकर अपना अपना विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने एक सुर में कहा कि जब तक हमलोग उचित मुवावजा नही मिलेगा तब तक हमलोग अपना जमीन पर निर्माण कार्य नही होने देंगे।मौके पर उपस्थित ग्रामीण महेंद्र सिंह ने मुआवजा को लेकर सरकार की नीतिओ को कोसते हुए कहा कि मुआवजा को लेकर काफी दिनों से ग्रामीण संघर्ष कर रहे है। हमे लगता है कि ग्रामीणों के मुआवजा को लेकर सरकार गंभीर नही है। हमारे सीमा से सटे ग्राम नारखोरिया में कृषि योग्य भूमि का 2,76,080 रुपये के हिसाब से भुगतान किया गया है।जब कि आरबीकेशन में एसी महोदय के द्वारा दिए गए आदेश में अंकित किया गया है कि बभनी से वेलासपुर तक का जमीन व्यवसायिक जमीन है। यहां छोटे -बड़े व्यवसायी व्यवसाय करके अपनी जीविका चलाते है। जिसमे आठ ग्राम शामिल है के जमीनों का निम्न स्तर का मुआवजा सरकार द्वारा लगाया गया है।हम सभी ग्रामीण तब तक निर्माण कार्य यहां नही होने देंगे जब तक सरकार हमारे जमीन का मुआवजा 4 लाख के हिसाब से भुगतान नही करती।हम ग्रामीण उसके लिए आंदोलन भी करने को तैयार है। ग्रामीण राजेश जैसवाल ने कहा कि सरकार द्वारा हमारी जमीनों का जो मुआवजा लगाया गया है उससे हम सभी ग्रामीण काफी आहत है।

# सड़क पर बह रहा नाली का पानी शहरवासी गंदगी से परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** शहरी क्षेत्र के अररूआ खुर्द मुहल्ला स्थित गुरुकृपा पब्लिक स्कूल से शिवमंदिर तथा एनएच 98 मोड़ की ओर जानेवाली सड़क व मुहल्ले की बजबजाती नालियों से दुर्गंध उठने लगी है। नालियों के गंदे पानी सड़कों पैर फैला हुआ है तथा पानी घरों में घुस रहा है। जगह-जगह पर नालियों की गंदगी सड़क पर फैल रही है। इससे आसपास के लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। नाली जाम होने से कचरे से बदबू निकलने लगा है तथा जलजमाव से लोगों के बीच रोगों का खतरा भी मंडरा रहा है। इसे लेकर मुहल्ले के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। समस्या को लेकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने कहा कि मुहल्ले के लोग समस्या के निदान के लिए नगर पंचायत को कई बार लिखित आवेदन भी दे



चुके हैं। बावजूद अबतक कोई समाधान नहीं हुआ। जबकि इसी रास्ते में शिव मंदिर, जामा मस्जिद स्थित है। मुहल्ले के लोगों ने समस्या को दूर करने की मांग पलामू उपायुक्त से की है। वहीं समाजसेवी राजीव रंजन ने कहा की समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो एनएच 98 को जाम किया जाएगा। सफाई की मांग करने वालों में लक्ष्मी विश्वकर्मा, संदीप साव, कृष्ण मुरारी प्रसाद, अशोक चौधरी, शिव दास, शिक्षक बसंत प्रसाद, सिद्धेश्वर प्रसाद, विजय सिंह, अनिल जायसवाल, जयपाल चौधरी, संजीव कुमार, मिंटू आलम, अनिल साव, टंटू मिश्रा, विनोद पासवान, दिनेश, बबलू सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

# ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकला जुलूस ए मोहम्मदी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगम्बर हजरत मोहम्मद सलोउल्लाहु अलैहे व सल्लम के जन्मदिवस ईद मिलादुन्नबी हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। मौके पर जामा मस्जिद से जुलुस ए मोहम्मदी निकाला गया। इसमें बाजा गाजा झंडा पताका के साथ बंजारी, महाराजगंज, सतगावां, अररुआखुर्द, छकनबाग, मंसारा, बेलौदर, कटैया, कोसडीहरा, संडा सांड़ी, नवाबगंज, सियरभूंका आदि गांव के सैंकड़ों मुस्लिम धर्मावलंबी नारे लगाते हुए शामिल हुए। जुलुस मेनरोड से होते हुए संडा, सतगांवा होते हुए बंजारी मजारशरीफ पर फतेहाख्वानी के बाद समाप्त हुआ। जुलूस में शामिल लोग एक दूसरे



को मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर मुबारकबाद दी। वहीं इलाके में अमन चैन की दुआ मांगी। इस दौरान शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के नेतृत्व में पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार, एसआई निर्भय कुमार, जयप्रकाश गुप्ता, एएसआई संजय सिंह सहित पुलिस बल सक्रिय दिखे। जुलूस में अतहर हुसैन, माहताब शाहिल, इरफ़ान शाहिद, सरोज कुशवाहा, मो0 असलम, मो0 जमील, आबिद हुसैन उर्फ मुन्ना, रोज मोहम्मद, मुमताज अहमद, मो0डायमण्ड, शमशाद अंसारी, बाबू भाई, आलमगीर आलम, मो जमील, मो0 एहतेशाम, गोल्डेन अंसारी, मो0 शहिद, मो0 यूनुस सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## हाइवा के टक्कर से टेंपो चालक की मौत

**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को एक तेज रफ्तार हाइवा ने ऑटो में पीछे से टक्कर मार दिया। जिस कारण ऑटो से गिरकर चालक की मौत हो गई। वहीं ऑटो में सवार यात्री बाल- बाल बच गये। घटना झारखंड -बिहार बॉर्डर औरंगाबाद जिले के अंबा थाना क्षेत्र के संडा बाजार के समीप की है। मृतक की पहचान मेदिनीनगर के सुदना निवासी 55 वर्षीय बुधन बैठा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ऑटो चालक मदनपुर से सवारियों को बैठाकर सुदना के लिए निकला था।जैसे ही संडा बाजार पहुंचा तभी मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य मार्ग पर पीछे से आ रही हाइवा ने ऑटो में टक्कर मार दिया। जिसके कारण ऑटो सड़क पर असंतुलित हो गई तथा चालक की गिरकर मौत हो गई।जबकि ऑटो में सवार अन्य लोगों को खरोंच तक नहीं आई। घटना के बाद हाइवा का चालक हाइवा लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया। घटना के बाद स्वजनों का रोरोकर बुरा हाल है।

## विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान भवः स्वास्थ्य मेला आज

**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संबदाता):** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 29 सितंबर दिन शुक्रवार को आयुष्मान भवः स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने अपने कार्यालय से आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया की शुक्रवार को स्वास्थ्य मेला में जिले से आए जेनरल फिजिसियन,सर्जन,स्त्री रोग विशेषज्ञ,शिशु रोग विशेषज्ञ,हड्डी व नस रोग विशेषज्ञ सहित आंख,नाक,कान व गला के अनुभवी चिकित्सको की टीम की मरीजों का जांचोपरांत उपचार करेगी। मरीजों को मुफ्त दवा भी दी जाएगी।

## विधि विधान से किया गया अनंत चतुर्दशी पूजा



**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय व आस-पास के क्षेत्रों में गुरुवार को अनंत चतुर्दशी का व्रत धूम धाम से मनाया गया. महादानी मंदिर प्रांगण में अशोक पंडा ने विधिवत सामुहिक पूजा अर्चना कराई। इस दौरान महिलाओं व बुजुर्गों संग बच्चों ने भी व्रत रखा तथा भगवान अनंत की कथा सुनी। वही अनंत भगवान को दूध,दही, मधु, पुआ, पूड़ी, केला, सेव, खीरा आदि का भोग कराया। साथ ही अनंत भगवान की कथा का श्रवण कर परिवार की खुशहाली की कामना की गई। कच्चे सूत से बने 14 गांठ वाले अनंत की पूजा कर लोगों ने अपनी आस्था जताई। कथा श्रवण कर घर में सुख, शांति, वैभव और यश की कामना की। कथा के बाद पुरुषों ने दाहिने व महिलाओं ने बायीं भुजा पर पीले रंग के अनंत का धागा बांध मिष्ठान व पकवान खाए।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल की छात्रा का विश्व पर्यटन दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची की छात्रा कक्षा-9 की खुशी कुमारी ने 27 सितंबर, 2023 को ऑड्रे हाउस में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन निदेशालय, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रा को उसकी सफलता पर बधाई दी।प्राचार्या परमजीत कौर ने इस शानदार उपलब्धि की सराहना की और दूसरे बच्चों को भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।सीसीएल द्वारा मनाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा है और कचरा मुक्त भारत अभियान के विषय पर आयोजित नुक्कड़ नाटक में स्कूल के कई बच्चे शामिल हुए।इस कार्यक्रम मे शामिल बच्चो ने कोयलांचल क्षेत्र के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने को लेकर जानकारी दी।इस संबंध में स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि समय-समय पर इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन होने से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और बच्चे इस तरह के प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लेते हैं।उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को बधाई देते हुए आगे भी स्कूल मे आयोजित होने वाले इस तरह के प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लेने और बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## प्रदेश महामंत्री ने किया खलारी भाजपा पदाधिकारियों का सत्यापन

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा खलारी मंडल के पदाधिकारियों, शक्तिकेंद्र प्रभारियों व बूथ अध्यक्षों की एक बैठक सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के सभागार कक्ष में हुई. अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष दिनेशप्रसाद गुप्ता ने की. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश महामंत्री डा. प्रदीप वर्मा उपस्थित थे. बैठक में मंडल, शक्तिकेंद्र पदाधिकारियों तथा बूथ अध्यक्षों का सत्यापन किया गया. मंडल में एक नए मंत्री पद का सृजन करते हुए सर्वसम्मति से कमलेश तुरी को दायित्व दिया गया. संचालन मंडल महामंत्री अनिल गंझू व धन्यवाद ज्ञापन मंडल संयोजक रामसूरत यादव ने दिया. बैठक में ग्रामीण जिला महामंत्री प्रीतमकुमार साहू, स्थाई मंडल प्रभारी सतीशकुमार शाह, विधायक प्रतिनिधि श्यामसुंदर सिंह, आनंद सिंह, प्रदीप सिंह, भोलानाथ चौहान, प्रदीप ठाकुर, राजू गुप्ता, रितेश केशरी, दिनेश्वर केशरी, कामेश्वर महतो, चतुर्गुण भुइयां, नागेश्वर सिंह, संजीत तुरी, कृष्णा चौहान, शशि साहू, रामधारी गंझू, मिथिलेश प्रजापति आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धूमधाम से निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी





**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्म दिवस प्रखंड के विभिन्न स्थानों में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नरकोपी, बिल्टी, मसियातु, चपाडीह, डोरंडा पिपरटोली, कमल टोली, करगे, कादोजोरा, हांठू व घाघरा सहित कई गांवों से जुलूस निकाला गया। मुस्लिम समाज के लोग पैगंबर हजरत मोहम्मद के आमद पर खुशी का इजहार करते नजर आए और ईद मिलादुन्नबी मनाया। इस दौरान हुजूर की आमद मरहबा आका की आमद मरहबा की आवाज फिजा में गूंजती रही। कदम कदम पर या रसूल अल्लाह के नारे लगाए जा रहे थे। बच्चे, बूढ़े, जवान सभी के चेहरे पर खुशी दिख रही थी। जुलूस में नौजवानों ने हाथों में झंडा थामे हुए हुजूर की आमद में जश्न मनाया। झंडा लहराते हुए गांव भ्रमण किया गया। लोग एक दुसरे को हजरत पैगंबर मोहम्मद के जन्म दिवस पर सभी को मुबारकबाद देते नजर आये। बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाये, चारों ओर खुशी का माहौल था। वहीं शाम में इबाबत व मिलाद कार्यक्रम किया गया।

## वज्रपात से एक बछिया की हुई मौत



**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के बोदा गांव में गुरुवार को करीब पौने तीन बजे अपराह्न हुई बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने पर बिहा अंबा टांड़ में चरने किए बंधी बोदा निवासी कयूम खान की बछिया की मौत हो गई। उस वक्त और भी मवेशी चरने के लिए वहां पर बंधे हुए थे। इधर घटना की जानकारी मिलने पर पंचायत के मुखिया लक्ष्मी कोया, पुर्व मुखिया सुनिल कच्छप व सुनिल ओहद्वार घटनास्थल गए। वहीं उन्होंने प्रशासन से उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## आजसू ओरमांझी प्रखंड कमेटी की बैठक



**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी का ओरमांझी प्रखंड कमेटी का बैठक प्रखंड मुंडा टोली में केंद्रीय महाधिवेशन की तैयारी को लेकर बैठक किया गया साथ मे संगठन विस्तार भी किया गया जिसमें आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा आजसू पार्टी का इस बार का महाधिवेशन ऐतिहासिक होगा जिसमें पूरे झारखंड से लाखों लोगों की मोराबादी मैदान में जुटान होगा इसको लेकर गांव गांव जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है आजसू पार्टी की नीति और सिद्धान्तों को बताते हुवे लोगों को मोरबादी मैदान में 1 अक्टूबर को जाने का आह्वान किया जा रहा है ताकि 2024 में एक राजनीतिक बदलाव आजसू पार्टी के द्वारा हो.मौके पर झारखंड आन्दोलनकरी आजसू पार्टी जिला वरीय उपाध्यक्ष जलनाथ चौधरी,पंचायत अध्यक्ष अनिल मुंडा,महिला पंचायत अध्यक्ष सोनी देवी,महिला सचिव आरती देवी,कोषाध्यक्ष रीमा देवी,बाबूलाल महतो,वासुदेव गोस्वामी, रामचन्द्र मुंडा,मुकेश करमाली,दिलीप मुंडा,दीपक मुंडा,संदीप लोहरा,बजरंग लोहरा,गोपाल महतो,बिटू लोहरा,देवी,अगमलाल मुंडा, सीमा देवी,आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

# पिपरवार में सादगी के साथ मनायी गई जश्न-ऐ-ईद मिलाद उन नबी

### कई जगहो पर तिरंगा के साथ निकाला गया जुलूस-ऐ-मोहम्मदी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे जश्न-ऐ-ईद मिलाद उन नबी (बारह रबि उल अव्वल) का त्योहार हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया।इस मौके पर बचरा सहित कई ग्रामीण इलाको मे जुलुश ऐ मोहम्मदी निकाला गया।बचरा जामा मस्जिद से सुबह 8 बजे तिरंगा झंडा के साथ जुलुश निकाला गया,यह जुलुश बचरा कब्रिस्तान पहुंचा जहां फातेहा के बाद जुलुश आगे के लिए रवाना हुआ।यह जुलुश बचरा एलो कालोनी, माईन्र्स कालोनी,64 कालोनी,काली मन्दिर रोड, मस्जिद कालोनी,172 कालोनी, अशोक विहार, बंसत विहार, टीएच कालोनी, बिशुझापा, बाजारटांड़ सहित अन्य जगहो का भ्रमण किया।जुलुश मे बड़ों के अलावा काफी संख्या में छोटे-छोटे बच्चे शामिल हुए, सभी के हाथों में झंडा था और जुलूस में शामिल सभी लोग नारे लगा रहे थे।इस संबंध मे बचरा जामा मस्जिद के इमाम हाफिज मुमताज आलम ने बताया कि पुरे देश मे लोग ईद मिलाद उन नबी को पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन के तौर पर मनाते हैं और इस दिन उनकी याद में जुलूस निकालते हैं।रात में अल्लाह की इबादत की जाती है और घर व मस्जिदों में पवित्र कुरान पढ़ी जाती है एवं फातेहा कराया जाता है। उन्होंने कहा कि हजरत पैगंबर मोहम्मद सा ने देश में इंसानियत और आपसी भाईचारे का संदेश दिया है।वर्तमान मे उनके दिखाये मार्ग पर चलने और उनके अधुरे सपनो को साकार करने की जरूरत है।

## सरायकेला विधानसभा कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त हुए राजनसिंह राजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महत्वाकांक्षी योजना लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के लिए प्रदेश कमेटी ने खलारी के राजनसिंह राजा को सरायकेला विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है. उनकी नियुक्ति पर खलारी पिपरवार कांग्रेस परिवार सहित जिला के तमाम नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया है. कहा कि राजनसिंह राजा को अभी तक जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है उसपर वे हमेशा खरे उतरे हैं. उम्मीद जताया कि राजन सिंह के कुशल नेतृत्व में सरायकेला विधानसभा क्षेत्र में भी संगठन में नए लोग जुड़ेंगे और संगठन सशक्त बनेगा. राजनसिंह राजा को यह दायित्व देने के लिए खलारी कांग्रेस परिवार ने प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सीएलपी लीडर आलमगीर आलम, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को धन्यवाद दिया है.राजा को बधाई देनेवाले खलारी के कार्यकर्ताओं में राजेशसिंह मिंटू, तनवीर अलाम, जालिम सिंह, साबिर अंसारी, गोपाल सिंह, रंजनसिंह बिट्टू, बीरेंद्र यादव, मो बशीर, मो अब्दाल, विकेशसिंह विक्की, बाबू खान, मोनू रजक, सत्येंद्र खरवार, बंटी सिंह, बबलू सिंह, फिरोज आलम, राजेश गंझू अरविंद सिंह, मजीद आलम, रमेश चौहान, प्रकाश कुजूर, मोनू सिंह, अभिषेक भारती, सलामत अंसारी, संजय राम, विनय राम, जहीर अंसारी, संजय यादव, मनोजअभिषेक भारती, सफीक अंसारी, सुरेंद्र चौहान, शंकर सिंह, मनोज यादव, राजा केसरी, अजय गुप्ता, रवि उरांव राम, शेरा चौहान, किशन लोहार, आदि थे ।

## ईद जतरा आदिवासियों का सामाजिक धरोहर व सांस्कृति विरासत है : सन्नी टोप्पो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**इटकी :** इंद जतरा हम आदिवासियों की सामाजिक धरोहर व संस्कृति विरासत है. इसे अक्षुण्ण बनाये रखने की जरूरत है । उक्त बातें भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने इटकी प्रखंड के सरना आदिवासी क्लब सौका गांव के तत्वाधान में करमा के मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कहा उन्होंने आगे कहा आदिवासियों का सामाजिक पड़हा व्यवस्था , सभ्यता, संस्कृति को एक षड्यंत्र के तहत विलुप्त करने का प्रयास किया रहा है । उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा तथाकथित जनप्रतिनिधियों द्वारा आदिवासी समाज का चोला पहनकर घुसपैठ कर रहे हैं एव समाज को खंडित करने, ठगने का काम किया जा रहा है। युवाओं को संगठित होकर वैसे जन प्रतिनिधि को सबक सिखाने की बातें कही। समारोह से पूर्व दर्जनों गांव के नृत्य मंडलियां पारम्परिक परिधान में सुसज्जित ढोल, नगाड़ा ,ढांक, मांदर, की थाप पर देर रात नृत्य गान कर छटा विखेरते रहे। परंपरागत वेश भूषा, नृत्य गान का बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी खोड़हा को मुख्य अतिथि सन्नी टोप्पो के हाथों पुरस्कृत किये गए। बेहतर प्रदर्शन करने वाले कुंबाटोली गांव के खोड़हा को प्रथम, कूर्गी को द्वितीय, और कुल्ली को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा सरसा देवगांव लापुंग सहित अन्य प्रतिभागी खोड़हा को भी पुरस्कृत किये गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष बिरसा पहान, पारस उरांव, सचिव संजय लकड़ा, सुका उरांव सुंदर दास, सुकरा उरांव, सुबोद्ध उरांव, मंगरा उरांव सुशील उरांव, संदीप, विकास जयदीप,फागु शनि उरांव, आकाश उरांव सहित ग्रामीणों की सराहनीय भूमिका रही। उक्त बातें भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने इटकी प्रखंड के सरना आदिवासी क्लब सौका गांव के तत्वाधान में करमा के मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते बतौर मुख्य अतिथि कही।

## बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा का एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न, जैलेन्द्र कुमार ने बूथ जीतो, चुनाव जीतो का दिया मंत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी पतराहातू मंडल स्तरीय बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर बैठक गुरुवार को बंता पंचायत भवन में संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सृष्टिधर प्रजापति ने की।बैठक में मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक ने भाग लिया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं प्रदेश द्वारा नियुक्त प्रवासी प्रभारी जैलेन्द्र कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज शामिल हुए।बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि प्रदेश के निर्देश पर मंडल पदाधिकारी एवं शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों का सत्यापन कार्य चल रहा है।आज इसी के निमित्त मंडल पदाधिकारी एवं शक्ति केंद्र संयोजक का सत्यापन किया गया। पुनः 30 सितंबर को बूथ सशक्तिकरण का को लेकर बैठक किया जाएगा।पूरे प्रदेश में बूथ विजय अभियान का कार्य चल रहा है।जिसको 30 सितंबर तक को पूर्ण करना है।पार्टी को मजबूत बनाने के लिए युवा और महिला लोगों को बूथ कमेटी में जोड़ें।चुनाव में बूथ जीता मतलब चुनाव जीता। वहीं विनय महतो धीरज ने कहा कि हमारा लक्ष्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक अवगत कराना है ताकि आगामी चुनाव में अधिक से अधिक भाजपा के पक्ष में मतदान करें।यह तभी संभव होगा जब हमारा बूथ मजबूत होगा।मौके पर महामंत्री भगीरथ महतो, राधानाथ महतो, वीणा देवी, गुलाब महतो, रंजीत महतो, पंकज कुमार,बालेश्वर महतो,सजल सोनी, केदार हाजरा, कैलाश महतो, कृष्ण किशोर मुंडा,समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नबी की आमद मरहबा के नारों से गूंजा मांडर क्षेत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर :** मांडर प्रखंड क्षेत्र के गोरे गांव से गुरुवार को काफी धूमधाम के साथ मोहम्मदी जुलूस निकाला गया। इस्लाम धर्म के संस्थापक व आखरी पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब के यौम-ए-पैदाइश की जन्मदिन की खुशी में निकाले गए जुलूस में गांव-मोहल्ले के भारी संख्या में युवा, बच्चे व बुजुर्ग शामिल हुये। अकीदतमंद रसूल की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा, रसूल ए खुदा की शान अल्लाह-अल्लाह आदि नारे बुलंदी से लगाते रहे। इस बीच जुलूस में शामिल हुई मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की। जुलूस का नेतृत्व कर रहे पूर्व मुखिया हाजी अयूब खान ने बताया कि जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए सुबह 11 बजे गोरे गांव से कनभिठा गांव के चौक पहुंचें गए। वहां से मुडमा रोड होते हुए कंदरी चौक, मांडर बाजार टांड़, कंजिया, बुढाखुखरा होते हुए 2 बजे तक गोरे गांव के मस्जिद पहुंच गया। जहां उपस्थित मोहम्मदीयों ने मोहम्मद साहब के बताये सच्चे मार्ग पर चलने का प्रण लिया। सुरक्षा को लेकर मांडर पुलिस जगह जगह पर मुस्तैद दिखे। इस मौके पर पूर्व मुखिया हाजी अयूब खान, जहीर खान, समद खान, तबरक खान, माशूक अली, शमीम अख्तर, आबिद अंसारी, रशीद खान सहित सैकड़ों लोग मौजद थे।

## ईद मिलादुन्नबी पर सिल्ली मुरी में निकला भव्य जुलूस, युवाओं और बच्चो में दिखा खासा उत्साह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली मुरी क्षेत्र मे मुस्लिम समुदाय के द्वारा गुरुवार को मिलादुन्नबी को लेकर क्षेत्र में भव्य जुलूस निकला गया।जुलूस में बूढ़े बच्चे युवा सभी उत्साह और उमंग के साथ शामिल हुए। सिल्ली मुरी एवं आस पास के विभिन्न मुस्लिम बहुल क्षेत्र मे पैगंबर ए इस्लाम मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर मंगलवार की सुबह छोटा मुरी पहाड़ी मुहल्ला एवं कलवाडीह गांव से जुलूस ए मोहम्मदी निकला गया। लोग नात- ए-पाक सुनते हुए रसूल-ए-पाक की शान में कलाम पेश करते चल रहे थे। जुलूस सिंगपुर चौक, शेख भिखारी चौक, बड़ा मुरी होकर गुजरा।उधर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जुलूस में ओपी पुलिस प्रशासन तैनात रही।इस दौरान युवाओ और बच्चो मे खासा उत्साह देखी गई साथ ही छोटे बच्चों के हाथ में धार्मिक झंडा देखा गया।इधर सैकड़ो की संख्या में युवा व बच्चों ने नए पोशाक पहन कर जुलूस में शामिल रहे।जुलूस में तरह-तरह के सजावट कर एक भव्य जुलूस का रूप दिया गया जिसकी रौनक देखते ही बन रही थी।इधर मुस्लिम समुदाय द्वारा फातिहा के बाद तबर्रुख बांटा गया।

## खलारी में निकला ईद मिलादुन्नबी का भव्य जुलूस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर हज़रत मोहम्मद के जन्मदिवस पर गुरूवार को ईद मिलादुन्नबी का जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया.जुलूस से पूर्व मुस्लिम समुदाय के बच्चे, युवा, बुजुर्ग बैंक चौक खलारी में एकत्रित हुए. इसके बाद इस्लामी झंडा, बैनर के साथ नारा लगाते हुए जुलूस की शक्ल में जेहलीटांड़, केडी नेहरू स्टेडियम, केडी मुख्य मार्ग होते हुए टीटू टाइप पहुंचे. यहां जुलूस एक सभा में बदल गया. जामा मस्जिद के इमाम नेहाल अहमद ने कहा कि आज के दिन पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था. जिन्होंने सच्चाई ईमानदारी की साथ जिंदगी बसर करने, नेक काम और नेक लोगों के साथ रहने, गरीबों की मदद करने का संदेश दिया. अन्य इमामों ने भी अपना वक्तव्य रखा. कहा कि अल्लाह को राजी करने के लिए हमें अल्लाह और उनके प्यारे रसूल के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है. बच्चों द्वारा नातिया कलाम पढ़ा गया. फातिहा ख्वानी के बाद दुनिया में अमन चैन की दुआ की गई. कमेटी द्वारा लंगर का आयोजन किया गया था. कार्यक्रम में जामा मस्जिद खलारी के सेक्रेटरी मो. फैयाजुद्दीन सिद्दीकी, अब्दुल बुखारी, कलीम रिजवी, शमीम अंसारी,आदि थे।

## मोहम्मद साहब के जन्मोत्सव पर खूंटी में निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** इस्लाम धर्म के प्रथम व आखिरी नबी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को खूंटी में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। जन्नतनगर स्थित मदीना मस्जिद के समीप से निकाले गए जुलूस ए मोहम्मदी का नेतृत्व जन्नतनगर के इमाम मौलाना मुफ्ती अयाज अहमद माजरी और जन्नत नगर पंचायत के सदर अबु जफर (मुन्ना) कर रहे थे। जन्नत नगर से शुरू हुआ जुलूस ए मोहम्मदी लियाकत अली लेन, शिवाजी चौक, आजाद रोड, भगत सिंह चौक, मेन रोड होता हुआ नेताजी चौक पहुंचा, फिर वहां से कर्रा रोड, लियाकत अली लेन होता हुआ वापस जन्नतनगर पहुंचा, जहां दुआ मांगने के बाद जुलूस ए मोहम्मदी का विधिवत समापन हुआ। जुलूस में छोटे-छोटे बच्चे बच्चियों के साथ ही बड़ी संख्या में युवा वर्ग के लोग शामिल थे। जुलूस में शामिल लोग अपने अपने हाथों में धार्मिक ध्वज व अन्य निशान पकड़कर नबी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के समर्थन में नारेबाजी करते चल रहे थे।

## मै वीर कुंवर सिंह डकरा पहुंचकर घुटन महसूस कर रहा हूं...



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** मैं वीर कुंवर सिंह डकरा पहुंचकर बहुत घुटन महसूस कर रहा हूं.14 अगस्त 1858 को जब जगदीशपुर हांथ से निकल जाने की जानकारी मिली तब मैं अपने 1200 सहयोगियों के साथ स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़ा था.1200 की संख्या बढ़ते-बढ़ते 2500 तक पहुंच गई और उसमें कौन किस जाति-समाज के थे यह कभी मैं जानने का भी प्रयास नहीं किया था.सबके साथ मिलकर अंग्रेजों से जो लड़ाई लड़े वह इतिहास में दर्ज है.एक सोंच, एक लक्ष्य का ही असर था कि रोहतास से शुरू हुआ विजयी अभियान रीवां, बांदा, ग्वालियर, कानपुर, लखनऊ, अयोध्या होते हुए आजमगढ़ पहुंचा ताकि प्रयागराज,बनारस पर आक्रमण कर जगदीशपुर को पुनःहासिल कर सकें.इस लड़ाई में जब दाहिने हाथ में अंग्रेजों की बंदूक से निकली गोली लग गई तब अपने ही तलवार से उस हांथ को काटते हुए भी इतना दर्द नहीं हुआ था जितना डकरा पहुंचने के बाद पिछले चार-पांच महीने से चेहरा बांधकर रहते हुए हो रहा है.जिस उम्र में मैं लड़ाई लड़ा उसके आधे उम्र के लोग मिलकर जिस तरह का व्यवहार डकरा में मेरे साथ कर रहे हैं उससे मैं व्यथित हूं.लगा था कि यहां रहकर कोयलांचल के युवाओं में भी वीरता का जोश भरुंगा लेकिन पांच महीने से मेरे चेहरे पर बंधे कपड़े से एसा महसूस कर रहा हूं जैसे मैं कोई अपराध कर दिया।

## डहरे करम में जुटी बच्चियां एवं महिलाओं की भीड़



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड संस्कृति संरक्षण समिति द्वारा बुटी मोड़ में आयोजित डहरे करम में बुटी, टंगराटोली, खिजुरटोला, महुरमटोली के हजारों बच्चियां एवं महिलाएं नाचते गाते बुटी मोड़ पहुंचे एवं अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को करम परब की शुभकामनाएं दी खुशी मनाई। मौके पर अध्यक्ष संजय महतो ने कहा कि झारखंड की पहचान झारखंड की भाषा एवं संस्कृति से है, इसे संजोकर रखिए। डहरे करम में आने वाले बच्चियों एवं महिलाओं का स्वागत संरक्षक रामेश्वर प्रसाद, महासचिव जितेंद्र महतो, मोहनलाल महतो, महावीर मुंडा, राम ओहदार, आनंद गोप, सरिता देवी, रतनी देवी, आदि ने किया।जिन बच्चियों ने अपने भाई के दीर्घायु के लिए करम पूजा की उनमें सोनाली कुमारी, स्वाति कुमारी, मनीषा कुमारी, पूजा कुमारी, किरण कुमारी, गोल्डी कुमारी, कनक नायक, सलोनी कुमारी, भारती कुमारी, मिताली कुमारी, रिंकी कुमारी आदि मौजूद थे।

## दो अक्तूबर को प्रखंड स्तरीय करम मिलन समारोह का आयोजन

**अड़की(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की में झारखंड मुंडा समाज के तत्वावधान में आगामी 2 अक्टूबर को आयोजित करम मिलन समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गुरुवार को अड़की प्रखंड मुंडा समाज के द्वारा बांदु , सिरकाडीह, सोसोहातु, डूंडी खेसारीबेड़ा,जोरको, अड़की, गम्हरिया ,धोबा, लुपुंगहातु, हुडुवा ,सारमाली, बारुबेड़ा ,जोजोडीह, डोरेया, सोनपुर और बेडपाड़ा आदि गांवों के लोगों के बीच जाकर अड़की मुंडा समाज के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप शिक्षाविद प्रोफेसर लखींद्र मुंडा, प्रोफेसर देवानंद मुंडा ,झारखंड मुंडा समाज के संरक्षक सहदेव मुंडा ,वरिष्ठ समाजसेवी सिदाम मुंडा ,पुर्व सैनिक पुर्ण चंद्र मुंडा, उदारकांत मुंडा,रामा मुंडा, आदि थे ।

# सरकार की आमद मरहबा के बुलंद नारों के साथ जुलूस ए मोहम्मदी शांतिपूर्ण संपन्न





जुलूस में शामिल हो मंत्री बन्ना ने लोगों को दी मुबारकबाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरुवार को मानगो के गांधी मैदान से गुरुवार को ईद मिलादुन्नबी का जुलूस ए मोहम्मदी पूरी शान ए शौकत के साथ निकाला। जुलूस में तंजीम अहले सुन्नत के महासचिव मुफ्ती जिया उल मुस्तफा के साथ कई उलेमा आगे आगे चल रहे थे। पीछे दो पहिया वाहन पर सवार लोग थे। इसके पीछे अकीदतमंद पैदल चल रहे थे। इसके पीछे दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहन थे। सबसे पीछे मिनी ट्रक पर सवार लोग रसूल की आमद मरहबा और सरकार की आमद मरहबा के नारे बुलंद कर रहे थे। पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो व आलेही व सल्लम की आमद के नारों से माहौल गूंज रहा था। जिधर से जुलूस गुजरा वहां की रौनक बढ़ गई। आम बागान में उलमा की तकरीर हुई। गोलमुरी, टेल्को और भालूबासा का जुलूस पहुंचा। फिर सारा धतकीडीह पहुंचा, जहां जुलूस का समापन हुआ। जुगसलाई, कीताडीह और मखदुमपुर से भी जुलूस निकालकर लोग धतकीडीह पहुंचे थे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद थी। मानगो के दाईगुट्टू हनुमान मंदिर के पास बड़ी संख्या में फोर्स लगाई गई थी। जिला प्रशासन ने मानगो चौक, बस स्टैंड गोल चक्कर, आमबागान, कीताडीह, जुगसलाई, परसुडीह, मानगो गांधी मैदान आदि इलाके में मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे और बड़ी संख्या में फोर्स तैनात की गई थी।

वही इस मौके पर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी धातकीडीह पहुंचकर जुलूस में शामिल हुए। मंत्री बन्ना ने ईद मिलाद उन नबी के मौके पर सभी को मुबारकबाद दी। कहा, कि हम हिंदुस्तान में रहते हैं जहां सभी धर्म के लोग आपस में भाई-भाई हैं हमें चाहे वह पैगंबर साहब हो, भगवान राम हो या कृष्ण भगवान हो, सभी एक ही संदेश देते हैं आपस में प्रेम करो इसी संदेश को हमें मानना चाहिए।

## झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने पोटका में श्राद्धकर्म में की मदद



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटका प्रखंड के कोवाली पंचायत अंतर्गत पहाड़ी के तलहट्टी में बसा सुदूर ग्राम तेलेनकोचा ग्राम निवासी कविराज शांति महतो एवं बासो टुडू का विगत दिनों निधन हो गया था। साथ ही हरिणा पंचायत के हरिणा ग्राम निवासी काली कालिंदी का देहांत हो गया था, जिसका श्राद्धकर्म के लिए झामुमो नेता महावीर मुर्मू ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पोटका विधानसभा के प्रसिद्ध मुक्तेश्वर मंदिर हरिणा के प्रांगण में शोकाकुल परिवार से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किया एवं शोकाकुल परिवार के सदस्य को सूखा राशन देकर सहयोग किया। मौके पर झामुमो पोटका प्रखंड पूर्व सचिव अवित्र सरदार, झारखंड आंदोलनकारी कमल लोचन महतो, माटकू पंचायत के पूर्व मुखिया बिल्टू हांसदा, पंचायत समिति सदस्य जालिम मार्डी, सूरज गौड़, प्रतीक दिनकर, मनोज तांती, करण वीर कालिंदी, कोवली पंचायत के झामुमो उपाध्यक्ष कासु मुर्मू, शंकर कालिंदी, सिद्धेश महतो, सकला टुडू व दुर्लभ महतो आदि ग्रामीण उपस्थित थे.

## श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर शक्तिपद महतो को दी गई श्रद्धांजलि



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक स्थित राम मंदिर प्रांगण में गुरुवार को कुकड़ु प्रखंड के 20 सुत्री अध्यक्ष स्वर्गीय शक्तिपद महतो का श्रद्धांजलि सभा का आयोजन झारखंड आंदोलनकारी अधिकार समिति कोल्हान द्वारा किया गया एवं स्वर्गीय महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वहीं उपस्थित लोगों ने एक मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा कि शांति की कामना किया। श्रद्धांजलि सभा का संचालन झारखंड आंदोलनकारी अधिकार समिति के संयोजक राम प्रसाद महतो ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो वरिष्ठ नेता सुकराम हेम्ब्रम, विशिष्ठ अतिथि अधिवक्ता महेंद्र कुमार महतो उपस्थित हुए। मौके पर कुकड़ु प्रखंड अध्यक्ष इन्द्रजीत महतो, पंचानन पातर,नरेंद्र नाथ गोप, लक्ष्मी नारायण सिंह मुण्डा , दुखु सिंह मुण्डा, अघोर महतो, हरेंद्र नाथ महतो, लालू हाजाम, कृष्ण पद महतो, अमित सिन्हा, हाकिम चन्द्र महतो, मधुसूदन गोप,विजय कृष्ण महतो सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ईद मिलादुन्नबी जुलूस में अल हबीबी कमेटी ने बांटा लंगर

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर धतकीडीह ए ब्लॉक अल हबीबी कमेटी की ओर से जुलूस में शामिल होने वाले लोगों के बीच रबड़ी, खिचड़ा, बिस्कुट, चॉकलेट, पानी, फल का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से मजहर हुसैन, शहाबुद्दीन, अनीश खान, रेहान खान, तौकीर, अदनान खान, फरदीन, आमिर खान, अफाक, नफीस खान,नफीस, दानिश,अनीश, अफजल आदि उपस्थित थे।





## जुलूस ए मोहम्मदी का धतकीडीह में हुआ भव्य स्वागत : फजल खान

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फ़ज़ल ख़ान के द्वारा धातकीडीह मेन रोड जुलूस ए मोहम्मदी का भव्य स्वागत किया गया और शिविर से लोगों के बीच लंगर और पानी का वितरण किया गया। इस मुबारक मौके पर फ़ज़ल खान ने कहा के पैगंबर मोहम्मद साहब का जीवन मानवता को समर्पित रहा है। उन्होंने हमेशा मानवीय मूल्यों को लेकर स्पष्ट आदेश दिए हैं के मानवता की सेवा सबसे ऊपर है। फ़ज़ल खान ने जुलूस ए मोहम्मदी को भव्यता एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जमशेदपुर वासियों एवं जिला प्रशासन का शुक्रिया अदा किया। शिविर में फिरासत खान,शाहिद अंसारी,शहज़ाद क़ुरैशी, अफ्फान सिद्दीकी, अमन सिद्दीकी, गुलरेज अंसारी,मोहम्मद सज्जाद,वसीम,फरीद,शाहिद उपस्थित थे।



## झामुमो नेता अजय रजक ने किया पटमदा क्षेत्र का दौरा, जरूरतमंद परिवार को दिया तीन तिरपाल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड आंदोलनकारी सह झामुमो के वरिष्ठ नेता अजय रजक गुरुवार के क्रम में पटमदा प्रखंड के कुमीर गांव पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने उनको विभिन्न प्रकार की समस्याओं से अवगत कराया। समस्याओं से रूबरू होने के पश्चात उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर सभी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। अजय रजक पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे और घर को ढंकने के लिए तीन तिरपाल उपलब्ध कराया। इस दौरान उनके साथ झामुमो नेता आनंदमय महतो, हरिहर टुडू, विजय टुडू, अभिषेक मुखी व बारी अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

## ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा ईद मिलाद उन नबी के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा जश्न ईद मिलाद उन नबी के मौके पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन आजाद मैरिज हॉल में किया गया। इस ब्लड डोनेशन कैंप में 135 लोगों ने रक्त दान किया। शिविर का आयोजन जमशेदपुर ब्लड बैंक द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन हितायतुला खान एवम विशिष्ट अतिथि के तौर पर राबिया टेक्निकल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर जावेद अख्तर खान, करीम सिटी कालेज के प्रिन्सिपल मोहम्मद रेयाज़, समाजसेवी हाजी इलियास खान,इमाम इस्लाम मस्जिद फरीद सिवनी,हेड मास्टर रिजवान अहमद,ब्रह्मानंद के सीनियर नेप्रोलॉजिस्ट डॉक्टर वहीद खान ने उपस्थित होकर रक्त दाताओं का मनोबल बढ़ाया।

## श्रीश्री दुर्गा पूजा कमेटी कांड्रा कॉलोनी के पंडाल का हुआ भूमिपूजन

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री दुर्गा पूजा कमेटी कांड्रा कॉलोनी द्वारा दुर्गापूजा पंडाल निर्माण के लिए गुरुवार को भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित पं श्यामा प्रसाद बनर्जी द्वारा पूजा कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन कराया गया। कमेटी के अध्यक्ष होनी सिंह मुंडा ने बताया कि वर्ष 1951 से इस कमेटी की ओर से कांड्रा कॉलोनी में प्रतिवर्ष लगातार पूजनोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस मौके भूमि पर कमेटी के अध्यक्ष होनी सिंह मुंडा, महासचिव के0दुर्गा राव, त्रिनाथ राव, साधन दास, सुशील वार्ष्णेय, संजय वार्ष्णेय, विपिन वार्ष्णेय, विजय महतो, राजू मंडल, राजगोपाल वार्ष्णेय,चन्दन सिंह, स्वाधीन महतो, साई राव, विनोद सेन, रंजीत सेन, आदित्य चौधरी, कपीश सिंह, ऋतिक प्रसाद, विक्की मिश्रा, अमन गुप्ता समेत सभी सदस्य उपस्थित थे।

## चक्रधरपुर में हर्षोल्लास के साथ जुलूस ए मोहम्मदी निकला, डॉ. गागराई ने लोगों को दी मुबारकबाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर में हर्ष उल्लास के साथ धूमधाम से जशन ए ईद मिलादुन्नबी का जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस ए मोहम्मदी में पीपल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सह समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई ने शिरकत की। जुलूस ए मोहम्मदी के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने डॉ. विजय गागराई को फूल माला पहनाकर स्वागत किया एवं गले मिलकर ईद मिलादुन्नबी की बधाई दी। इस दौरान समाज सेवी डॉ विजय गागराई ने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब पूरी दुनिया में अमन ,शांति एवं भाईचारगी का पैगाम दिया। जुलूस ए मोहम्मदी शहर चक्रधरपुर के बांग्लातांड, दनदासाई, कोलसाइ, अंसरनगर, मोजाहिद नगर, पुराना वार्ड नम्बर 10,लोको, चांदमारी,पोटका, देवगांव आदि क्षेत्रों से हर्षोल्लास के साथ हजारों की संख्या में धार्मिक झंडों के साथ निकाली गई। सभी जगहों की जुलूस ए मोहम्मदी चक्रधरपुर पवन चौक से रजवाड़ी रोड होते हुए जामा मस्जिद रोड ,छोटी मस्जिद रोड, पापड़ हाता का भ्रमण करते हुए उर्दू स्कूल के प्रांगण में जमा हुई। जुलूस ए मोहम्मदी के भ्रमण के दौरान जगह -जगह पर लंगर एवं तबर्रुक का भी वितरण किया गाया । उर्दू स्कूल के प्रांगण में सभी ने मिलकर शहर चक्रधरपुर व पुरे देश में अमन शांति के लिए सामूहिक दुआ की। इस दौरान अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर के अध्यक्ष सज्जाद मंजर उर्फ सज्जू सचिव बैरम खान, मस्जिद- मदरसा के मौलाना एवं काफी संख्या में बड़े ,बूढ़े एवं बच्चे मौजूद थे।



## ईद मिलादुन्नबी के मौके पर नातिया कलाम मुकाबला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** गुरुवार को चक्रधरपुर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 (पुराना 10) जमा मस्जिद रोड में सामाजिक संस्था पेशवा द्वारा हर साल की तरह इस साल भी ईद मिलादुन् नबी के मौके पर बच्चों के बीच नातिया मुकाबला कराया गया। जिसमें प्रथम स्थान हुमैरा नाज़, द्वित्य अदनान अख्तर और तृतीय हिफजूल रहमान को मिला। प्रतियोगिता में कुल 35 बच्चो ने भाग लिया।निर्णायक मंडली में मास्टर अयूब खान,मौलाना शम्स तबरेज़, पेशवा के सचिव जियाउर रहमान, एकराम नस्तर, शाहबाज़ आलम ,महताब आलम, नकी नायब थे। प्रतियोगिता के पूर्व पेशवा द्वारा जुलूस में लंगर वितरण भी किया गया।

## ईद मिल्लादुनबी पर कांग्रेस ने किया शरबत व फल वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ईद मिल्लादुनबी के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष सलीम खान के नेतृत्व में जुलूस में शामिल लोगों के बीच पानी, सर्बत, फल, बिस्किट का विवरण किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, कोषाध्यक्ष सलीम खान, अशोक सिंह, बिजय खान, के के शुक्ल, रंजीत सिंह, मो नौशाद प्रदेश महामंत्री युवा कांग्रेस, शिल्पी चक्रवर्ती, सचिन कुमार सिंह एनएसयुआई ने अपने हाथों से वितरण किया। शिविर को सफल बनाने में सलीम खान कोषाध्यक्ष, मो नौशाद प्रदेश महामंत्री युवा कांग्रेस, अकबर खान, आशीफ खान, जावेद अख्तर का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

## ईद मिलादुन्नबी पर सोनारी शांति समिति व सोनारी थाना ने ट्रैफिक नियम का कराया पालन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर सोनारी शांति समिति के सदस्य और सोनारी थाना के पदाधिकारी ने मिलकर सोनारी एयरपोर्ट/टाटा क्लब चौक, सर्किट हाउस/भूतनाथ मंदिर चौक और मरीन ड्राइव/ डाबो पुल मे सुबह से मौजूद रहकर ईद मिलादुन्नबी के जुलूस को बहुत ही शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया। सोनारी थाना के प्रशासनिक अधिकारी और शांति समिति के सदस्यों ने मिलकर ट्रैफिक नियमों को मध्य नजर रखते हुए रैश ड्राइविंग,ओवर स्पीड ड्राइविंग और शोर मचाते हुये ड्राइविंग पर पुरी तरह से सोनारी के तीनों क्षेत्र में अंकुश लगाए हुए थे। सोनारी शांति समिति के सचिव सुधीर कुमार पप्पू और सोनारी थाना प्रभारी विष्णु रावत जी ने खुद आकर तीनों क्षेत्र में मौजूद शांति समिति के सभी सदस्यों का अभिनंदन और आभार प्रकट किये।



## संस्कारोदय एकेडमी में शहीदे आजम भगत सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** संत कबीर सेवा संस्थान और संस्कारोदय एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान मे गम्हरिया के धीराजगंज, जुलूमटांड़ मे शहीदे आजम भगत सिंह की 116वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर एकेडमी के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा बच्चों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाध्यापक दिग्विजय भारत ने भगत सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को देश के प्रति अपने कर्तव्य को पालन करने का संदेश दिया। इस मौके पर शिक्षक सुमित सिंह, शिक्षिका मोनिका कुमारी, गौतमी मोहंती समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित थी।



## रिजवी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाने से गंगा जमुना की तहजीब विचार धारा को मिलेगी मजबूती : बब्लू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इमरान प्रतापगढ़ी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अल्पसंख्यक विभाग के आदेशनुसार उमेर खान, प्रभारी झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव एवम जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला सचिव सैयद सिराज अब्बास रिजवी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक विभाग मे प्रदेश उपाध्यक्ष में महत्वपूर्ण स्थान दिए जाने पर धर्मेंद्र सोनकर नगर कार्यकारी अध्यक्ष, बब्लू झा जिला उपाध्यक्ष, अफसर इमाम चिंटू जिला अध्यक्ष एईपीसी, जावेद जमाल उपाध्यक्ष एईपीसी, अजितेश उज्जैन महासचिव, शशि भूषण प्रसाद जिला महासचिव ने पगड़ी,शॉल पहनाकर एवम मिठाई से स्वागत किया गया। बब्लू झा ने कहा की रिज़वी साहेब को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाने से गंगा जमुना की तहजीब विचार धारा को और मजबूती मिलेगी। साथ ही राहुल गाँधी जी के अनुसार नफरत की बाजार में मोहबत की दुकान खोलने में समाज में और मजबूती प्रदान मिलेगी।



## जेबीकेएसएस ने वार्षिक करम महोत्सव का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चांडिल सुकसारी मैदान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति द्वारा वार्षिक करम महोत्सव का आयोजन किया गया। करम अखाड़ा का उद्घाटन रसूनिया पंचायत के मुखिया मांझी ने विधिवत रूप से फीता काट कर किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र से आए हजारों लोगों का भीड़ उमड़ पड़ा। करम महोत्सव अखाड़े में विभिन्न क्षेत्रों से आए कुल 12 करम दलों ने अखाड़े में भाग लिया। करम अखाड़ा में अच्छे प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी विजेता करम दलों को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के सक्रिय सदस्य सह छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो एवं जेबीकेएसएस के कोल्हान शेरनी बेबी महतो का गाजे बाजे एवं फूल वर्षा के साथ स्वागत हुआ। करम महोत्सव कार्यक्रम में विशेष रूप से मंचाशीन में समाजसेवी विश्वरंजन महतो, खगेन महतो, सोनू महतो, कृष्ण महतो, घोड़नेगी पंचायत समिति सदस्य छुटूलाल महतो, समाजसेवी सह जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य मोहम्मद जवाद, झारखंड आंदोलनकारी सह समाजसेवी सुनील महतो,उपस्थित रहे। करम महोत्सव पर सांस्कृतिक झूमर कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमे लखीमनी झूमर दल झालदा द्वारा करम गीत सहित विभिन्न तरह के झुमर संगीत से पूरे विधानसभा क्षेत्र से पहुंचे लोगो को झुमाया। मौके पर मुखिया मंगल माझी,ग्राम प्रधान बिदुभूसन महतो, समाजसेवी विवेक गोप, जगन्नाथ महतो, पांडव गोप, गोपेश महतो, फूल चांद महतो, चिरंजीत महतो, विश्वनाथ महतो, सुकदेव महतो, रिंकू महतो, आदित्य महतो, सुदामा महतो, आशु कालिंदी, कमल महतो, सूरज महतो सहित झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।



## हाथी की हुई मौत, वन विभाग की टीम ने किया अंतिम संस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के सापारूम जंगल के बीच गुरूवार को एक हाथी की मौत हो गई। वन विभाग के पदाधिकारी पहुंचते ही किसान अपने खेत में हाथी को दफनाने का विरोध किया। पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हरेलाल महतो के देखरेख में चिकित्सकों द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। वहीं पोस्टमार्टम के बाद वन विभाग के डीएफओ व आला अधिकारियों द्वारा जेसीबी मशीन से गढ्ढा खोदकर खेत के समीप दुसरे जमीन पर विधि विधान से मृत हाथी का अंतिम संस्कार कर दिया गया। हाथी की मृत्यु की सुचना मिलते ही आस पास के ग्रामीण मृत हाथी को देखने के लिए उमड़ पड़े। लोगों ने मृत हाथी को पुष्प व अगरबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि भी दिया। करीब तीन चार महीने के अंदर भी एक हाथनी की मौत कुकड़ु के सिरूम जंगल व ईचागढ़ के कुटाम पहाड़ में वयस्क हाथनी की मौत हो गई थी। वहीं डीएफओ ने बताया कि गुज्जर हाथी काफी उम्रदराज हो गया था व काफी कमजोर हो गया था, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण का पता चल पाएगा।

## संपादकीय

# सांसद की गालीनुमा जुबान

संसद के नए भवन में, ऐतिहासिक विधेयक पारित करने के बाद, एक सांसद ने लोकतंत्र और संसदीय प्रणाली पर धब्बे छाप दिए। संसद पर ही सांप्रदायिक कलंक चस्पा कर दिया गया। भाषा और संवाद की मर्यादा को तार-तार किया है। राजनीति की विविधता को नष्ट किया है। लोकसभा के भीतर अपने पूर्वाग्रह और भद्दे अपशब्दों का इस्तेमाल कर साबित किया है कि एक सांसद, सदन के भीतर हो, साथी सांसद के प्रति कितना असहिष्णु हो सकता है और उसकी जुबान किस हद तक बेलगाम हो सकती है! दक्षिण दिल्ली के भाजपा सांसद रमेश बिधुड़ी ने अमरोहा (उप्र) के बसपा सांसद दानिश अली के लिए जिन अपशब्दों का प्रयोग किया है, वह व्यवहार पूरी तरह अक्षम्य है, क्योंकि समूची संसदीय प्रणाली और संसद को परोक्ष गाली दी गई है। भाजपा सांसद को सदन में ही, ऐसे अपशब्दों के लिए, स्पीकर को तुरंत रोकना चाहिए था। उन्हें बोलने के लिए रोका जा सकता था। रिकॉर्ड से ऐसे शब्दों को हटाना ही पर्याप्त नहीं है। बहरहाल आसन पर अध्यक्ष के बजाय पीठासीन अधिकारी मौजूद थे, तो उनके पास भी स्पीकर वाले संसदीय और संवैधानिक अधिकार थे। अलबत्ता भाजपा सांसद को स्पीकर की चेतावनी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा 'कारण बताओ' नोटिस जारी करना और स्पष्टीकरण के लिए 15 दिन की अवधि देना कार्रवाई के नाम पर लीपापोती है। इससे गलत और कुरूप परंपराओं को प्रश्रय मिलता है। संविधान के अनुच्छेद 105 (2) के मुताबिक, संसद में कही गई बात को अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। इस निरंकुशता में भी संशोधन किया जाना चाहिए। शायद स्पीकर इस मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजें, लेकिन ऐसे गालीबाज सांसद को तुरंत निलंबित किया जाना चाहिए था। जब कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी और विपक्ष के अन्य सांसदों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई, तो तुरंत फैसला लिया गया। क्या रमेश बिधुड़ी को सत्ता पक्ष का सांसद होने के नाते ढील दी गई है और मुद्दे को शांत और ठंडा होने दिया जा रहा है? किसी गली-मुहल्ले, सडक़ या चुनावी जनसभा के दौरान गालियां नहीं दी गई हैं। यह आचरण लोकतंत्र के सर्वोच्च, पावन मंदिर लोकसभा में किया गया है, लिहाजा सांसद ने संसद को भी अपमानित किया है। एक सांसद लाखों मतदाताओं का प्रतिनिधि होता है, लिहाजा उन अनाम, लाखों चेहरों को भी गाली दी गई है। हमारे सुधी पाठक क्षमा करेंगे कि हम कुछ अपशब्दों को आपके सामने रख रहे हैं। कुछ बड़े, राष्ट्रीय अखबारों और सोशल मीडिया पर ये शब्द छपे हैं। भाजपा सांसद ने लोकसभा में बोलते हुए बसपा सांसद के लिए 'भड़वा', 'कटवा', 'मुल्ला उग्रवादी' और 'आतंकवादी' आदि अपशब्दों का इस्तेमाल किया। क्या लोकसभा की शालीन, भद्र और संसदीय भाषा का व्यवहार यही है? इन अपशब्दों के प्रयोजन और संदर्भ क्या थे? क्या भाजपा सांसद के संस्कार यही हैं और वे परिवेशजन्य कुंठाओं से ग्रस्त हैं?


भाजपा सांसद को सदन में ही, ऐसे अपशब्दों के लिए, स्पीकर को तुरंत रोकना चाहिए था। उन्हें बोलने के लिए रोका जा सकता था। रिकॉर्ड से ऐसे शब्दों को हटाना ही पर्याप्त नहीं है। बहरहाल आसन पर अध्यक्ष के बजाय पीठासीन अधिकारी मौजूद थे, तो उनके पास भी स्पीकर वाले संसदीय और संवैधानिक अधिकार थे। अलबत्ता भाजपा सांसद को स्पीकर की चेतावनी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा 'कारण बताओ' नोटिस जारी करना और स्पष्टीकरण के लिए 15 दिन की अवधि देना कार्रवाई के नाम पर लीपापोती है। इससे गलत और कुरूप परंपराओं को प्रश्रय मिलता है। संविधान के अनुच्छेद 105 (2) के मुताबिक, संसद में कही गई बात को अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। इस निरंकुशता में भी संशोधन किया जाना चाहिए। शायद स्पीकर इस मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजें, लेकिन ऐसे गालीबाज सांसद को तुरंत निलंबित किया जाना चाहिए था। जब कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी और विपक्ष के अन्य सांसदों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई, तो तुरंत फैसला लिया गया। क्या रमेश बिधुड़ी को सत्ता पक्ष का सांसद होने के नाते ढील दी गई है और मुद्दे को शांत और ठंडा होने दिया जा रहा है? किसी गली-मुहल्ले, सडक़ या चुनावी जनसभा के दौरान गालियां नहीं दी गई हैं। यह आचरण लोकतंत्र के सर्वोच्च, पावन मंदिर लोकसभा में किया गया है, लिहाजा सांसद ने संसद को भी अपमानित किया है। एक सांसद लाखों मतदाताओं का प्रतिनिधि होता है, लिहाजा उन अनाम, लाखों चेहरों को भी गाली दी गई है। हमारे सुधी पाठक क्षमा करेंगे कि हम कुछ अपशब्दों को आपके सामने रख रहे हैं। कुछ बड़े, राष्ट्रीय अखबारों और सोशल मीडिया पर ये शब्द छपे हैं।


कारण कुछ भी हो, संसद के भीतर ये गालियां स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। देश के प्रधानमंत्री मोदी के लिए कांग्रेस नेताओं ने अनेक गालियों का इस्तेमाल किया है और वे अपशब्द इनसे भी ज्यादा अभद्र और अश्लील रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को कुछ भी हासिल नहीं हुआ। इधर भाजपा सांसद ने बसपा सांसद को गालियां दीं, उधर हरियाणा के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने अकारण ही प्रधानमंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री के लिए घोर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। क्या राजनीति इसी आधार पर की जा सकती है? दरअसल हमारी राजनीति में हिंदू-मुसलमान करने की नेताओं की आदत पड़ गई है। इस हम्माम में कुछ केंद्रीय मंत्री भी डूबे हैं। उनके खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई, लिहाजा शक होता है कि बिधुड़ी के खिलाफ भी कुछ किया जाएगा। बसपा सांसद दानिश अली गहरे तनाव में हैं। उन्होंने स्पीकर को पत्र लिख कर दंडात्मक कार्रवाई का आग्रह किया है। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो उन्होंने सांसदी से इस्तीफा देने की बात कही है।

## कुछ अलग

# सर्वसम्मत संसद

क्या भारतीय राजनीति बदल रही है? क्या महिला आरक्षण और सशक्तिकरण सरीखे अन्य मुद्दों पर भी राजनीतिक सर्वसम्मति हो सकती है? महिला आरक्षण पर सर्वसम्मति और एकजुटता विचार के स्तर पर है अथवा वोट की मजबूरी है? महिला आरक्षण बिल के कानून बनने के बाद यह व्यवस्था अक्षरशः लागू होगी या आरक्षित वर्ग के साथ टालमटोल किया जाता रहेगा? यदि वाजपेयी सरकार के चार प्रयासों और यूपीए की मनमोहन सरकार के दौरान संसदीय अनुभवों को याद करें, तो उनकी तुलना में 'नारी शक्ति वंदन' बिल संसद के दोनों सदनों में लगभग सर्वसम्मति से पारित हुआ है। लोकसभा में 454 वोट बिल के पक्ष में और ओवैसी तथा उनकी पार्टी के एक और सांसद, यानी मात्र 2 वोट, बिल के विरोध में गए। राज्यसभा में उपस्थित सभी 215 सांसदों ने बिल का समर्थन किया। हालांकि उच्च सदन की कुल संख्या 245 सांसदों की होती है। यह राजनीतिक अभिव्यक्ति और परिपक्वता विषयगत है, लेकिन धुर विरोधियों ने भाजपा सरकार के बिल को सर्वसम्मत समर्थन दिया, यह महत्त्वपूर्ण राजनीति है। संसद के दोनों सदनों में कुछ ऊंचे स्वर भी सुनाई दिए, कुछ विरोध भी देखा गया, अपने तार्किक पक्ष भी रखे गए, लेकिन हंगामे, अभद्र टिप्पणियों, असंतोष, अराजकता, नौटंकी और मार्शल द्वारा सांसदों को सदन से बाहर करने तक की नौबत नहीं आई। कांग्रेस, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस, सपा, बसपा, जनता दल-यू आदि के सांसदों ने ओबीसी महिलाओं के लिए भी आरक्षण की मांग की। जातीय जनगणना के सवाल भी किए गए, आरक्षण के लागू होने का समय भी पूछा गया, राजनीतिक विचार पर अपने सरोकार पेश किए गए, लेकिन मत-विभाजन की बारी आई, तो बिल के समर्थन में वोट दिए। महिला सशक्तिकरण और मातृशक्ति को विकास, सत्ता, नीति-निर्धारण की मुख्यधारा से जोडने की अनिवार्यता और बाध्यता के सामने समूचे विपक्ष को अपने हथियार डालने पड़े, क्योंकि अब महिलाओं के जनादेश ही निर्णायक साबित हो रहे हैं। 2014 के बाद ज्यादातर चुनावों में महिलाओं ने, पुरुष की तुलना में, अधिक वोट दिए हैं।

## धार्मिक मुद्दों का हमेशा राजनीतिक फायदा हो ही, कभी-कभी लाभ की जगह नुकसान भी झेलना पड़ जाता है

# सनातन किसी मजहब का पर्याय नहीं है, इसकी तुलना बीमारी से करना बौखलाहट है

ललित गर्ग


तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने विवादास्पद बयान में सनातन धर्म की तुलना डेंगी, मच्छर, मलेरिया, और कोविड से करते हुए असंख्य सनातनधर्मियों की आस्था पर कुठाराघात किया है। उनकी ही पार्टी डीएमके के सांसद ए राजा ने तो हदें ही लांघ दी है, वे कहते हैं कि हिंदू धर्म 'न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए अभिशाप है।' इन डीएमके नेताओं के बयानों से जब विवाद संभला नहीं तो उन्होंने सफाई दी, लेकिन अपनी बात पर अड़े रह कर उदयनिधि ने कहा कि उन्होंने सनातन धर्म की बुराइयों को खत्म करने की बात कही है, न कि इसे मानने वालों को।


लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, विभिन्न राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है। इसी बौखलाहट का नतीजा है सनातन धर्म की बीमारी से तुलना करना। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने विवादास्पद बयान में सनातन धर्म की तुलना डेंगी, मच्छर, मलेरिया, और कोविड से करते हुए असंख्य सनातनधर्मियों की आस्था पर कुठाराघात किया है। उनकी ही पार्टी डीएमके के सांसद ए राजा ने तो हदें ही लांघ दी है, वे कहते हैं कि हिंदू धर्म 'न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए अभिशाप है।' इन डीएमके नेताओं के बयानों से जब विवाद संभला नहीं तो उन्होंने सफाई दी, लेकिन अपनी बात पर अड़े रह कर उदयनिधि ने कहा कि उन्होंने सनातन धर्म की बुराइयों को खत्म करने की बात कही है, न कि इसे मानने वालों को। जब कोई विवाद खड़ा किया जाता है, तो उसका व्यापक असर होता है, जनभावनाएं आहत एवं लहूलुहान होती है। फिर ऐसी स्थितियों में डॉ. भीमराव आंबेडकर जैसे महापुरुषों को आधार बनाकर अपनी कहीं बातों से किनारा पाने की कुचेष्ठा भी होती है, ये स्थितियां भारतीय राजनीति की विडम्बना एवं विसंगति है। राजनीतिक स्वार्थों एवं संकीर्णताओं के चलते भारत की हजारों साल पुरानी संस्कृति एवं परम्परा को धुंधलाने एवं झुठलाने के ये षड़यंत्र राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की बड़ी बाधा है। असल में लोकतांत्रिक समाज में राजनीतिक दलों को हमेशा ऐसे संवेदनशील एवं भावनात्मक मुद्दों की तलाश रहती है, जिससे बड़े पैमाने पर वोटरों को प्रभावित किया जा सके। धार्मिक मुद्दे इस पैमाने पर बिल्कुल ठीक बैठते हैं। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि धार्मिक मुद्दों का हमेशा राजनीतिक फायदा हो ही, कभी-कभी लाभ की जगह नुकसान भी झेलना पड़ जाता है। ताजा सनातन मामला अब न्यायालय में विचाराधीन है, सनातन धर्म को लेकर जारी विवाद के बीच मद्रास हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी में कहा है कि सनातन धर्म शाश्वत कर्त्तव्यों का समूह है जिसमें देश के प्रति कर्त्तव्य, राजा का कर्त्तव्य, राजा के जनता के प्रति कर्त्तव्य, माता-पिता और गुरुओं के प्रति कर्त्तव्य और गरीबों की देखभाल और कई अन्य कर्त्तव्य हैं। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जब धर्म को लेकर कोई टिप्पणी की जाती है तो उसमें ध्यान रखना चाहिए कि उससे किसी की भावनाएं आहत नहीं होनी चाहिए। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि संविधान में बोलने की आजादी मिली हुई है लेकिन बोलने की



आजादी नफरत में नहीं बदलनी चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता घृणित भाषण नहीं हो सकती। यदि इसे नजरंदाज किया जाता है तो किसी भी बहस की दिशा पटरी से उतर जाएगी और इसके पीछे का उद्देश्य अपना महत्व खो देगा। अभियव्यक्ति की स्वतंत्रता निष्पक्ष और स्वस्थ सार्वजनिक बहसों को प्रोत्साहित करती है तो इससे समाज को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। जो कुछ भी चल रहा है उस पर चिंता व्यक्त करते हुए न्यायालय इस पर अपने विचार व्यक्त करने से खुद को रोक नहीं सकता। सनातन धर्म पर विवाद निरर्थक है। हम को सब समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करने के लिए संकल्प लेकर चलना होगा ताकि उन बुराइयों का उन्मूलन किया जा सके और सामाजिक न्याय का सपना साकार हो सके। वोट बैंक के लिए आक्रामक भाषा का इस्तेमाल देश के लिए अच्छा नहीं होता। न्यायमूर्ति शेषशायी ने 15 सितंबर को पारित एक आदेश में लिखा यह न्यायालय सनातन धर्म के समर्थक और विरोधी पर बहुत मुखर और समय-समय पर होने वाली शोर-शराबे वाली बहसों के प्रति सचेत है। इसने मोटे तौर पर सनातन धर्म को 'शाश्वत कर्तव्यों' के एक समूह के रूप में समझा है, और इसे किसी एक विशिष्ट साहित्य से नहीं जोड़ा जा सकता है, लेकिन इसे कई स्रोतों से इकट्ठा किया जाना चाहिए, जो या तो हिंदू धर्म से संबंधित हैं, या जिन्हें हिंदू जीवन शैली का पालन करने वाले लोग स्वीकार करते हैं। वास्तव में देखा जाये तो सनातन एक शाश्वत धर्म है, जीवन का सत्य है। विज्ञान भी सनातन सत्य को पकड़ने में अभी तक कामयाब नहीं हुआ है, किन्तु वेदांत में उल्लेखित जिस सनातन सत्य की महिमा का वर्णन किया गया है, विज्ञान भी धीरे-धीरे उससे सहमत होता नजर आता है। सनातन धर्म के सत्य को जन्म देने वाले अलग-अलग काल में अनेक ऋषि हुए हैं। जिन्होंने सत्य को जैसा देखा, वैसा कहा। सभी ऋषियों की बातों में एकरूपता है। जो इन ऋषियों की बातों को एवं सत्य को समझ नहीं पाते, वही उनमें भेद करते हैं, विवाद करते हैं। असल में भेद एवं विवाद भाषाओं में होता है, अनुवादकों में होता है, संस्कृतियों में होता है, परम्पराओं में होता है, सिद्धान्तों में होता है, राजनीतिक सोच एवं संकीर्णताओं में होता है, लेकिन सत्य में नहीं। सनातन एक सत्य है, उसमें भेद एवं विवाद करने वाले बुद्धि के दिवालियपन के शिकार है। इस तरह के आधारहीन विवादों को उछालने वाले राजनीतिक दल एवं नेता उजालों पर कालिख पोतने का ही प्रयास करते हैं। इस प्रकार की उद्देश्यहीन, उच्छृंखल, विध्वंसात्मक सोच से किसी का हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। ऐसा प्रतीत होता है कि ऐसे समाज एवं राष्ट्र को तोड़ने वाली कुचेष्ठाएं करने वालों की आंखों में किरणें आंज दी जाएं तो भी वे यथार्थ को नहीं देख पाते। क्योंकि उन्हें उजाले के नाम से एलर्जी है। तरस आता है समाज में बिखराव करने वाले ऐसे लोगों की बुद्धि पर, जो सूरज के उजाले पर कालिख पोतने का असफल प्रयास करते हैं, आकाश में पैबन्द लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव पर सवार होकर सागर की यात्रा करना चाहते हैं। जब भी ऐसे विवाद खड़े किये जाते हैं, विरोधी आरोपों एवं विरोध से सबसे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को घेरने की कोशिश करते हैं। जबकि संघ की शालीनता एवं विशेषता है कि वह अक्सर आरोपों एवं विरोध पर प्रतिक्रिया नहीं देता। उसका चरित्र इन सबसे अप्रभावित रहते हुए शांतिपूर्वक समाज-निर्माण एवं राष्ट्र-निर्माण के काम करने का है। वैसे संघ की नजरों में सनातन का अर्थ रिलीजन-धर्म नहीं है, यानी यह किसी मजहब का पर्याय नहीं है। संघ की दृष्टि में सनातन-सभ्यता एक आध्यात्मिक लोकतंत्र है। निश्चित सनातन एक उन्नत विचार एवं जीवन-दर्शन है। जो तत्व सदा, सर्वदा, निरंजन, निर्विकार और सदैव स्वरूप में स्थित रहता है, उसे सनातन या शाश्वत सत्य कहते हैं। वेदों का ब्रह्म और गीता का स्थितप्रज्ञ ही शाश्वत सत्य हैं। जड़, प्राण, मन, आत्मा और ब्रह्म शाश्वत सत्य की श्रेणी में आते हैं। सृष्टि एवं ईश्वर (ब्रह्म) अनादि, अनंत और सर्वविभु हैं। जिस प्रकार आकाश, वायु, जन, अग्नि और पृथ्वी शाश्वत सत्य की श्रेणी में आते हैं, जो अपना स्वरूप बदलते हैं किन्तु समाप्त नहीं होते, ठीक उसी तरह सनातन सत्य भी हैं। सत्य, अहिंसा, त्याग और परोपकार इसी सनातन धर्म के मूलमंत्र हैं। समाज को समरस बनाने में सनातन धर्म की बहुत बड़ी भूमिका है। सनातन धर्म हमें प्रत्येक वस्तु, व्यक्ति में परमात्मा के दर्शन करने की शिक्षा देता है।

# होना चाहिए पचास फीसद


आजादी के 75 वर्ष बाद देश की आधी आबादी को विधायिका में एक तिहाई आरक्षण का कानून पास करके पक्ष और विपक्ष भले ही अपनी पीठ थपथपा लें पर ये कोई बहुत बड़ी उपलब्धि नहीं है। जब महिलाएं देश की आधी आबादी है तो उन्हें उनके अनुपात से भी कम आरक्षण देने का औचित्य क्या है? क्या महिलाएं परिवार समाज और देश के हित में सोचने समझने निर्णय लेने और कार्य करने में पुरु षों से कम सक्षम हैं? जो व्यवस्था की जा रही है उससे तो यही लगता है। देखा जाए तो वे पुरु षों से ज्यादा सक्षम हैं और हर कार्य क्षेत्र में नित्य अपनी सफलता के झंडे गाढ़ रही हैं। यहां तक कि भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान की पायलट तक महिलाएं बन चुकी हैं। दुनिया की अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों की सीईओ तक भारतीय महिलाएं हैं। अनेक देशों में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के पद पर महिलाएं चुनी जा चुकी हैं और सफलतापूर्वक कार्य करती रही हैं।


तैंतीस फीसदी ही क्यों पचास फीसदी आरक्षण महिलाओं के लिए होना चाहिए। इस पचास फीसदी में दलित और वंचित समाज की महिलाओं का कोटा भी आरक्षित होना चाहिए। आजादी के 75 वर्ष बाद देश की आधी आबादी को विधायिका में एक तिहाई आरक्षण का कानून पास करके पक्ष और विपक्ष भले ही अपनी पीठ थपथपा लें पर ये कोई बहुत बड़ी उपलब्धि नहीं है। जब महिलाएं देश की आधी आबादी है तो उन्हें उनके अनुपात से भी कम आरक्षण देने का औचित्य क्या है? क्या महिलाएं परिवारसमाज और देश के हित में सोचने समझने निर्णय लेने और कार्य करने में पुरु षों से कम सक्षम हैं? जो व्यवस्था की जा रही है उससे तो यही लगता है। देखा जाए तो वे पुरु षों से ज्यादा सक्षम हैं और हर कार्य क्षेत्र में नित्य अपनी सफलता के झंडे गाढ़ रही हैं। यहां तक कि भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान की पायलट तक महिलाएं बन चुकी हैं। दुनिया की अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों की सीईओ तक भारतीय महिलाएं हैं। अनेक देशों में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के पद पर महिलाएं चुनी जा चुकी हैं और सफलतापूर्वक कार्य करती रही हैं। अगर जमीनी स्तर पर देखा जाए तो उस मजदूरिन का ध्यान कीजिए जो नौ महीने तक गर्भ में बालक को रखे हुए भवन निर्माण के काम में कठिन मजदूरी करती है और उसके बाद सुबह–शाम अपने परिवार के भरण–पोषण का जिम्मा भी उठाती है। अक्सर इतना ही काम करने वाले पुरुष मजदूर मजदूरी करने के बाद या तो पलंग तोड़ते हैं या दारू पी कर घर में तांडव करते हैं। ॥ हमारे देश की राष्ट्रपति जिस जनजातीय समाज से आती हैं वहां की महिलाएं घर और खेती के दूसरे सब काम करने के अलावा इधन के लिए लकड़ी भी बीन कर लाती हैं। कह सकते हैं कि देश के दूरदराज के इलाकों में महिलाओं को ऐसी ही कठिन परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। जब हर कार्य क्षेत्र में महिलाएं पुरु षों से आगे हैं तो उन्हें आबादी में उनके अनुपात के मुताबिक प्रतिनिधित्व देने में हमारे पुरुष प्रधान समाज को इतना संकोच क्यों है? जो अधिकार उन्हें दिए जाने की घोषणा संसद के विशेष अधिवेशन में दी गई वो भी अभी 5–6 वषा तक लागू नहीं होगी। तो उन्हें मिला ही क्या कोरे आश्वासन के सिवाय। इस संदर्भ में कुछ अन्य खास बातों पर भी ध्यान दिए जाने की जरूरत है। आज के दौर में ग्राम प्रधान और नगर पालिकाओं के अध्यक्ष पद के लिए तथा महानगरों के मेयर पद के लिए जो सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं उनका क्या हश्र हो रहा है यह भी देखने और समझने की बात है। देश के हिन्दी भाषी प्रांतों में एक नया नाम प्रचलित हुआ है 'प्रधान पति'। मतलब यह कि महिलाओं के लिए आरक्षित इन सीटों पर चुनाव जितवाने के बाद उनके पति ही उनके दायित्वों का निर्वाह करते हैं। ऐसी सब महिलाएं प्रायः अपने पति की 'रबड़ स्टाम्प' बन कर रह जाती हैं। इसलिए आवश्यक है कि हर शहर के एक स्कूल और एक कॉलेज में नेतृत्व प्रशिक्षण का कोर्स चलाया जाए जिसमें दाखिला लेने वाली महिलाओं को इन भूमिकाओं के लिए प्रशिक्षित किया जाए जिससे भविष्य में उन्हें अपने पतियों पर निर्भर न रहना पड़े इसके साथ ही मुख्यमंत्री कार्यालयों से भी ये निर्देश जारी हों कि ऐसी सभी चुनी गइ महिलाओं के पति या परिवार के कोई अन्य पुरुष सदस्य अगर उनका प्रतिनिधत्व करते हुए पाए जाएंगे तो इसे दंडनीय अपराध माना जाएगा। उस क्षेत्र का कोई भी जागरूक नागरिक उसकी इस हरकत की शिकायत कर सकेगा। आज तो होता यह है कि जिला स्तर की बैठक हो या प्रदेश स्तर की या चुनी हुइ इन प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण का शिविर हो हर जगह पत्नी के बॉडीगार्ड बन कर पति मौजूद रहते हैं। यहां तक कि चुनाव के दौरान और जीतने के बाद भी इन महिला प्रतिनिधियों के होडंगों पर इनके चित्र के साथ इनके पति का चित्र भी प्रमुखता से प्रचारित किया जाता है। इस पर भी चुनाव आयोग को प्रतिबंध लगाना चाहिए। कोई भी होडंग ऐसा न लगे जिसमें 'प्रधान पति' का नाम या चित्र हो। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारे समाज में चली आ रही इन रूढ़िवादी बातों पर हमेशा से जोर दिया गया है कि घर की महिला जब भी घर की चौखट से पांव बाहर रखेगी तो उसके साथ घर का कोई न कोई पुरुष अवश्य होगा। इन्हीं रूढ़िवादी सोच के चलते महिलाओं को घर की चारदिवारी में ही सिमट कर रहना पड़ा परंतु जैसे सोच बदलने लगी तो महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिए जाने में किसी को कोई गुरेज नहीं। आज महिलाएं पुरुषों के साथ हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिला कर चल रही हैं। कोईभी क्षेत्रऐसा नहीं है जहां वे अपनी धाक न जमा रही हों। इसलिए महिलाओं को पुरु षों से कम नहीं समझा जाना चाहिए। कहा जाना जरूरी है कि नारी शक्ति वंदन विधेयक लाकर सरकार ने अच्छी पहल की है किंतु इसके बावजूद महिलाओं को आरक्षण का लाभ मिलने में वषा की देरी के कारण ही विपक्ष आज सरकार को घेर रहा है। वैसे हमें इस भ्रम में भी नहीं रहना चाहिए कि सभी महिलाएं पाक–साफ या दूध की धुली होती हैं और बुराई केवल पुरु षों में होती है। पिछले कुछ वषा में देश के अलग–अलग प्रांतों में निचले स्तर के अधिकारियों से लेकर महिला आईएएस और आईपीएस अधिकारी तक बड़े–बड़े घोटालों में लिप्त पाई गई हैं। इसलिए यह मान लेना कि महिला आरक्षण देने के बाद सब कुछ रातोंरात सुधर जाएगा हमारी नासमझी ही होगी। जैसी बुराई पुरुष समाज में है वैसी ही बुराइयां महिला समाज में भी हैं क्योंकि समाज का कोई एक अंग दूसरे अंग से अछूता नहीं रह सकता। पर कुछ अपवादों के आधार पर यह फैसला करना कि महिलाएं अपने प्रशासनिक दायित्वों को निभाने में सक्षम नहीं हैं– इसलिए फिलहाल उन्हें एक–तिहाई सीटों पर ही आरक्षण दिया जा रहा है–ठीक नहीं है। यह सूचना कि भविष्य में उन्हें इनकी आबादी के अनुपात में आरक्षण दे दिया जाएगा सपने दिखाने जैसा है। अगर हमारी सोच नहीं बदली और मौजूदा ढर्रे पर ही महिलाओं के नाम पर यह खानापूत होती रही तो पक्की बात है कि भविष्य में कभी कुछ नही बदलने वाला। कुछ नहीं बदलेगा आज के दौर में ग्राम प्रधान और नगर पालिकाओं के अध्यक्ष पद के लिए तथा महानगरों में मेयर पद के लिए जो सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं उनका क्या हश्र हो रहा है यह भी देखने और समझने की बात है।

## दृष्टिकोण

# जस्टिन ट्रूडो की अपरिपक्वता

जस्टिन ट्रूडो के शासनकाल में चरमपंथी समूहों ने बाहुबल और धन शत्ति का इस्तेमाल करके राजनीति में भी अपनी पहुंच बढ़ाई है। कनाडा की राजनीति के जाने-माने भारतीय विरोधी और खालिस्तानी हमदर्द सांसद जगमीत सिंह का नाम इसी का एक उदाहरण है। जस्टिन ट्रूडो की अपरिपक्वता डॉ. बिपिन वुमार खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की मौत के मामले में इन दिनों भारत और कनाडा के बीच एक टकराव की स्थिति बनी हुईं है। गौरतलब है कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हाल ही में अपने देश की संसद में यह आरोप लगाया कि इस घटना में भारत सरकार के एजेंटों का हाथ है और इसके बाद, कनाडा ने एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक को निष्कासित कर दिया। इसके जवाबी प्रतिायिा में, भारत सरकार ने किसी भी संलग्नता से इंकार करते हुए, कनाडा के भी एक वरिष्ठ राजनयिक को निष्कासित कर दिया। इसमें कोईं दोराय नहीं है कि जस्टिन ट्रूडो के शासनकाल में कनाडा खालिस्तानी चरमपंथियों के लिए एक बेहद सुरक्षित स्थान बन गया है, जो भारत की सुरक्षा के लिए बेहद ही चिताजनक है। भारत में खालिस्तानी आंदोलन एक पृथक, संप्रभु सिख राज्य की लड़ाई है। विशेषज्ञों का यह मानना है कि यहाँ 'ऑपरेशन ब्लू स्टार', 'ऑपरेशन ब्लैक थंडर' जैसे कार्रवाइयों के बदौलत भारत सरकार ने इस आंदोलन को जड़ से मिटा दिया था। लेकिन, वास्तविकता यह है कि आज कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों इस आंदोलन के कईं बड़े समर्थक हैं, जो भारत की सुरक्षा और संप्रभुता को पलक देखते ही भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। भारत ने कईं अवसरों पर कनाडा से खालिस्तानी आतंकवादियों के विरुद्ध कार्रवाईं की अपील की, लेकिन वह इसमें पूरी तरह से विफल रहा। यहाँ तक भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में नईं दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी कनाडाईं प्रधानमंत्री से सिख विरोध प्रदर्शन के विषय में कड़ी चिता जताईं। लेकिन, इसका कोईं लाभ नहीं हुआ। भारत और कनाडा के बीच, 1947 के बाद से ही बेहद अच्छे संबंध रहे हैं और दोनों देशों के बीच वर्तमान समय में द्विपक्षीय व्यापार प्रति वर्ष 6 बिलियन डॉलर से भी अधिक है। अब जब, दोनों देशों के राजनयिक संबंध संकट में हैं, तो इस मुद्दे को लेकर पाकिस्तान और चीन जैसे आतंकी देश भी खूब उछल-वूद मचा रहे हैं। लेकिन, भारत को इसकी चिता बिल्वुल नहीं करनी चाहिए। वहीं, कनाडा और तमाम पामिी देशों को यह समझना होगा कि आज भारत 1980 के दौर का कोईं कमज़ोर और पिछलगुवा देश नहीं है। हम किसी भी स्थिति में अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से कोईं समझौता नहीं करने वाले हैं और हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने उन्हें यह जता भी दिया है। यदि हम हाल के वर्षो में भारत-कनाडा के बीच अंतरराष्ट्रीय संबंधों को लेकर गहन पड़ताल करें, तो पाएंगे कि प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल संभालने के बाद दोनों के रिश्ते ज्यादा बेहतर कभी नहीं रहे।

## देश दुनीया से

# जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन कोष

जलवायु परिवर्तन वर्तमान समय की एक ऐसी सच्चाई है जिसे अब हम नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। हमें इस नई वास्तविकता को स्वीकार करना ही होगा कि जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न आपदाएं अब हमारे आंगन पर अक्सर दस्तक देती रहेंगी और हमें आने वाले लंबे समय तक उनसे निपटना होगा। इस नई वास्तविकता को देखते हुए वर्तमान में एकमात्र चीज जो मायने रखती है, वह यह है कि हम भविष्य में इस चुनौती का सामना करने के लिए खुद को कितनी अच्छी तरह तैयार करते हैं। अगस्त महीने में हिमाचल ने जिस त्रासदी की पीड़ा सही, वह दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में लगभग रोजाना होने वाली तबाही की घटनाओं से अलग नहीं है। आज सारा विश्व बाढ़, सूखा, आग, भूस्खलन, तूफान, अत्यधिक गर्मी एवं सर्दी के प्रकोप से जूझ रहा है। विघटन और विनाश की यह लीला मानव सभ्यता का अंतिम पड़ाव तो नहीं हो सकता है, लेकिन यह निश्चित रूप से हमारे जीवन को बड़े पैमाने पर बदलने जा रहा है। कोई भी प्राकृतिक आपदा अघोषित रूप से आती है, इसलिए हम इसे अपने भाग्य पर छोड़ देते हैं और इसके प्रकोप से बचने के लिए केवल प्रार्थना पर आश्रित रहते हैं। वैज्ञानिक अध्ययन काफी समय से हिमालय क्षेत्र में बड़े भूकंप के आने का संकेत दे रहे हैं। ऐसी घटना के लिए हमारे पास कोई आपदा तैयारी योजना नहीं है क्योंकि हम जानते हैं कि भूकंप आज आ सकता है या अगले कई दशकों के बाद भी आ सकता है। इसलिए हम गणनात्मक जोखिम उठाने के लिए तैयार हो जाते हैं और अवैज्ञानिक निर्माण जारी रखते हैं। अपने शहरों पर और अधिक कंक्रीट भरते हैं और अधिक बांधों व जलाशयों का निर्माण जारी रखते हैं, इत्यादि। लेकिन आज मौसम के प्रकोप से उत्पन आपदाएं भूकंप जितनी विनाशक होने की क्षमता रखती हैं और निश्चित रूप से यह निरंतर दस्तक भी देती रहेंगी। ऐसी परिस्थितियों में यह महत्वपूर्ण है कि हमारे पास मौसम की अनिश्चितताओं से लडने के लिए एक ठोस योजना हो। लेकिन योजना चाहे कितनी भी अच्छी क्यों न हो, अगर उसे क्रियान्वित करने के लिए बजट न हो तो प्रयास बेकार जा सकता है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस दिशा में उन्मीद का जो दिया जगाया है, वह लम्बे समय तक हिमाचल की पहाडियों को आलोकित करता रहेगा। अपनी सारी बचत सीएम सहायता कोष में दान करके उन्होंने दूसरों के लिए एक उदाहरण तो स्थापित किया ही है, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए एक कोष बनाने की तत्काल आवश्यकता का भी संदेश है। यह अत्यधिक दुःख की बात है कि राज्य सरकार को हिमाचल में हाल ही में हुई तबाही को राष्ट्रीय त्रासदी घोषित करने और धन जारी करने के लिए केंद्र सरकार के सामने गिड़गिड़ाना पड़ रहा है। बरसात के महीनों में हिमाचल में हजारों करोड़ रुपए का नुकसान हुआ और सैकड़ों लोगों की जान चली गई। जो लोग पीड़ित हैं, वे निश्चित रूप से धीरे-धीरे अपना जीवन वापस समेट ही लेंगे, लेकिन परित्यक्त महसूस करने का बोझ उठाए बिना नहीं, अगर समय पर मदद उन तक पहुंचने में विफल रहती है। मुख्यमंत्री की तरह प्रदेश के अन्य लोग भी हरसंभव तरीके से राहत कार्यों में योगदान दे रहे हैं, लेकिन त्रासदी के पैमाने को देखते हुए कोई भी प्रयास कम पडना तय है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हिमाचल आपदा के मलबे से कृतसंकल्प के साथ उभरेगा, लेकिन भविष्य की नींव तो ठोस तथ्यों पर ही रखनी होगी। चूंकि राज्य धन की कमी के कारण मौजूदा स्थिति से निपटते समय एक कठिन सबक सीख रहा है, इसलिए यह निस्संदेह स्पष्ट है कि राज्य बाहरी मदद पर भरोसा नहीं कर सकता है। हमें अपने स्वयं के संसाधन उत्पन्न करने होंगे और अपनी प्रादेशिक आपदा प्रबंधन योजना तैयार करनी होगी। शुरुआत के लिए, वर्तमान सरकार द्वारा शुरू किए गए जल उपकर की तरह, हिमाचल में आने वाले हर पर्यटक से आपदा आकस्मिकता निधि के लिए उपकर जुटाया जा सकता है।


चूंकि राज्य धन की कमी के कारण मौजूदा स्थिति से निपटते समय एक कठिन सबक सीख रहा है, इसलिए यह निस्संदेह स्पष्ट है कि राज्य बाहरी मदद पर भरोसा नहीं कर सकता है। हमें अपने स्वयं के संसाधन उत्पन्न करने होंगे और अपनी प्रादेशिक आपदा प्रबंधन योजना तैयार करनी होगी। शुरुआत के लिए, वर्तमान सरकार द्वारा शुरू किए गए जल उपकर की तरह, हिमाचल में आने वाले हर पर्यटक से आपदा आकस्मिकता निधि के लिए उपकर जुटाया जा सकता है। अत्यधिक पर्यटन के बोझ से जूझ रहे बहुत से देश और शहर पर्यटकों से भारी कर वसूल रहे हैं। जाहिर है हिमाचल को भी ऐसा करना चाहिए, लेकिन यह पैसा प्रदेश वासियों के जीवन को सुरक्षित बनाने में लगाया जाए।

**जिले के सभी प्रखंडों में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शांति पूर्ण ढंग से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली गई**

# नबी सिर्फ इस्लाम धर्म वालों के लिए नही बल्कि पूरी दुनिया के लिए रहमत बनकर भेजे गए : उलमा ए एकराम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** जिला के प्रखण्ड हंटरगंज प्रतापपुर, लावालौंग, सिमरिया, टंडवा, पथलगड्डा, गिद्धौर, इटखोरी, मयूरहंड, एवं कान्हाचट्टी में जश्न ईद ए मिलादुन्नबी का पारंपरिक जुलूस बड़े ही अकीदत व एहतराम के साथ निकाला गया। प्रशासन के द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध किया गया था। ईद मिलादुन नबी के जुलूस में नात ए पाक पढ़ी जा रही थी।मुहम्मद का आमद मरहबा,पत्ता पत्ता फूल फूल या रसूल या रसूल के नारों से सड़क गली मुहल्ला गुंजमय होता रहा। जुलूस का नेतृत्व मस्जिदों के इमामों और सदरों के अतिरिक्त सामाजिक कार्यकर्ता और नेता कर रहे थे। नुक्कड़ सभाओं के द्वारा उलमाओं ने नबी ए करीम सल्लल्लाहु अलैहे वसल्लम की आमद (जन्म) और उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ईश्वर ने अपने नबी को मक्का में उसे समय मबऊस (पैदा) फरमाया जब पुरा मक्का ही पुरी दुनिया अंधभक्ति और जहालत में डूबी हुई थी। उस घनाघोर और अंधकार से निकलने का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा था। बेटियां जिंदा दफन की जा रही थी तो कही जलाई जा रही थी। भेदभाव छुआ छूत ऊंच नीच और खानदानो में लड़ाई, झगड़ा, कत्ल, हत्या चरम सीमा पर था कोई न्याय दिलाने या देने के लिए तैयार नहीं था।ऐसे विपरीत परिस्थिति में पैगंबर इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहे वसल्लम की आमद दुनिया के लिए एक रौशीन की किरण साबित हुई। उन से बचपन से ही नबूवत और नबी होने के इशारे नमूदार हो रहे थे। उन्होंने विपरीत परिस्थिति में एकवश्वर वाद का संदेश दिया तो मक्का के लोग विरोध पर खडे हो गए। उन्होंने ईश्वरीय शक्ति के बाबत कई अनूठे बात रखें जिससे लोग अचंभित हो उठे। उन्होंने कहा कि बेटियां ईश्वर की अनमोल तोहफा हैं। इन्हें जिंदा ना दफनाओ बल्कि उनकी शिक्षा दीक्षा और परवरिश पर पूरी तत्परता से ध्यान दो। समाज में बेटियां अछूत नहीं हैं। नबी मानवता का संदेश दिया और मानवीय मूल्यों को उजागर करते रहे। उनके व्यवहार, चरित्र और ईमानदारी से लोग प्रभावित होकर उनके पास सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपनी कीमती सामान रखा करते थे।लोगों के बीच इंसानियत और भाई चारे का पैगाम आम किया। हत्या लूट मार जैसे घिनौनी चीजों से लोगों को मना फरमाया। उलमाओं ने यह भी संदेश दिया की महिलाओं को सुरक्षा और मान सम्मान और बराबरी के अधिकार दिलवाए। उनके आमद से पहले महिलाएं दासियां या बिकाऊ चीज हुआ करती थी। सामाजिक ताना बाना और आपस में प्रेम मुहब्बत से जीवन गुजारने का संदेश दिया। इतना ही नहीं उनके जीवन में कई विपरीत परिस्थितियां आई परंतु सच और हक के साथ खड़े रहे।उन्होंने महिलाओं के शिक्षा पर जोर दिया।देश प्रेम का संदेश दिया। चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ कराया और कहा कि सभ्य और ईमानदार व्यक्ति ही खलीफा होगा। ईश्वर एक है का संदेश दिया। दुनिया का रचियता एक ईश्वर है और वही पूजनीय है।उलमाओं ने आगे कहा कि नबी ने फरमाया है कि दुनिया में किसी का हक न मारो किसी भी जीव जंतु को तकलीफ न दो।पड़ोसी का ख्याल रखा करो।अपने देश के नागरिकों को अपना भाई जानो।किसी के धार्मिक मामले में न पड़ो और ना ही उसे आहत पहुचाओ।

# शहीदे आजम भगत सिंह की मनाई गई जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत शहीद भगत सिंह चौक पर स्थित उनके प्रतिमा पर अंबेडकर विचार मंच के द्वारा दो मिनट का मौन के साथ माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अंबेडकर विचार मंच के मुख्य संरक्षक कॉम बिरजू राम ने कहा कि आज पूरा देश फासीवादी के दौर से गुजर रहा है भारत का संविधान और लोकतंत्र पर संकट मंडरा रहा है आज भगत सिंह के जन्म दिवस पर हमें संकल्प लेना होगा कि जिस आजादी के लिये भगत सिंह सहित हजारों लोगो ने अपनी कुर्बानियां दिये हैं उनके सपनों का भारत एक बार फिर गुलामी के कगार पर खड़ा है और हमें भारत के संविधान और लोकतंत्र को बचाना ही जयंती मनाना सार्थक होगा। मंच के मुख्य संरक्षक रवींद्र राम ने कहा कि भारत में शासन नहीं हिटलरशाही चल रहा है, आज देश को मुट्ठी भर चंद लोगो के हाथ बेचकर वर्तमान सरकार देश को कंगाल कर रही है आज देश का किसान मजदूर और नवजवान दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। जयंती सार्थक तभी होगा जब गरीब किसान नवजवान सभी खुशहाल होंगे। कार्यक्रम में शिक्षक नंदकिशोर राय भुनेश्वर राम, विष्णु प्रसाद, श्रीराम, बादशाह, अवधेश मेहरा कमलेश सिंह नंददेव सिंह अनिल राम सूरज कुमार धीरज कुमार कमलेश कुमार सहित कई लोग शामिल रहे।

## स्थानीय स्तर पे खेल के आयोजन से क्षेत्रीय खिलाड़ियों को मिलता है प्रतिभा दिखाने का मौका : अमित पाण्डेय



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजा मेदनीराय फुटबॉल टूर्नामेंट ग्राम सेमरी में आजसू पार्टी जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय के द्वारा फीता काट कर शुभारंभ किया गया।मौके पर टूर्नामेंट के संरक्षक राकेश सिंह आयोजनकर्ता उपेन्द्र सिंह बसंत सिंह एवं कमिटी के सभी पदाधिकारि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस तरह के आयोजन से क्षेत्रीय स्तर पे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी हुई प्रतिभाओ को बड़े मंच पे ले जाने के लिए ऐसे आयोजनों कि आवश्कता है। मौके पे सोनू राम राजेश यादव विनय सिंह बहादुर उरांव ओमप्रकाश पासवान अंतु सिंह नागेंद्र सिंह पारित सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में की गई घटिया सामग्री की आपूर्ति अविलंब वापस की जाए : जिप उपाध्यक्ष



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकीकृत बालूमाथ बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित 218 आंगनबाड़ी केंद्रों में बिना कोई विभागीय आदेश के आपूर्तिकर्ता द्वारा निम्न गुणवत्ता की कुर्सी, टेबल इत्यादि सामानों की आपूर्ति कर दी गई है। जिस पर लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने दोषी आपूर्तिकर्ता पर कार्रवाई की मांग की है। जिला परिषद ने बताया कि उन्हें सेविकाओं के द्वारा यह जानकारी दी गई कि उनके द्वारा यह सामग्री क्रय नहीं की गई है तो फिर ऐसी स्थिति में किस प्रकार बिना किसी विभागीय आदेश के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में सामान की आपूर्ति की गई है। उन्होंने आंगनवाड़ी सेविका से कहा कि आपूर्तिकर्ता द्वारा भेजे गए सामान को रिसीव नही करने की बात कही और कहा की आंगनबाड़ी सेविका सामान की खरीदारी स्वयं बाजार से करें। ताकि गुणवत्तापूर्ण सामग्री केंद्रों को प्राप्त हो सके। जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि इस संबंध में इसकी जानकारी रेनू रवि डीएसडब्ल्यो लातेहार को दे दी है। आपूर्तिकर्ता द्वारा सेविकाओं पर यदि भुगतान का दबाव दिया जाता है, तो यह गलत है द्य उन्होंने यह भी बताया कि जिला परिषद की आगामी बैठक में इस मामले को उठाया जाएगा और जल्द ही उपायुक्त महोदय से मिलकर इसकी जांच कराई जाएगी। अब ऐसे में यह सवाल उत्पन्न होता है की किस पदाधिकारी की मिली भगत से आपूर्तिकर्ता द्वारा जबरन सामानों की आपूर्ति कर दी गई है।

# बरवाडीह में धूमधाम से निकाली गई मोहम्मदी जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मुस्लिम धर्मावलंबियों की सबसे बड़े त्योहार बारावफात के मौके पर प्रखंड अंतर्गत सभी मुस्लिम क्षेत्रों में गुरुवार को आख़री पैगम्बर जनाब मोहम्मद सलल्लाहो अलैहे वसल्लम के यौमे पैदाइश व वफात पर जुलूस-ए मोहम्मदी बड़ी धूमधाम से निकली गई।इस मौके पर मदरसा कादरिया अब्दालिया गुलजार बाग, मदरसा फिरदोसिया लुहुर, कादरी नगर अहिरपुरवा, इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी छेंचा, पोखरी कला और बेतला समेत अन्य जगहों से जुलूसे मुहम्मदी सरकार की आमद मरहबा दिलदार की आमद मरहबा, यासिन की आमद मरहबा जैसे नारों के साथ निकाला गया। वहीं जुलूस मुख्यालय के रेलवे कॉलोनी से मस्जिद मोहल्ला के रास्ते बस स्टेंड होते हुए बाजार से गुलजार बाग मदरसा वापस लौटा जहां मिलाद शरीफ का एहतमाम करते महफिल को एखतेताम किया गया। इस प्रोग्राम में दाऊद नगर के पीर साहब के साहबजादे जनाब सैयद साबिर कादरी उनके भांजे शानू रहमान कादरी मौलाना खुस्तार जमाई, शमीउजामा, हाफिज इंतेशाम, हाफिज रहमत अली, हाजी नासिर खां, हाफिज बसीर, अश्फाक अहमद मुन्ना, फिरोज खान, सरवर अली समेत कई लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**ग्रामीणों को मौत के चौखट पर पहुंचा रहे हैं झोला छाप डॉक्टर**

# झोला छाप डॉक्टर से रहें सावधान ग्रामीण सरकारी अस्पताल का उठाएं लाभ : सिविल सर्जन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** डॉक्टर को भगवान कहा जाता है, जो बड़ी से बड़ी बीमारियों से आपकी जान बचा लेता है।लेकिन जिस आदमी को भगवान समझकर आप उसके पास अपनी जिंदगी बचाने की उम्मीद के साथ जाते हैं अगर वह नकली डॉक्टर या झोलाछाप डॉक्टर हो तो क्या होगा? ये समस्या ग्रामीण इलाकों में अक्सर हम आए दिन सुनते रहते हैं, कि झोलाछाप के द्वारा घर पर ही मरीज़ को ठीक करने का वादा किया जाता है जिसका नतीजा यह होता है कि मरीज कोई बड़ी बीमारी के चपेट में आ जाते हैं और मौत के मुंह में चले जाते हैं। ऐसा ही मामला जिले के बरवाहीह प्रखण्ड के अति सुदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित क्षेत्र चुंगरू पंचायत के नावाडीह ग्राम में एक झोलाछाप डॉक्टर के गलत इंजेक्शन के कारण स्थानीय निवासी 55 वर्षीय रामप्रसाद सिंह पिता स्व सुकट सिंह का मंगलवार को मृत्यु हो गई।मिली जानकारी के अनुसार झोलाछाप डॉक्टर मणितोश विश्वास उर्फ बंगाली पिछले दस वर्षो से चुंगरू पंचायत क्षेत्र में सक्रिय है, और वह घर- घर घूमकर ईलाज के नाम पर लोगों से पैसे लूटता आ रहा है। इधर स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक रामप्रसाद सिंह को लूज मोशन हो गया था। जिसपर झोलाछाप डॉक्टर बंगाली के द्वारा उन्हें एक ग्राम एंटीबैटिक इंजेक्शन दे दिया गया। इंजेक्शन पड़ते ही रामप्रसाद की हालत काफी गंभीर हो गई और उनके आधे घंटे के अन्दर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने जिले के वरीय अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग से मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की है।वहीं औषधि निरीक्षक कैलाश मुंडा ने कहा कि यह मामला मेरे संज्ञान में आया है तो मामले को जांच कर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। मामले में पुछे जाने पर लातेहार सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने कहा कि मेडीसन का रियेक्सन हो सकता है। इसलिए ग्रामीण झोलाछाप के चक्कर में नहीं रहें, सरकारी अस्पतालों में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं इसका लाभ उठाएं, आगे उन्होंने कहा कि संबंधित मामले को जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जिप उपाध्यक्ष के पहल पर बालूमाथ पांकी सड़क की मरम्मति कार्य शुरू



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जीप उपाध्यक्ष अनिता देवी के पहल पर गुरुवार को बालूमाथ पांकी सड़क की मरम्मति कार्य शुरू कर दी गयी है इस संबंध में जीप उपाध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीणों की लगातार शिकायत मिल रही थी कि बालूमाथ पांकी मुख्य मार्ग पर बड़े बड़े गढ़े हो जाने से राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा आये दिन सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है। जिसके बाद आरसीडी के कनीय अभियंता अरविंद कुमार एवं उमेश कुमार से बात किया तथा टूटे सड़क की जल्द मरमती करने की मांग की। जिसके बाद रास्ते मे बने गड्ढे का मरमति कार्य शुरू किया गया है आगे उन्होंने कहा कि विकास कार्य मे कोताही कदापि बर्दास्त नही की जाएगी। ज्ञात हो कि 125 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया बालूमाथ पांकी मुख्य पथ लगभग तीन वर्षो में ही गड्ढे में तब्दील हो गया था जिससे सड़क दुर्घटना में बृद्धि हुई थी।

# अकीदत व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया ईद मिलादुन्नबी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड में ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार गुरुवार को अकीदत और हजरत पैगम्बर के शान में मनाया गया। इस मौके पर महफिल-ए-मिलाद, कुरआन ख्वानी, फातिहा ख्वानी, नात ख्वानी आदि का आयोजन किया गया। मस्जिदों को फूलों, झालरों और गुब्बारों से सजाया गया। गुरुवार की सुबह तमाम मस्जिदों पर परचम कुशाई हुई फिर शान के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के शान में नारे बुलंद किए गए। मदरसा मजाहिरुल इस्लाम के नाजिम कारी अमानुल्लाह ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी का पर्व पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन का जश्न है। वे दुनिया के आखरी नबी थे जिन्होंने दुनिया को इंसानियत की सीख दी और नेक राह पर चलना सिखाया। उन्होंने कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनकी सच्ची इबादत है। जुलुस में सिमरिया, बन्हे, फतहा, सबानो, लिपदा, बकचोमा आदि दर्जनों गांवों से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस विभिन्न मार्गो का भ्रमण कर सिमरिया चौक पहुंची। जहां मदरसों के उलेमाओं आदि ने जुलूस को संबोधित किया। और हजरत मुहम्मद साहेब के जीवनी पर लोगों को बताया और कहा हजरत मुहम्मद साहब पहले नबी थे और आखरी नबी हैं आज उनका ईद मिलादुलनबी का दिन है जो पूरे देश राज्य में हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मौके पर हजारों इस्लाम पसंद मुस्लिम शामिल थे।

## हर्षोल्लास मनाई गई जश्ने ईद मिलादुन्नबी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** हर्षोल्लास के साथ प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिम बहुल क्षेत्र सरईडीह पोखरी कलां बेतला में ईद ए-मिलाद-उन-नबी हजरत मुहम्मद पैगम्बर साहब के यौमे पैदाइश के मौके पर पुरे गाजे बाजे के साथ पुरे क्षेत्र में नगर भ्रमण किया गया और इस्लाम धर्म का नारे लगाए गए मोहम्मदी जुलुस निकाला गया। जगह-जगह पर मुस्लिम कमिटी के युवाओं ने अपने बैनर तले लंगर खानी सिरनी पानी का अकीदतमंद लोगों के लिए व्यवस्था किया गया था।पोखरी कला पंचायत के मुखिया नीतू देवी, उप मुखिया सुल्तान अहमद अपने समर्थकों के साथ पहुंच कर जुलुस में शामिल हुए और जश्ने ईद ए मिलाद-उन-नबी का मुबारकबाद दी। वही सरईडीह पोखरी कलां समेत अपने अपने कर्बला पहुंच कर सलातोसलाम पढ़ जुलुस को समाप्त कर लोग अपनी अपनी घर वापस लौट आए जहां बच्चों में जुलुस के दौरान खासा उत्साह देखा गया। साथ ही मौके पर मुख्य रूप से हाजी मुमताज अली, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सलाम अंसारी, समाजिक कार्यकर्ता हेसामुल अंसारी उर्फ गुड्डू, अब्दुल सलाम अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अफ़ज़ल अंसारी, झारखंड आंदोलनकारी केन्द्रीय सचिव सह राजद के वरिष्ठ नेता अली हसन अंसारी, अरसदुल कादरी, परवेज़ आलम समेत काफी संख्या में कई गणमान्य लोग शामिल होकर जुलुस को सफल बनाया।

# हर्षनाथपुर के डीलर ने काट लिया अनाज, हुआ हंगामा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के हर्षनाथपुर गांव के डीलर ने सितंबर माह का अनाज काट लिया है जिससे आक्रोशित कार्डधारियों ने जबरदस्त हंगामा किया है। दर्जनों कार्डधारी मुखिया सुधीर कुमार सिंह के साथ अनुमंडल कार्यालय पहुंचे और अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास को लिखित शिकायत दी। कार्डधारियों का कहना था कि हर्षनाथपुर गांव दलित बाहुल्य गांव है और यहां के लोग अधिकांश मजदूर हैं। डीलर ने अगस्त माह का अनाज तो काट हीं लिया अब सितंबर माह में भी अंत्योदय कार्ड में पंद्रह किलो और लाल कार्ड में दस किलो अनाज काट रही है। साथ हीं पुरे अनाज पर अंगूठा लगवा रही है। कार्डधारियों ने अनुमंडल पदाधिकारी से मामले की जांच पड़ताल कर कार्रवाई की मांग की है। इधर मुखिया ने भी अनाज की लगातार कटौती और डीलर द्वारा कार्डधारियों से दुर्व्यवहार की निंदा की है और कार्रवाई नहीं होने पर कार्डधारियों के साथ धरना पर बैठने की चेतावनी दी है।

## मिलाद-उन-नबी का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से हुआ संपन्न




**मनिका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में ईद मिलादुन उन नबी की त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। इस अवसर पर मनिका प्रखंड क्षेत्र में दिन गुरुवार को हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग प्रखंड क्षेत्र से उपस्थित होकर मनिका के बड़ी गांव से रैली निकालकर मनिका के हाई स्कूल के मैदान तक पहुंचे जहां पर प्रमुख लोगों के द्वारा उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई मौके पर अख्तर अंसारी डॉक्टर कुलेंन अंसारी अकबर अंसारी करीम अंसारी कौसर अंसारी समेत हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित थे।

**ड्रग इंस्पेक्टर ने किया कई मेडिकल हॉल का निरीक्षण**

# सक्षम व्यक्ति व डॉक्टर के पर्ची के बगैर दवा नहीं देना है : ड्रग इंस्पेक्टर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के सिमरिया चौक स्थित कई मेडिकल दवा खाना में बीते देर शाम ड्रग इंस्पेक्टर कैलाश मुंडा एवं वारिस आलम ने संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण सृष्टि मेडिकल हॉल हजारीबाग रोड़, सना मेडिकल हॉल टंडवा रोड़, रांची मेडिकल हॉल बगरा रोड़, जमजम मेडिकल हॉल बगरा रोड़ का नाम शामिल है। जांच के दौरान दवाइयों का क्रय पत्र और विक्रय विपत्र तीन दिनों के अंदर कार्यालय चतरा को समर्पित करने का निर्देश दिया है। वहीं ड्रग इंस्पेक्टर ने सभी मेडिकलों से 33 दवाओं का नमूना अपने साथ जांच के लिए लिया गया है। साथ हीं हिदायत दी गयी है कि वगैर सक्षम व्यक्ति के मेडिकल हॉल में दवा किसी को नहीं दें। वहीं वगैर डॉक्टर के लिखी गयी पर्ची के कोई मेडिकल दवाखाना के दवा विक्रेता किसी को दवा ना दें। नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। आगे ड्रग इंस्पेक्टर श्री मुंडा ने कहा है कि यह निरीक्षण प्रतिवेदन क्षेत्रीय अनुज्ञापन पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया है। जब तक के लिए सभी संस्थान बंद रखने का आदेश दिया जाता है। यह निरीक्षण सिमरिया पुलिस के मौजूदगी में गयी। बता दें कि इन दिनों जेनरिक दवाइयों का बिक्री धड़ले से की जा रही है। जिसका नतीजा है कि आए दिन कहीं ना कहीं किसी की मौत हो जा रही है। चुकी जेनरिक दवाइयों की कीमत यदि प्रिंट में 200 रूपये है तो मेडिकल हॉल के संचालकों को महज 30 या 20 रूपये में उपलब्ध रहती है। वही दवा को मरीजों के लिए प्रिंट रेट में दी जाती है ।यही कारण है कि इन दिनों मेडिकल हॉल में अधिकतर जेनरिक दवाइयों का बिक्री ज्यादा की जाती है ज्यादा मुनाफ़ा के लिए। जबकि ब्रांड कम्पनियों की दवाइयों की कीमत जो प्रिंट में होता है वही मरीजों के लिए उपलब्ध होती है। हाँ उस पर भी मेडिकल हॉल संचालको का कमीशन कम प्रतिशत में जुड़ा रहता है। यदि जेनरिक दवाई पर जांच व लगाम नहीं लगाई गई तो आने वाले दिनों में इसका अंजाम आम मरीजों को ज्यादा भुगतना पड़ेगा।

# लोक प्रेरणा केंद्र द्वारा बाजबरन विवाह व सुरक्षित गर्भ पर कार्यक्रम किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** लोक प्रेरणा केंद्र के द्वारा बन्हे पंचायत भवन में अनुमंडल स्तरीय बाजबरन विवाह एवं सुरक्षित गर्भ समापन पर एक दिवसीय साझा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 12 गांव के महिला पंचायत प्रतिनिधि, स्वास्थ्य सेवा प्रदाता, आंगनबाड़ी सेविका एवं किशोरीयों ने हिस्सा लिया मौके पर संस्था अध्यक्ष अधीन महतो व सचिव मौसमी बाखला ने कहा कि जल्द एवं जबरन विवाह करना कानूनी अपराध है साथ ही साथ विश्व सुरक्षित गर्भ समापन पर चर्चा को आगे बढाते हुए उपस्थित स्वास्थ्य व प्रदाता, आंगनबाड़ी सेविका और किशोरियों से अलग-अलग सवाल जवाब किए गए। जहां उपस्थित सभी लोगों ने गर्भ समापन के विषय पर अपनी-अपनी विचार प्रकट करते हुए कहा कि गर्भधारण और सुरक्षित गर्भ समापन एक महिला का चयन व निर्णय का अधिकार है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के कार्यकर्ता प्रतिमा, रानी, सरोज, सुचिता, आरती, भूमिका ने अपना अहम योगदान दिया।

## वज्रपात से चार बच्चे घायल

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के रूद ग्राम में गुरुवार को हुए बज्रपात से चार बच्चा घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक डॉ अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक इलाज किया गया। मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती कुमारी 15 वर्ष पिता अंतू भुइयां, ललन भुइयां 15 वर्ष पिता सोमर भुइयां, सुनीता कुमारी 18 वर्ष पिता विष्णु भुइयां सभी ग्राम रुद एवं अजय भुइयां 18 वर्ष पिता बनारसी भुइयां ग्राम कुरियाव खुर्द बालूमाथ घायल हो गया। परिजनों ने बताया कि सभी चारों बच्चे बारिश से बचने के लिए अपने घर के समीप इमली के पेड़ के नीचे बच रहे थे ।इसी बीच एकाएक वज्रपात हुआ जिसकी चपेट में आ गए। घायल बच्चों में से अजय भुइयां अपनी बहन के ससुराल करमा देखने आया हुआ था और इसी बीच घटना घटी चिकित्सकों के अनुसार सभी घायल खतरे से बाहर है।

## बूथ सशक्तिकरण को लेकर कुंदा में भाजपाईयों ने की बैठक

**कुंदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंबेडकर चौक के समीप महावीर मंदिर परिसर में गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक मंडल अध्यक्ष अनिता कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। जबकि की संचालन सांसद प्रतिनिधि सह युवामोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार यादव ने किया।इस बैठक में पदाधिकारी व पंचायत संयोजक शामिल हुए बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह कुंदा मंडल प्रभारी प्रदीप केसरी ने संयोजक से बूथ सशक्तिकरण को लेकर मजबूती लाने को कहा, ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में पार्टी को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।कार्यकर्ता जोश-खरोश के साथ अपना कार्य एवं दायित्व को पूरा करें। बैठक में सांसद प्रतिनिधि गंदौरी साव, अम्बिका सिंह भोक्ता, पंच समिति सदस्या दिव्या कुमारी, लवकुश गुप्ता, रवि वर्मा, दिलेश्वर भोक्ता, घनश्याम यादव, महेंद्र ठाकुर समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रांची में आजसू पार्टी के राज्य स्तरीय महा अधिवेशन कल से शुरू

**बरही(हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता)**ः आजसू पार्टी का तीन दिवसीय राज्य स्तरीय महा अधिवेशन रांची में प्रारंभ हो रहा है। जिसमे आजसू बरही विधानसभा प्रभारी राज सिंह चौहान सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ महाधिवेशन में शामिल होंगे। उक्त जानकारी देते हुए श्री चौहान ने कहा की आगामी 29, 30 सितंबर एवं 01अक्टूबर को होने वाले अधिवेशन में कार्यकर्ताओं को पार्टी के विषय में कई जानकारियां दिया जाएगा। आगामी चुनाव के तैयारियों पर भी चर्चा होगी। जिसमे बरही से सैकड़ों कार्यकर्ता रांची के मोराबादी मैदान इस सम्मेलन में भाग लेने जाएंगे। महाधिवेशन में राज्य के युवाओं, महिलाओं और बुजुर्ग लोगों की समस्याओं, विचारों और सुझावों पर मंथन किया जाएगा।

## टीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू के नेतृत्व में दूसरे दिन भी चला सफाई अभियान

**बरही(हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता)**ः बरही चौक व उसके आसपास क्षेत्रों में टीएसएस केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू के नेतृत्व में दूसरे दिन भी सफाई अभियान चलाया गया। मौके पर जेसीबी मशीन लगाकर सफाई की गई। अरुण साहू ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि लोग स्वच्छता को महत्वपूर्ण मानें और बरही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए एकजुट हों। अभियान में टीएसएस के बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, मीडिया प्रभारी बबलू साहू, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, और युवाध्यक्ष सन्नी गुप्ता आदि मौजूद थे।अभियान के तहत, बरही चौक से गया रोड और धनबाद रोड में सड़कों पर फैली गंदगी को हटाया गया। मुखिया छोटन ठाकुर ने बताया की अभियान नागरिकों को स्वच्छता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने में मदद करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था और इसके माध्यम से बरही शहर को एक नई दिशा में बदलने का प्रयास किया गया। इस विशेष अभियान के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को जनता के बीच प्रसारित करने के लिए लोगों द्वारा इनकी खूब सराहना की जा रही है ।

## अलगड़ीहा में जलसा का आयोजन, विधायक हुए शामिल

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता)**ः बरही प्रखंड के अलगड़ीहा के मोहम्मदिया ग्राउंड में बरही के सुदूरवर्ती पंचायत के भारी संख्या में लोग इकट्ठा हुए। जहां 12 रबी उल अव्वल मोहम्मद साहब के पैदाइश के अवसर पर बड़ा जलसा का आयोजन किया गया।जलसा में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला, सांसद प्रतिनिधि सह जिप प्रतिनिधि गणेश यादव, अल्प संख्यक कल्याण महा समिति अध्यक्ष मो कैयूम, मीडिया प्रभारी मो तौकीर, सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू खान, मो जमीर उद्दीन ने अपने अपने विचार रखे। वहीं जलसा में ओलमा इकरम का तकरीर का आनंद लिया। संचालन हाफिज तैयब व मुफ्ती मुजाहिद के सदारती में कार्यक्रम संपन्न किया गया। जलसा में पूर्व मुखिया दसरथ यादव, मुनिलाल यादव, प्रभु यादव, संजय यादव, रमजान अंसारी, अब्दुल कैयूम हाजी साजीदुल्ला हाजी हासिम साहब, नईम खान, मो सखावत, जहूर मियां, मो तैयब अनवर अली, अज़ीम अंसारी, फकरुद्दीन, इलियास मियां, मुख्तार मियां, कलीम मियां, समीम अंसारी, मो महबूब, अफजल अंसारी, लियाकत अंसारी, हनीफ मियां, मुस्लिम अंसारी, असगर अली आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

## पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन की बैठक आयोजित

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता)**ः सिमरिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम डाडी मे पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के सौजन्य से चतरा जिला अध्यक्ष मोहन कुमार साहा, तथा सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष किशुन राम के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक किया गया। अध्यक्षता सत्यनारायण प्रसाद साहा ने किया। बैठक में शहीद राजेश कुमार के अधूरे स्मारक का निर्माण जल्द से जल्द करवाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर स्मारक के पास पूर्व सैनिकों ने साफ सफाई की।बैठक में अरविंद ओझा, उपकार सिंह, वासुदेव शाहू ,चतरा जिला अध्यक्ष मोहन कुमार शाहा, सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष किशुन राम, उपाध्यक्ष अमृत साव, एवं वरिष्ठ सलाहकार दिलीप कुमार, सिंह , तथा चतरा जिला प्रवक्ता ओम प्रकाश नारायण सिंह ,सोनू साव तथा सिमरिया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मनोज चंद्रा, सलीम अख्तर, आलोक रंजन ,जवाहर विश्वकर्मा ,सत्यनारायण प्रसाद साहा समेत डाडी पंचायत के सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित हुए।

## 7 अक्टूबर को प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम को लेकर करियातपुर में विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ किया बैठक

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता)**ः विधायक उमाशंकर अकेला के चौपारण स्थित आवास परिसर में शहीदे आजम भगत सिंह एवं अन्य स्वतंत्रता सेनानी महाभूतियों के प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। जिसका अनावरण 7 अक्टूबर को होना है। जिसे लेकर बरही विधानसभा स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हजारों की संख्या में पूरे विधानभसा समेत राज्यभर से लोग पहुचेंगे। जिसकी तैयारियां तेजी से की जा रही है। इसी निमित बरही प्रखंड के करियातपुर पंचायत भवन में पंचायत बरसोत, करियातपुर, धनवार, दुलमाहा और रानीचुआं के सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने बैठक कर कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया। मौके पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बासुदेव यादव, छट्ठू गोप, गाजो यादव, मुखिया मनोज कुमार, बिरेंद्र यादव, छोटेलाल यादव, राजू राणा, श्यामसुंदर यादव, राकेश रजक, मनोज मंडल, राम कुमार दास, गाजों टूडू, मो सरताज, रमेश चंद्रवंशी, राजदेव यादव, सुभाष यादव, अर्जुन पंडित, टिंकू केशरी, राजा राम बेसरा, गुलाम मुस्तफा, महेश प्रसाद कुशवाहा, संजय कुशवाहा, रवि कुमार, शिव शंकर यादव, बली यादव, बाबूलाल रविदास, उमेश यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## गोरहर में दुर्गा पूजा शोभा समिति गठन को लेकर हुई बैठक

**बरकट्ठा(हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता)**ः प्रखंड क्षेत्र के पंचायत गोरहर के दुर्गा मंदिर प्रांगण में मां शारदीय दुर्गा पूजा शोभा समिति का गठन को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक आहूत कि गई. बैठक की अध्यक्षता रामटहल महतो ने की जबकि संचालन कुंजीलाल महतो ने किया। बैठक में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर पूजा समिति एवं शोभा समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसमिति से पूजा समिति के अध्यक्ष कुंजीलाल महतो, सचिन रामटहल महतो, उपसचिव बारसुदेव महतो, कोषाध्यक्ष पुनीत महतो, उपकोषाध्यक्ष अशोक महतो, उपध्यक्ष अरुण कुमार का चयन किया गया। बैठक में प्रदीप महतो, जागेश्वर पासवान, दीपक पासवान, किशोर पासवान, सुखदेव महतो, बालेश्वर महतो, चिंतामणि महतो, रवि कुमार, मंगल महतो, तुलसी पासवान, लक्ष्मण मिर्धा, महावीर मिर्धा, थानु महतो, समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## मनसा पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण का आयोजन किया गया

**बरकट्ठा(हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता)**ः बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत गयपहाडी में मनसा पूजा के उपलक्ष्य पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जिस कार्यक्रम के उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव नें विधिवत द्वीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया।मौके पर जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी, डॅा आर0सी0 प्रसाद मेहता, उपप्रमुख सूरजी देवी, विस्सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया गंगपांचो चिंता देवी, मनोहर चौधरी,आदि थे।

# विष्णुगढ़ में मो.पैगम्बर की शान में सभी जगहों पर निकाला गया जुलूस




प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में लगभग सभी पंचायतो में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने बड़े शानो-शौकत से जगह-जगह पर जश्न ए ईद मिलांदुब्बी हजरत मोहम्मद पैगम्बर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की जन्मदिन पर शांतिपूर्ण तरीके से जुलुस निकाला गया। जश्न ए ईद मिलांदुब्बी हजरत मोहम्मद पैगम्बर के जन्मदिन पर जुलूस ए मोहम्मदी नबी के दीवानों ने जगमग लाइटों व झंडी,बैनर,झंडों से अपने घरों तथा गली-मोहल्ले सजा दिए।विष्णुगढ़ में चेडरा,नवादा, बराय,गैड़ा सहित अन्य स्थानों में नारा ए तकबीर एवं अल्लाहु अकबर के नारों के साथ भव्य जुलूस का आयोजन किया गया । इस पाक अवसर पर विष्णुगढ़ प्रमुख जैबुन निशा ने अमन एवं भाईचारे का सन्देश देते हुए सभी को मिलजुलकर एक दूसरे के साथ रहने की अपील की ।विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने हजरत मोहम्मद पैगम्बर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रवि अल अव्वल के मुबारक महीने में हजरत मोहम्मद पैगम्बर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का जन्म 12 रवि अल अव्वल 571 ईस्वी में हुआ था ।

## बिजली समस्या व ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत पर जनरल मैनेजर से पूर्व विधायक ने की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही(हजारीबाग):** बरही विधानसभा में बिजली की समस्या और कई ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत को लेकर संयुक्त बिहार के तत्कालीन मंत्री सह भाजपा नेता व पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने हजारीबाग बिजली विभाग के जनरल मैनेजर अशोक कुमार सिन्हा व अधीक्षण अभियंता सुधीर कुमार से मुलाकात किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने जनरल मैनेजर को बताया कि ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत लगातार क्षेत्र से उन्हें मिल रही है। लोग बिजली की व्यवस्था से परेशान है। बरही विधानसभा अंतर्गत बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत के बैरिशाल 100 केविए, धनवार पंचायत अंतर्गत कोरियाडीह व बरदाग में 100 केविए, चौपारण प्रखण्ड के डेबो पंचायत अंतर्गत कोरियाडीह में 100 केविए, नवादा में 100 केवीए, करमा पंचायत अंतर्गत वृंदावन 100 - 100 केविए के 2, दादपुर पंचायत अंतर्गत सिंहपुर में 63 केविए, पड़रिया पंचायत अंतर्गत इगुनिया 100 केवीए, भगहर, अम्बातरी, परसतारी, भगहर नावाडीह टोला, अम्बातरी हरिजन टोला में 63 केविए का ट्रांसफॉर्मर जला पड़ा है। वहीं पूर्व विधायक श्रीयादव ने उन्हें बताया कि हजारीबाग से ट्रांसफार्मर लाने व ले जाने में काफी परेशानी होती है। उन्होंने बरही में ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग सेंटर खोलने का मांग किया। इस बाबत जनरल मैनेजर ने पूर्व विधायक को आश्वस्त किया कि जल्द ही बरही में ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग सेंटर खोला जाएगा।

## प्रांतीय गणित, विज्ञान एवं संगणक मेला में बच्चों ने दिखाई वैज्ञानिक प्रतिभा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली में चल रहे तीन दिवसीय प्रांतीय गणित ,विज्ञान एवं संगणक मेला में बच्चों ने वैज्ञानिक सोच पर आधारित विभिन्न प्रकार के मॉडल की प्रस्तुति कीद्य इस मेले में अजय कुमार तिवारी ,प्रदेश सचिव ,विद्या विकास समिति ,झारखंड ने कहा - गणित, विज्ञान एवं संगणक के क्षेत्र में प्राचीन एवं अर्वाचीन उपलब्धियां से अवगत करते हुए उनमें क्रिया आधारित अध्ययन अवलोकन अन्वेषण एवं संश्लेषण प्रवृत्ति का विकास करना तथा तर्कपूर्ण नवाचार को प्रोत्साहित करना इस मेला का उद्देश्य है द्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक प्रतिभा विकसित करना तथा भारत की गौरवशाली संस्कृति का ज्ञान करवाने के उद्देश्य से इस मेले का आयोजन हुआ द्य उन्होंने चंद्रयान 3 की सफलता में विद्या भारती के 10 पूर्व छात्रों का योगदान है द्यजिसमें से तीन छात्र झारखंड राज्य के हैं।

# केन्द्रीय महाधिवेशन में एक लाख आजसू पार्टी के पदाधिकारी होंगे शामिल : विकास राणा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष विकास राणा के नेतृत्व में राँची में आयोजित आजसू पार्टी का तीन दिवसीय केन्द्रीय महाधिवेशन जो कि आगामी 29 सितम्बर, 30 सितम्बर और 1 अक्टूबर को मोरहाबादी मैदान रांची में आयोजित की गई है इसकी तैयारी की समीक्षा की गई और कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि आजसू पार्टी का तीन दिवसीय केन्द्रीय महाधिवेशन 29, 30 सितम्बर और 1 अक्टूबर को मोरहाबादी राँची में आयोजित होगा । जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि झारखण्ड के पूर्व उपमुख्यमन्त्री सह आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अगुवाई में पुरे झारखण्ड से एक लाख आजसू पार्टी के पदाधिकारी इस महाधिवेशन में शामिल होंगे । तीन दिवसीय महाधिवेशन में आजसू पार्टी झारखण्ड के ज्वलंत विषयों पर, झारखण्ड के वर्तमान हालत पर और झारखण्ड निर्माण के उद्देश्य पर विस्तार पूर्वक चर्चा करेगी । केन्द्रीय महाधिवेशन में हज़ारीबाग जिला से हज़ारों की संख्या में आजसू पार्टी के जिला कमिटी, प्रखण्ड कमिटी, पंचायत कमिटी एवं ग्राम प्रभारी शामिल होंगे । इसकी तैयारी में मुख्य रूप से केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य विजय वर्मा, केंद्रीय समिति सदस्य आनन्द सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, महानगर अध्यक्ष आफ़ताब आलम, महिला मोर्चा की केन्द्रीय सचिव संगीता बारला, महिला जिला अध्यक्ष सुहानी एक्का, आजसू के वरिष्ठ नेता मो यूनुस हुसैन,आदि थे।

# जश्ने ईद मिलाद उन नबी पर हजारीबाग में निकाली गई जुलूस ए मोहम्मदी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हज़ारीबाग़ :** 12 रबी उल अव्वल यानि जश्ने ईद मिलाद उन नबी के मौक़े पर गुरुवार को हज़ारीबाग़ में जुलूस ए मुहम्मदी शान और शौकत के साथ हर्षोल्लास के साथ निकाला गया । लोगों में इस बार जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर बहुत ही ज्यादा उत्साह देखने को मिला । हज़ारीबाग़ शहर के अलावा अग़ल बग़ल के गाँव से भी जुलूस शहर पहुँच । पहला जुलूस हज़ारीबाग़ जामा मस्जिद से निकला जो अपने निर्धारित मार्ग होते हुए पुनः जामा मस्जिद पहुँचा । इस मौक़े पर जामा मस्जिद के पेशे इमाम मुफ़्ती जलील साहब ने तक़रीर किया । ऐसे ही अन्य मुहल्लों से आये जुलूस में तक़रीर के अलावा नात शरीफ पढ़ी गई इधर ईद-मिलादुन्नबी की को लेकर इस्लामिक झंडे से सजे मस्जिद व मुहल्ले की गलियाँ सजाई गई । बताते चले कि इस्लामी माह रबीउल अव्वल शरीफ की बारह तारीख पैगंबर -ए- इस्लाम हजरत मुहम्मद के यौम-ए-पैदाइश का दिन हैं।

## शौर्य जागरण रथ यात्रा सह धर्म सभा को लेकर चलाया जा रहा है जनसंपर्क अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)**ः प्रखंड के करियातपुर पंचायत में आगामी 1 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से 9 बजे तक होने वाला शौर्य जागरण रथ यात्रा व धर्म सभा को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। अभियान करियातपुर के आस पास के सभी गांव में जाकर बैठक के माध्यम से की जा रही है। श्रद्धालुओं में रामलला का रथ देखने के लिए काफी उत्साह देखने को लिए मिल रहा है। शौर्य जागरण रथ यात्रा में करियातपुर के विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता सभी गांव जाकर शौर्य जागरण रथ यात्रा को सफल बनाने के लिए काफी प्रयास कर रहे हैं। बैठक में विश्व हिंदू परिषद प्रखंड सामाजिक समरसता प्रमुख चंदन कुमार केसरी ने कहा कि यह करियातपुर में शौर्य जागरण रथ यात्रा एक ऐतिहासिक होगा। हम सभी सनातनी एक छत के नीचे आएंगे और सनातन धर्म को मजबूत करेंगे। वही संतोष प्रजापति ने शौर्य जागरण यात्रा को विस्तार रूप से बैठक के माध्यम से बताने का कार्य कर रहे हैं। वहीं धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद शौर्य जागरण रथ यात्रा को लेकर काफी उत्साहित दिख रहें हैं ।

### जश्ने ईद मिलादुन्नबी की शान में बरही में निकाला गया जुलूस

# पैगंबर मोहम्मद साहब पूरे जहान के लिए रहमत बनकर आए : कारी अब्दुल कय्यूम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)**ः बरही व इनके आसपास के क्षेत्रों में पैगंबर-ए-इस्लाम की जन्मदिवस की खुशी में ईद मिलादुन्नबी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न जगहों पर मुस्लिम समुदाय के लोग गुरुवार को शान से जुलूस ए मोहम्मदी निकाला। जुलूस में बड़ी संख्या में सभी लोगों ने शिरकत की। हाथों में इस्लामी झंडे लेकर पैगंबर ए-इस्लाम की शान में नात पढ़ते चल रहे थे। जुलूस ए मोहम्मदी अपने परंपरागत रास्तों से होकर गुजर रहे थे। जिनमें बरही के चौक मोहल्ला, दरगाह, मोहल्ला, थाना मोहल्ला, शादी मोहल्ला, कोनरा शाकरी मोहल्ला,



आजाद मोहल्ला आदि के लोग शरीक थे। सभी जुलूस बरही चौक के पास जमा हुए और आपसी मिलन करते हुए अपने गंतव्य स्थानों पर वापस लौटे। इस दौरान जगह-जगह पर जुलूस का स्वागत व मिठाइयां बाती जा रही थी। वहीं रसोईया धमना, डपोक, गरजामो, धनवार, बरसोत आदि स्थानों में पैगंबर ए-इस्लाम की शान में जुलूस निकाली गई। इस दौरान बरही पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखी। मौके पर बरही एसडीओ पूनम कुजूर, डीएसपी नजीर अख्तर, सीओ रामनारायण खालको, टीएसएस केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान सहित पुलिस बल मौजूद थे। मौके पर विधानसभा अल्पसंख्यक मोर्चा महाकल्याण समिति विस अध्यक्ष मो कयूम अंसारी ने कहा कि सभी पर्व से बढ़कर ईद मिलादुन्नबी का पर्व है। 12 रब्बीउल अव्वल की सुहानी घड़ी में पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पैदाइश हुई थी।

## 108 एंबुलेंस चालक पर प्राणघातक हमला विधायक मीडिया प्रतिनिधि ने जाना कुशलक्षेम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** आपातकालीन समय में जरूरतमंदों का साथ व सेवा देने वाले 108 एंबुलेंस सेवा चालकों पर जब अपराधी सेवा के दौरान प्राणघातक हमला कर दें तो इंसानियत और राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठने लाज़मी हैं। उक्त बातें हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बीती रात्रि हजारीबाग जिले में संचालित एक 108 एम्बुलेंस चालक और उसके फार्मासिस्ट पर हुए प्राणघातक हमले पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। दरअसल हजारीबाग स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल से एक 108 एम्बुलेंस एक बर्न केस की रेफर मरीज को बेहतर इलाज के लिए रिम्स लेकर गई थी। मरीज को रिम्स में भर्ती कराने के बाद एम्बुलेंस चालक और एम्बुलेंस के फार्मासिस्ट वापस हजारीबाग लौट रहें थे तभी देर रात्रि राष्ट्रीय उच्च पथ- 33 पर चरही के 14 माइल के पास सुनी जंगल के बीच पहले से सुनियोजित तरीके से घात लगाए बैठे कुछ अज्ञात अपराधियों ने मरीज बनकर पहले एंबुलेंस को हाथ दिया। एम्बुलेंस चालक ने इंसानियत पेश करते हुए गाड़ी रोकी ताकि अगर जरूरतमंद मरीज हो तो मदद कर सके ।

## सांसद जयंत सिन्हा करवा रहे हैं निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सांसद ह सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत वे हज़ारीबाग लोकसभा की पांचों विधानसभाओं में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करवा रहे हैं। बरही, सदर व मांडू विधानसभा में इन शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इसी क्रम में 28 सितम्बर को बड़कागांव विधानसभा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने शिविर का लाभ लिया। इस शिविर में आंख, शुगर, ब्लड प्रेशर, डेंगू, मलेरिया व टाइफाइड समेत अन्य महत्वपूर्ण जांचें निशुल्क की गयीं। यहाँ जनरल फिजिशियन भी उपस्थित थे। जनता ने इस शिविर की काफी सराहना की और इसके लिए जयंत सिन्हा को धन्यवाद दिया।

## शहीद ए आजम भगत सिंह सिर्फ क्रांतिकारी ही नहीं एक बड़े दार्शनिक भी थे : सीटू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** भगत सिंह के 116 में जयंती पर सीपीएम ने एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता तपेश्वर राम और संचालन विपिन कुमार सिन्हा ने किया इस अवसर पर सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा कि भगत सिंह क्रांतिकारी देशभक्त ही नहीं बल्कि एक अध्ययनशील विचारक, कलम के धनी, दार्शनिक, चिंतक, लेखक, पत्रकार और महान इंसान थें. उन्होंने 23 वर्ष की छोटी-सी आयु में फ्रांस, आयरलैंड और रूस की क्रांति का गहन अध्ययन किए थें. वें हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी, पंजाबी, और आयरिश भाषा के मर्मज्ञ चिंतक और विचारक थें. भगत सिंह भारत ने देश में समाजवाद के पहले व्याख्याता थें. उनका मानना था कि समाजवादी व्यवस्था से ही सारे समस्याओं का समाधान हो सकता है. उनके विचार आज भी प्रासंगिक है. आज जिस प्रकार अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता, भेद भाव फैल रहा है वो उनके विचारों के विरूद्ध है. मैं नास्तिक क्यूँ हू, अछूत समस्या, बम का दर्शन जैसे कई लेख लिख कर लोगों को जागरूक किया. आज देश के सभी नौजवानों को भगत सिंह द्वारा लिखा गया हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन का घोषणापत्र पढ़ना चाहिए।

# चरही सहित पूरे कोलयंचल में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर खुशी से झूमते नजर आए लोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** चुरचू प्रखंड सहित चरही कोयलांचल क्षेत्र के सभी जगहों पर गुरुवार को 12 रबी उल अव्वल यानी ईद - मिलाद - दुन - नबी का त्यौहार धूमधाम के साथ मनाया गया। रबी उल अव्वल इस्लामिक इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण महीना है, क्योंकि इस महीने में पवित्र पैगंबर मोहम्मद सले आलेही वसल्लम के जन्म हुआ था। इसलिए इस महीने को हमारे प्यारे पैगंबर मोहम्मद साले आलेही वसल्लम के जन्म दिन के महीने के रूप में जाना जाता है। पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्म से पहले, लोग अज्ञानता और अंधेरे की स्थिति में रह रहे थे। वे विभिन्न देवताओं की पूजा करते थे, वे अल्लाह की राह से भटक रहे थे। जैसे ही पैगंबर सलेआलेही वसल्लम का जन्म हुआ, वह अपने साथ सत्य का संदेश, अल्लाह का संदेश, उनकी एकता लेकर आए। यह संदेश लोगों को ज्ञान के मार्ग की ओर ले गया, जिससे उन्हें सही



और गलत के बीच अंतर करने में मदद मिली। इस दिन जुलूस ए मोहम्मदी में नात खानी के साथ पूरे गली मोहल्ले में खुशी का इजहार करते हैं और जगह जगह पर लंगर खानी का भी इंतेजाम किया जाता है। हुजूर की आमद मरहबा के साथ आवाज बुलंद करते नजर आए। इस त्यौहार में सभी अपने अपने घर भी सजाया जाता है और घर पर फातिहा खानी तथा मिलाद खानी का कार्यक्रम रखा जाता है । वही इस त्योहार में हजरत मोहम्मद के जन्मदिन के अवसर पर यह त्योहार हर वर्ष मनाया जाता है जिसमें लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और सुबह ही से सज धज कर अपने घरों से निकलते हैं तथा अपने गली मोहल्लों और घरों को सजाते हैं। हजरत मोहम्मद सलेआलेही वसल्लम इस्लाम धर्म में आखरी पैगंबर इन्हें सभी पैगंबर में सबसे ऊंचा मुकाम भी दिया गया है। सभी लोग उनकी कही हुई सिखाई हुई बातों पर चलते हैं और उनकी राह पर चलने की कोशिश करते हैं।इस मौके पर चरही, परेज , प्रेमनगर कजरी ,करीमगंज ,पिपरा,जरबा,इंदिरा, बसाडीह सहित अन्य स्थानों पर यह त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। । वही चरही पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तेदी के साथ जुलूसे मोहम्मदी में रहे।

# 108 एम्बुलेंस चालक के साथ लूटपाट कर किया घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हज़ारीबाग़ :** एसबीएमसीएच से मरीज़ को लेकर रांची रिम्स भर्ती करवा कर लौट रहे इमरजेंसी 108 एम्बुलेंस ड्राइवर के साथ मरीज़ के परिजन बनकर पहले एम्बुलेंस को रुकवा गया उसके बाद मरीज़ को लाने के बहाने एम्बुलेंस के ड्राइवर और इएमटी के साथ लूटपाट और मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया । पूरा मामला आपको बता दें कि हज़ारीबाग़ के एसबीएमसीएच से बीते रात बर्न संबंधित मरीज़ को रिम्स राँची के लिए रेफर किया गया । उसी मरीज़ को इमरजेंसी सेवा 108 एम्बुलेंस द्वारा रिम्स में एडमिट करवाकर वापिस हज़ारीबाग़ आ रहे द । इसी दरमियान 14 माइल के समीप कुछ लोगो द्वारा नाटकीय तरीक़े से एम्बुलेंस को रुकवाया गया जिसके बाद एम्बुलेंस वालों से कहा गया कि हाइवे से नीचे मरीज़ को लेकर आना है जिसके बाद एम्बुलेंस के चालक और



ईएमटी मरीज़ को लेन उनके साथ चले गये इसी दौरान उन लोगो द्वारा दोनों के साथ मारपीट कर पैसे और मोबाइल की छिनताई कर ली गई , इसी दरमियान एम्बुलेंस चालक को धारदार चाकू से मारकर बुरी तरह घायल कर दिया गया है । वन्ही अभी एसबीएमसीएच में घायल एम्बुलेंस ड्राइवर का इलाज चल रहा है। इधर एम्बुलेंस चालक और ईएमटी द्वारा अस्पताल में मौजूद पुलिस के समक्ष पूरी जानकारी दी गई है ।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# हेसला मनुवां फुलसराय में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर जुलूस निकाला गया

## धूमधाम के साथ मनाया गया पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का पैदाइशी दिन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के मौके पर बृहस्पतिवार को हेसला मनुवा फुलसराय सहित गांव- कस्बों में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। ईद मिलादुन्नबी का त्योहार पैगम्बर मोहम्मद हम्मद साहब की पैदाइशी की यादगारी में मनाई जाती है। इस जुलूस में हेसला ,मनुआ , फुलसराय , अंसारी मोहल्ला, कयला टोंगरी के हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। यह जुलूस फुलसराय कैला टोंगरी से निकला गया,मनुआ होते हुए हेसला , अंसारी मोहल्ला होते हुए हेसला मस्जिद में आ कर समाप्त हुई। जुलूस में तकरीर नातिया कलाम सलाम दुवाएं पढ़कर पैगम्बर हजरत मोहम्मद का जन्मदिन




मनाया गया।मस्जिद और मदरसों के इमामो ने तलवा अपने नबी के शान में नात और मनकबात पड़े। और अपने नबी के पैगाम को दुनिया वालों को बताया । साथ ही अपने देश हिंदुस्तान के लिए अमनो चैन की दुआ की। उसके बाद सलातो सलाम के बाद दुआ की और जुलूस खत्म हुआ।पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब ने दुनिया वालों को खास पैगाम दिया था। उनका पैगाम था कि आप रात में भोजन करने के पूर्व अपने घर के चारों दिशा चालीस घर देख लें कि कोई भूखा तो नहीं है। अगर आप नाजायज का खाना खाते हैं तो वो हराम हो जाता है। दूसरा पैगाम है कि यदि किसी मजदूर से आप मजदूरी करा रहे हैं तो उस मजदूर का पसीना सूखने से पहले उसकी मजदूरी का भुगतान कर दें। तीसरा पैगाम है कि आप जिस देश मे रहते हैं उस देश से इतना मोहब्बत करें कि जरूरत पड़े तो देश की रक्षा के लिए सर भी कटाने को भी तैयार रहें।इस मुख्य रूप से शामिल हुए मौलाना आलम राजा, कारी मुस्ताक, कारी हैदर नवाजी, मौलाना अब्दुल मुस्तफा , हाफिज नसीम मसूदी , कारी सरफराज , हेसला सदर राजा खान, फुलसरा सदर खुर्शीद , मनुआ रफीक , इम्तियाज़ खान , बबलू खान, अरमान खान, सोमू खान , इस्लाम राजा, राफीक इस्माइल आदि मौजूद थे।

# जूट क्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सीसीएल दरभंगा हाउस सीएसआर कार्यक्रम ÷ट्राइबल हाट÷ के योजनान्तर्गत रिवॉल्यूशनरी यूथ फ़ाउंडेशन तथा अमर जागृति केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में ÷जुट क्राफ़्ट÷ प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत बरकाकाना के घुटुआ ग्राम में की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिवोल्यूशनरी यूथ फाउंडेशन के डायरेक्टर अमर कुमार सिंह ने की तथा संचालन मो. इक़बाल अंसारी के द्वारा किया गाया ।मौक़े पर वार्ड पार्षद गीता देवी मौजूद रहीं। इस मौके पर अमर कुमार सिंह ने बताया की ट्राइबल हाट कार्यक्रम के द्वारा सीसीएल संपूर्ण रामगढ़ तथा भविष्य में पूरे झारखंड के आदिवासी तथा ग्रामीण इलाक़ों में रहकर किसी भी प्रकार के उत्पाद कर निर्माण कर रहे कलाकारों को प्रशिक्षण देने तथा बाहर से जोड़ने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने आदिवासी तथा जनजातीय ग्रामीणों द्वारा बनाये जा रहे परंपरागत वस्तुओं को वर्तमान में प्लास्टिक प्रदूषण के ख़िलाफ़ लड़ने का मुख्य हथियार बताया।गीता देवी ने ग्रामीणों को सीसीएल सीएसआर अन्तर्गत चलाये जाने वाले विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया तथा जुट हस्तकला से जुड़े रोज़गार के विभिन्न अवसरों के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीसीएल के प्रभाव क्षेत्र में आने वाले तमाम ग्रामीण क्षेत्रों को चिन्हित कर उन्हें प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोड़ना तथा प्रशिक्षित करना है। मौक़े पर रवि बेदिया, विशाल कुमार तथा कई महिला एवं पुरुष लाभार्थी उपस्थित थे।

# शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती की के अवसर पर आरवाईए आइसा, ने माले कार्यालय से सुभाष चौक तक जुलूस निकाला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती के अवसर पर आरवाईए,आइसा ने माले कार्यालय से सुभाष चौक तक जुलूस निकाला और भगत सिंह को याद करते हुए सभा की। जुलूस के दौरान भगत सिंह तुम जिंदा हो छात्रों के अरमानों में, खेतों और खलियान में, रोजगार को मौलिक अधिकार बनाओ , शिक्षा रोजगार पर हमला नहीं चलेगा, शिक्षा रोजगार दे ना सके जो, वो सरकार निकम्मी है जो सरकार निकम्मी है वो सरकार बदलनी है,शहीदों का है यह पैगाम जारी रखना है संग्राम, शिक्षा रोजगार के लिए आइसा ,आरवाईए की लड़ाई जिंदाबाद , भगत तुम्हारे सपने को मंजिल तक पहुंचाएंगे इत्यादि नारे लगाए।सभा को संबोधित करते हुए इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के जिला अध्यक्ष जयबीर हंसदा ने कहा कि सरकार रोजगार देने के बड़े-बड़े वादे के साथ सत्ता में आई लेकिन रोजगार देने में पूरी तरह फेल हो गई। आज पूरे देश का नौजवान रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है लेकिन सरकार है कि रेल समेत लगभग सभी सरकारी संस्थाओं को निजी हाथों में सौंप कर रोजगार देने से ही पीछे हटती जा रही है। दो करोड़ रोजगार की बात छोड़ दीजिए, स्थाई रोजगार को भी सरकार भरने के बजाय




खत्म करने में लगी हुई है। प्रदेश समेत पूरे देश में नौजवान रोजगार आयोग में भ्रष्टाचार, पेपर लीक, आरक्षण घोटाला, नकल माफियाओं के खिलाफ सड़कों पर लड़ने के लिए मजबूर है लेकिन सरकार इन समस्याओं को दूर करने पर ध्यान नहीं दे रही है।ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के जिला सचिव अंजली ने कहा कि सरकार रेल समेत सभी सार्वजनिक क्षेत्रों का निजीकरण करके रोजगार खत्म कर रही है और जो सरकारी नौकरी में आरक्षण मिलता था वो भी समाप्त हो जा रहा है। नई शिक्षा नीति के द्वारा सरकार शिक्षा को बाजार के हवाले कर दे रही है। पहले भी पैसे के अभाव में गरीब नौजवान पढ़ाई से वंचित रह जाते थे अब गरीबों का पढ़ना बंद ही हो जाएगा। विश्वविद्यालय में महंगी होती फीस के खिलाफ लड़ रहे नौजवानों को जेल भेजा जा रहा है।

# सयाल में मोहम्मद पैगम्बर साहब की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल में हजरत पैगम्बर मोहम्मद साहब का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वही इस दौरान सयाल मदरसे से जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस निकाला गया।इस बीच जुलूस में शामिल सभी के हाथ में झंडा, माथे पर पट्टी बैनर लिए एक से बढ़कर एक नात और तकरीर प्रस्तुत कर लोगों ने जुलूस निकाला जो सयाल मदरसे से शुभारंभ हुई जो सयाल आठ नंबर से होते हुए सौंदा टिपला में समापन हुआ। इस दौरान सयाल आठ नंबर के समीप सयाल उतरी पंचायत के जनप्रतिनिधीयो का स्वागत किया गया,वही जुलूस में उपस्थित लोगों ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब को याद किया।



जश्न-ए ईद मिलाद-उन-नबी के मौके पर यह जुलूस निकाला गया। जहां बूढ़े, बच्चे, युवा, महिला-पुरुष सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पैगंबर मोहम्मद साहब की जयंती पर जुलूस ए मोहम्मदी में शामिल मौलाना मोहम्मद अफरोज,मोहम्मद जियाउल्ला,नौशाद खान,अली हसन खान,लल्लू,मोहम्मद इरफान,आलमगीर आलम,मेयाज अहमद,जशीम अंसारी,सयाल उतरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सतेन्द्र यादव, पुर्व जिला पार्षद प्रतिनिधि विरेन्द्र पासवान, पंचायत समिति प्रतिनिधि कृष्ण साव इत्यादि लोग शामिल थे।

# जश्ने ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** गोला प्रखंड क्षेत्र के गोला,चाड़ी, बंदा, सोसो कलां, मगनपुर, बेटूल, जांगीं, हुप्पू, बरियातु, कुसुमडीह, संग्रामपुर, साड़म इत्यादि गांवों में पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की यौम-ए-पैदाइश पर ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जगह जगह पर मदरसों और मस्जिदों से जुलूस का काफिला निकाला गया।इस दौरान नारे तकबीर अल्लाहो अकबर, हुजूर की आमद मरहबा,जैसी सदाएं वातावरण में गूंज रही थीं। हर जगह गली मोहल्लों को आकर्षक फूल मालाओं के साथ सजाया गया था तथा हर घरों के बाहर जश्ने ईद मिलादुन्नबी के झंडे लगाए गए थे।इस दौरान सोसो कलां गांव में अंजूमन गौसिया के द्वारा यहां पर जुलुस का काफिला मदरसा गौशिया दारुल केरात से होते हुए गांव के गली मोहल्लों से होकर कब्रिस्तान तक पहुंचा जहां पर यहां के ईमाम मौलाना महमूद आलम नूरी के द्वारा देश की सलामती व अमन चैन तरक्की की दुआएं मांगी।इस दौरान जगह जगह पर काफिले में शामिल लोगों के बीच मीठी मीठी पकवान तकसीम किए गए।मदरसे पर जश्न-ए-मिलाद की महफिल सजाई गई। हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की यौम-ए-पैदाइश की खुशी में उनके जीवन पर रोशनी डाली गई। उनके शान में नात शरीफ पढ़ा गया तथा तकरीरें पेश की गई। अंत में सलाम पढ़कर सभी लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को बारह रब्विल उल अव्वल की मुबारकबाद दी।

# यह अधिवेशन आजसू पार्टी का नही, बल्कि झारखंड के सभी सवा तीन करोड़ लोगों का अधिवेशन होगा : मनोज़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आजसू पार्टी जिला कार्यालय में छावनी परिषद कमिटी के बैठक किया गया। जिसके मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि अनुज तिवारी,विभन सिंह, कुलदीप वर्मा उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल एंव संचालन सचिव नीरज मण्डल के द्वारा किया गया। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए मनोज़ कुमार महतो ने बताया कि पूरे प्रखंड से हज़ारों कार्यकर्ता तीन दिवसीय महाधिवेशन में होंगे शामिल।आजसू पार्टी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महाधिवेशन में प्रथम एवं द्वितीय दिन पूरे झारखंड से 5 हज़ार पदेन पदाधिकारी भाग लेंगे और अंतिम दिन खुला अधिवेशन है जिसमे पूरे झारखंड से 1 लाख से अधिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होकर झारखंड की दिशा और दशा को तय करेगी।? उन्होंने बताया कि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो एवं गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में होने वाले महाधिवेशन को राज्य का अधिवेशन बनाना चाहते है,इसके लिए राज्य के प्रत्येक गांव का प्रतिनिधित्व महाधिवेशन में शामिल होंगे।प्रदेश के सभी युवाओं, महिलाओं,बुजुर्गो की समस्यओं, विचारों और सुझावों पर मंथन हेतु पार्टी के महाधिवेशन का आयोजन हो रहा है। यह अधिवेशन आजसू के 1 लाख पदेन पदाधिकारियों का नही,बल्कि झारखंड के सभी सवा 03 करोड़ लोगों का अधिवेशन होगा।इस आयोजन में राज्य के सभी 32 हज़ार गांव के प्रतिनिधि शामिल होंगे और राज्य के विभिन्न विषयों पर विचार का आदान प्रदान करेंगे।

# गिद्दी जामा मस्जिद से निकली ईद मिलादुन्नबी जुलूस-ए-मोहम्मदी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्दी :** गुरुवार को गिद्दी जामा मस्जिद से सुबह 9 बजे जोश के साथ निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी पैगंबर- -ए- इस्लाम मोहम्मद साहब का यौमे पैदाइश का दिन जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी अकीदत और जुलूस के साथ मनाया गया डांडी प्रखंड के हैदर नगर पछाड़ी, मोढा,डोका बेड़ा,चूल्हा बेड़ा कई जगहों सेजुलूस-ए-मोहम्मदी जोश-खरोश के साथ निकाले गये जुलूस में पैगंबर साहब की शान में अकीदतमंदों ने सरकार की आमद मरहबा मुख्तार की आमद मरहबा पत्ती-पत्ती, फूल-फूल, या रसूल, या रसूल..., मुस्तफा जाने रहमत पर लाखों सलाम...जैसे नारे लगाय जुलूस में अकीदतमंद बड़े-बड़ेपरचम लहराकर चल रहे थे और गाड़ियों को फूलों से सजाया गया और लोगों पर फूलों की बारिश भी किया गया और जुलूस आगे बढ़ता गया इस जुलूस में बच्चे वह बड़े कतार बंद होकर चल रहे थे गिद्दी जामा मस्जिद के इमाम मुजाहिद हुसैन ने एक से एक तकरीरों से समां को बांधे रखा जुलूस में शामिल अनवर खान, भोला खान, मोहम्मद खुर्शीद, मोहम्मद यासीन, मोहम्मद हमीद, मोहम्मद इनाम, मोहम्मद कासिम, मोहम्मद सुभान, बबन, गुलजार, रौनक, गुलाम मुस्तफा, हाजी शमशुल, मोहम्मद एजाज, मोहसिन खान, मोहम्मद इरफान, सलीम शहजादा, जमील रैन, शमीम अंसारी, इजहार अंसारी, हाजी मुख्तार आलम, हाजी रशीद, अख्तर अंसारी, फारूक अंसारी, मुबारक अंसारी, आदि थे ।

# एफपीओ सिस्टम में किसान को उत्पाद के भाव अच्छे मिलेंगे : सुधीर मंगलेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के होन्हे पंचायत सचिवालय में एफपीओ दुलमी एग्रोटेक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का दूसरा वार्षिक आम सभा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से शामिल हुए दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश दुलमी एग्रीटेक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का 2022-2023 वित्त वर्ष एजीएम मीटिंग होनहे पंचायत सचिवालय मे आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से केवीके के वैज्ञानिक इंद्रजीत कुमार दुलमी प्रखंड उप प्रमुख धर्मवीर महतो, बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, होनहे मुखिया राजीव मेहता, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर बबलू मंडल सर, रविकांत महतो बिंदु महतो शिवलाल महतो बासुदेव महतो सभी बोर्ड सदस्य एवं सभी सम्मानित शेयर धारक उपस्थित हुए। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि किसानों का एक समूह होगा, जिससे उससे जुड़े किसानों को न सिर्फ अपनी उपज का बाजार मिलेगा बल्कि खाद, बीज, दवाइयों और कृषि उपकरण आदि खरीदना आसान होगा।

# कुजू कोयलांचल व आसपास के क्षेत्रों में निकाली गई जुलूस ए मोहम्मदी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुजू :** कुजू कोयलांचल व आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को मुस्लिम संप्रदाय के लोगों ने हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। जगह जगह तोरणद्वार, भव्य पंडाल,झंडे बैनर, पताका से क्षेत्र को सजाकर जुलुस-ए-मोहम्मदी निकालकर खुशी मनाया। नए नए परिधानों में सजे लोगों ने पगड़ी बांधकर व इस्लामी झंडा के साथ आसपास के प्रमुख इलाकों का भ्रमण करते हुए अल्लह-हू-अकबर, नारे तकदीर आदि नारे लगाए। मौके पर की स्थानों पर जलसा व तकरीर का आयोजन किया गया। मुल्लाओं सहित अन्य लोगों ने तकरीर के माध्यम से हजरत मोहम्मद साहब के इंसानियत के पैगाम को जन-जन तक पहुंचाया। जुलूस में बच्चे, बुढ़े, युवाओं के साथ महिलाएं भी काफी संख्या में शामिल हुई। लोगों के नारे व नात से पूरा इलाका गुंजायमान रहा। क्षेत्र के तोपा चौक, कुजू चौक, रतवे, दिगवार, करमा, सांडी समेत कई अन्य स्थानों पर कुरान का तिलावत किया गया। जुलूस में तोपा के मौलाना वाजिद कसाफी, इमाम सेराजुद्दीन, मौलवी जहीरउद्दीन, समीर मियां, अनवर अंसारी, रूस्तम आदि थे।

# आकाश ने स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में अर्जित की सफलता

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिगवार निवासी निरंजन कुशवाहा के पुत्र आकाश कुमार ने बिहार स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2022 ( बीएसएससी-सीजीएल ) में सफलता हासिल किया है। उसकी इस सफलता पर क्षेत्र के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।लोगों के बीच खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार इस प्रतियोगिता के पीटी में 9 लाख, मेंस में 11 हज़ार 5 सौ परीक्षार्थी शामिल हुए थे।जिनमें महज 24 सौ परीक्षार्थी सफल हुए। आकाश के पिता प्राइवेट स्कूल में कार्यरत हैं। मां सुनीता देवी, गृहिणी ने बताया कि प्रारंभिक काल से आकाश मेधावी रहा है।



# चुम्बा में रबी उल अव्वल बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चुम्बा में गुरुवार को रबी उल अव्वल बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अवसर पर इस्लाम धर्म की मान्यताओं के मुताबिक इस दिन इस्लाम के आखिरी पैगंबर मुहम्मद साहब का जन्म दुनियावी बुराइयों को खत्म करने के लिए हुआ था। ये त्यौहार इस्लामिक हिज्री कैलेंडर के मुताबिक साल के तीसरे महीने यानि रबी रबी उल अव्वल की 12वीं तारीख को मनाया जाता है। पूरे चुम्बा गांव में शांति पूर्वक जुलूस घुमाया गया। मौके पर आलम अंसारी, अब्बास अंसारी, सिद्धीक अंसारी, कलाम अंसारी, कुर्बान अंसारी, आजाद अंसारी, आमरण अंसारी, सन्वार अंसारी, मिनाज अंसारी, नसीम अंसारी आदी कई बच्चे, महिलाएं, पुरुषों एवं ग्रामीण शामिल थे।

## उरीमारी मदरसे से निकली इद मिलाद-उन-नबी की जुलूस

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी में जुम्मा रात के दिन हजरत पैगम्बर मोहम्मद साहब का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वही जश्ने इद मिलादुन्नबी के अवसर पर उरीमारी क्षेत्र के मदरसा कॉलोनी से जुलूस निकाला गया जो क्षेत्र के पीला क्वाटर, सी टाइप,चीफ हाउस से थाना कॉलोनी व चेकपोस्ट से होते हुए मदरसे के पास जुलूस समाप्त हुआ।वही इस जुलूस मे राकोमयू के क्षेत्रिय सचिव सह कांग्रेसी नेता राजू यादव भी शामिल हुए। वहीं यादव ने कहा पैगम्बर मोहम्मद साहब की जयंती सामाजिक कुरीतियो,गैर बराबरी और नफ़रत से इंसानी समाज को छुटकारा दिलाने का पैगाम देता है वहीं इस दौरान मौलाना मोहम्मद जशीमुद्दीन, मोहम्मद मुमताज, मोहम्मद फिरोज सदर, सचिव इकबाल, मोहम्मद हसन रजा सदर, मोहम्मद सगीर अंसारी, मोहम्मद तशलीम अंसारी, मोहम्मद असलम अंसारी, मोहम्मद गुलाम वारिस,रेंजर,मासुम, डाक्टर जीआर भगत, सतीश कुमार, कमलेश कुमार इत्यादि लोग मौजूद थे वही मदरसा गौसिया कमिटी के तमाम मेमरान कमिटी के नेतृत्व में जुलूस का आगाज हुआ।



## भाजपा बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला की बैठक संपन्न हुई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा जिला कार्यालय दिग्वार में बुथ सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला की बैठक संपन्न हुई । इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरि ने किया। संचालन महामंत्री सुनील प्रसाद साहू ने किया धनबाद ज्ञापन उपाध्यक्ष संजय शाह ने किया इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश पूर्व विश्व सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद उपस्थित हुए । बैठक में रामगढ़ नगर परिषद के पदाधिकारी एवं मांडू विधानसभा में पढ़ने वाले 10 शक्ति केंद्र के संयोजक 32 बूथ अध्यक्ष उपस्थित हुए । इस बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह हजारीबाग लोकसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत पांडे रामगढ़ नगर परिषद के प्रभारी जिला मंत्री राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा जिला मंत्री संजीव कुमार बावला भोला सिंह कुशवाहा रामप्रसाद मलिक छठी लाल गौतम राम मंजू देवी रणधीर सिंह हरि कुशवाहा कमलेश बेतिया रोहन लाल विनोद प्रसाद अनिल यादव प्रमोद यादव मुकेश ठाकुर नरोत्तम सिंह राजेश महतो दुलाल पांडा तेज नारायण कुशवाहा शिबू प्रजापति वीरेंद्र प्रजापति मुकेश शाह बिट्टू कुशवाहा राजेश प्रजापति प्रदीप प्रसाद शंकर करमाली भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## करम पर्व प्रकृति ओर संस्कृति के प्रति आस्था का देता है संदेश : राजीव जायसवाल

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला प्रखंड अंतर्गत बरियातू पंचायत के टोनागातू में बुढाकरम के अवसर पर करम महोत्सव सह झूमर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। करम महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बीजेपी रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जयसवाल उपस्थित हुए। अतिथि के पहुंचने पर कमेटी के सदस्यो एवं स्थानीय लोगो ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस महोत्सव में आस पास गांव के झूमर नृत्य करने वाले कई दल ने हिस्सा लिया। वही कार्यक्रम में शामिल दलों ने झूमर गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। वही कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए बीजेपी नेता राजीव जयसवाल ने कहा कि करम पर्व झारखंडी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है.करमा झारखंड संस्कृति एवं प्रकृति से जुड़ा पर्व है.करमा भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है.बहनें अपनी भाई की लम्बी उम्र की कामना उपवास कर करती है । झारखंड की संस्कृति को बचाए रखने के लिए युवाओं को आगे आने की आह्वान किया, झारखंड की पहचान झारखंड की संस्कृति से है.समाज की महिलाएं अपने भाई के दिर्घायु होने के लिए भी पूजा करती हैं. समाज के युवा अपने पूर्वजों को आदर्श मानकर उनकी जीवनी से प्रेरणा लें और समाज के उत्थान में अपनी भागीदारी निभाएं।



## नमामि गंगे योजना के तहत 30 सितंबर को रजरप्पा मंदिर परिसर में होगा भव्य गंगा आरती का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नमामि गंगे योजना के तहत 15 सितंबर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक की अवधि को स्वच्छता ही सेवा अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर 30 सितंबर 2023, शनिवार को शाम 5:30 बजे से रजरप्पा मंदिर परिक्षेत्र अंतर्गत दामोदर एवं भैरवी नदी के संगम पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में वीडियो संदेश जारी करते हुए उपायुक्त ने सभी जिले वासियों से 30 सितंबर को नमामि गंगे योजना के तहत रजरप्पा मंदिर परिसर में आयोजित गंगा आरती में शामिल होने की अपील की है वहीं उन्होंने सभी को जानकारी दी है कि जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक के समीप गांधी घाट को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने का निर्णय लिया गया है जिसके उपरांत गांधी घाट पर भी नियमित रूप से आरती का आयोजन किया जा सकेगा वहीं पर्यटकों व जिले वासियों के लिए वोटिंग, बच्चों के लिए विभिन्न खेलकूद की सुविधाएं आदि भी वहां उपलब्ध होंगी। इसे लेकर भी उपायुक्त ने सभी जिले वासियों को अपने महत्वपूर्ण सुझावों से जिला प्रशासन को अवगत कराने की अपील की है।

## रामगढ़ नागरिक मंच ने अमित साहू का किया भव्य स्वागत

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित होने के बाद झंडा चौक में रामगढ़ नागरिक मंच के सदस्यों के द्वारा अमित साहू का स्वागत एवं सम्मान समारोह किया गया । इस अवसर पर रामगढ़ नागरिक मंच के संस्थापक सदस्य सरदार अनमोल सिंह ने कहा कि हम लोग के यह गर्व की बात है कि आज हम लोग के बीच का कोई व्यक्तित्व इतने ऊंचे अहोदे पर पहुंचा है। हम लोग सभी इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस मौके पर साहू समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता उर्फ छोटू जी, सुनील मालाकार, रतन कुमार ,बुद्धदेव गुप्ता धीरज कुमार साहू , प्रमोद कुमार, मनोज कुमार, उत्तम कुमार, रघु साहू , मिट्ठू रजक, बैजू कुमार, सोना कुमार, राजीव कुमार, गौतम साहू, समेत अनेक सदस्य मौजूद थे।

## अरगड्डा- सिरका में ईद मिलादुन्नबी को लेकर निकला जुलूस

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, बुधबाजार के मुस्लिम धर्मा लंबियों ने गुरुवार को जश्ने ईद मिलादुनबी को लेकर गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाला। बताया कि आज ही के दिन पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। उन्होंने दुनिया के लिए रहमत और अमन चैन का पैगाम लेकर आए थे। जुलूस श्रमिक स्टेडियम अरगड्डा में इकट्ठा हुआ। यहां पैगंबर साहब को याद करते हुए मिलाद के बाद लोगों के बीच सिरनी बांटी गई। सभी ने एक दूसरे को मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी। मौके पर मौलाना वहाब, मौलाना मुबारक हाफिज, एहसान हाफिज, नौशाद, सरफराज, सलीम, इम्तियाज, इरशाद, सुहेल, राजा, इकबाल, हारून, साजिद, मोहम्मद समसुद समेत कई लोग उपस्थित थे।



## पर्यावरण मंच के समाजसेवी प्रशांत ने प्लास्टिक उपयोग नहीं करने पर किया जागरूक

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा निवासी सह पर्यावरण मंच के प्रदेश संयोजक प्रशांत बेलथरिया ने गुरुवार को लोगों से प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने पर संकल्प लेने की बात कहीं। इस दौरान फलदार व छायादार पौधो का भी वितरण किया। बताया गया कि प्राकृतिक बचाने के लिए हम सभी को मिलकर इसे सुरक्षित रखना होगा। प्लास्टिक जो की नष्ट नहीं हो पता इससे पर्यावरण प्रदूषण का खतरा लगातार बना हुआ हैं। इसे रोकने के लिए हम सभी को खुद से शुरुआत करने की आवश्यकता हैं। मौके पर दीनानाथ महतो आदि मौजूद थे।



## शिविर लगाकर मरीज को दिए गए दवा के साथ उचित परामर्श

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के सेंवटा शिव मंदिर के समीप गुरुवार को सेल रिफ्रैक्टरीज यूनिट रांची रोड द्वारा मरीजों के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। जिसका विधिवत उद्घाटन ईफिको के महाप्रबंधक विपिन बिहारी कांता व मौजूद कई अन्य अधिकारियों ने दीप जलाकर किया। इस दौरान चिकित्सा शिविर में शामिल चिकित्सक डॉ दीपांकर एवं डॉ अभिषेक कुमार सिंह ने क्षेत्र से आए मरीजों की जांच की।. साथ ही निशुल्क दवा देते हुए स्वस्थ रहने के लिए कई उचित परामर्श दिए।. शिविर में प्रवीण कुमार गुप्ता, आनंद कुमार सिन्हा, आरके गुप्ता, कैमुल हक, सुरेश यादव, नरेश प्रसाद, किरण सोरेंग,आदि थे ।

## नियाह फाउंडेशन ने मनाया ईद-मिलाद-उन-नबी का त्यौहार



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जश्ने ईद मिलाद उन नबी की ख़ुशी में नियाह फाउंडेशन ने शमशेर नगर स्थित सिक्का गार्डन मे मिलाद के कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बुज़ुर्ग, औरते और बच्चे सभी शामिल हुए। कार्यक्रम में नात, तकरीर और इस्लामिक क्विज़ कॉन्टेस्ट भी रखा गया। साथ-साथ दुनिया को पैगाम देते हुए बच्चों ने नाट्य भी प्रस्तुत किये। हिंदुस्तान हमारा है और नमाज़ी कहाँ है जैसे संदेश समाज को दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ. महफूज आलम और अपना हॉस्पिटल के मालिक मोहम्मद सलाउद्दीन उपस्थित थे। कार्यक्रम मे प्राचार्या आफरीन खातून, सैयद तहसीन, नसीरुद्दीन अंसारी, तफ़ज़ील अहमद, आशिफ़ इक़बाल, डॉ. तमन्ना निगार को उनको समर्पित सेवा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम बेहद सफल रहा। नियाह फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. शबा आलम खान की दीन व दुनिया दोनों को संवारने के जज्बे का साथ देने वालों मे टीम की सदस्य सेहर बानो, मोहम्मद इरफ़ान और नोमान नदवी ने मिल कर हजरत पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदीन को बेहद शानदार बनाया।

## रक्तदान शिविर का आयोजन कर दिया मानवता का संदेश




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर झरिया के नीचे कुल्ही में मुस्लिम युवाओं द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 55 लोगों ने रक्तदान किया। आयोजनकर्ता अखलाक अहमद ने बताया कि पिछले 5 वर्षो से ईद मिलादुन्नबी के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में रक्तदाता स्वेच्छा से आते हैं और रक्तदान करते हैं। बताया कि विशेष कर ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य मे शिविर का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि जिस प्रकार हमारे नबी मुहम्मद साहब ने पूरे विश्व को मानवता का पाठ पढ़ाया उसी प्रकार हम युवा भी उनके बताए मार्गो पर चलते हुए रक्तदान कर किसी की जिंदगी बचा कर मानवता का धर्म निभा सकें।

## पाटलिपुत्र और गया के मध्य पितृपक्ष मेला स्पेशल का होगा परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** गया में लगने वाले पितृपक्ष मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पाटलिपुत्र और गया के मध्य गाड़ी संख्या 05553/05554 पाटलिपुत्र-गया-पाटलिपुत्र पितृपक्ष मेला स्पेषल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। इस स्पेषल ट्रेन का पचिालन 29.09.2023 से 14.10.2023 तक प्रतिदिन किया जाएगा । गाड़ी संख्या 05553 पाटलिपुत्र-गया पितृपक्ष मेला स्पेषल 29.09.2023 से 14.10.2023 तक पाटलिपुत्र से प्रतिदिन 10.30 बजे प्रस्थान कर 14.00 बजे गया पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 05554 गया-पाटलिपुत्र स्पेषल 29.09.2023 से 14.10.2023 तक गया से प्रतिदिन 14.45 बजे प्रस्थान कर 18.25 बजे पाटलिपुत्र पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिषा में यह स्पेषल ट्रेन पाटलिपुत्र और गया के बीच फुलवारीषरीफ, पटना, पुनपुन, पोठही, तारेगना, जहानाबाद, मखदुमपुर गया और बेला स्टेषनों पर रूकेगी ।

## टीएमसी नेता मुख्तार ने बाबूलाल से की मुलाकात, कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने गुरुवार को झारखंड हज कमिटी के पूर्व चेयरमैन रिजवान खान के न्योता पर झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से सर्किट हाउस में मुलाकात की। इस दौरान धनबाद के कई ज्वलंत मुद्दों को लेकर भी चर्चा हुई। श्री मरांडी ने उन्हें रांची आने का भी न्योता दिया। इसके पूर्व मुख्तार अहमद ने श्री मरांडी को पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर शादाब आलम, मनोउवर अख्तर, नुमान खान समेत अन्य मौजूद थे।

# जश्ने-ईद मिलादुन्नबी : सरकार की आमद मरहबा दिलदार की आमद मरहबा की नारों से गूंजा धनबाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** इस्लाम धर्म के आखिरी संदेश वाहक हज़रत मुहम्मद साहब के दुनिया में आगमन का त्यौहार ईद मिलादुन्न नबी पूरे कोयलांचल में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में चहल पहल और काफी रौनक देखने को मिली। दिन के 10 बजते बजते जुलूस की शक्ल में मुस्लिम समाज के लोग सड़कों पर दिखने लगे। एक हाथ में इस्लामी हरा झंडा तो दूसरे हाथ में भारत की शान तिरंगा लहरा रहा था और सभी की जुबां पर सरकार की आमद मरहबा दिलदार की आमद मरहबा गगनचुंबी नारों की गूंज से गया पुल और श्रमिक चौक के पास की छटा देखते ही बन रही थी।

शहर के कोने कोने से जुलूस धनबाद रेलवे स्टेशन के समीप मज़ार तक पहुंची। रांगाटांड श्रीमिक चौक के पास नौजवान कमिटी पुराना बाज़ार द्वारा जुलूस की स्वागत के लिए भव्य मंच बनाया गया था जो आकर्षण का केन्द्र बना हुआ था। बड़ी सी स्क्रीन लगाई गई थी और ड्रोन के द्वारा जुलूस की मॉनिटरिंग की जा रही थी। नौजवान कमिटी की ओर से श्रद्धालुओ के स्वागत में फूलों की बारिश की गई एवम फल वितरण किया किया गया। पेय जल, शरबत, एम्बुलेंस और फर्स्ट एड की व्यवस्था भी नौजवान कमिटी की ओर से किया गया था। राहगीरों एवम एम्बुलेंस को गुजरने में कोई कठनाई ना हो सड़कों पर नौजवान कमिटी के सदस्य ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करते नजर आए। बताते चलें कि आज नौजवान कमिटी पुराना बाज़ार ने इंसानियत की सेवा में बेमिसाल 11 साल का सफर तय किया है जो वाकई काबिल ए तारीफ है। नौजवान कमिटी पुराना बाज़ार के संस्थापक सदस्य सोहराब खान बताते हैं की आज से 11 वर्ष पूर्व हम लोगों ने इंसानियत की सेवा का सफर शुरू किया था। इस सफर में नौजवान कमिटी पुराना बाज़ार के सदस्यों की मेहनत से नौजवान कमिटी पुराना बाज़ार ने धनबाद जिले में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज के इस खास मौके पर नौजवान कमिटी पुराना बाज़ार के हर एक साथी का बहुत बहुत आभार, हम लोग आगे भी इंसानियत की सेवा का ये सफर निरंतर जारी रखेंगे। नौजवान कमिटी के संस्थापक सदस्य सह सामाजिक कार्यकर्ता सोहराब खान एवम इमरान अली ने ईद मिलादून्न नबी के पावन अवसर पर धनबाद वासियों को बधाई दी और बताया कि इस्लाम धर्म के आखरी संदेश वाहक हज़रत मुहम्मद साहब का दुनिया में आगमन सिर्फ मुस्लिमों के लिए ही नही पूरी इंसानियत के लिए हुआ था। मुहम्मद साहब ने अमन, चैन, आपसी भाईचारा, सौहार्द जरूरतमंदों की सेवा, अपने वतन से प्रेम और निष्ठा का जो संदेश दिया था, आज उनके संदेश को जीवन में लागू करने की जरूरत है।



### नौजवान कमिटी पुराना बाजार द्वारा इंसानियत की सेवा के बेमिसाल 11 साल : सोहराब खान

नौजवान कमिटी के मंच पर पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, मनोज मालाकार, कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह, सुलतान अहमद खान, रविन्द्र वर्मा, बैभव सिन्हा, अभिजीत राज, अनवर शमीम, तबरेज़ आलम, डा.नुमान सिद्दीकी, उपेंद्र सिंह, युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के संयोजक सह सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप सिंह, सरदार अमरजीत सिंह, आजसू बुद्धिजीवी मंच के वंशराज सिंह कुशवाहा, ट्रैफिक डीएसपी राजेश कुमार, बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय, जीटा महासचिव राजीव शर्मा, नवगठित चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के विजय सैनी, संजय पांडेय, पवन सोनी, संजय सांवरिया, बंटी रितोलिया, नौजवान कमिटी के संरक्षक जावेद खान, नायब अली, अफ़ज़ल ख़ान, निसार आलम, सामाजिक कार्यकर्ता सह व्यवसाई प्रकाश गोयल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में नौजवान कमिटी पुराना बाज़ार के सोहराब खान, इमरान अली, अफ़ज़ल अंसारी, गुलाम मुरसलीन, सलाउद्दीन महाजन, तनवीर अंसारी, अफरोज खान, हुमायूं रज़ा, परवेज़ खान, बाबू खान, मो शहाबुद्दीन आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## टुंडी : जश्ने-ईद मिलादुन्नबी उत्साह पूर्ण माहौल में संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड क्षेत्र के कमारडीह जामा मस्जिद में आज गुरूवार को सभी मुस्लिम समाज के लोगों ने मिलकर पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब को याद करते हुए मिलाद उन नबी का त्योहार बड़े ही उत्साह पूर्ण माहौल में मनाया। बताते चले कि आज ही के दिन पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिन भी है एवं शहादत दिवस भी होने से इसे लोग खुशी और गम दोनों को साथ लेकर मनाते हैं। आज के इस मिलाद उन नबी त्योहार में मुस्लिम समाज के सभी लोग कमारडीह जामा मस्जिद के दरबार में एकत्रित हुए और अमन चैन कायम रखने हेतू दुआऐं मांगी और उसके बाद जुलूस के शक्ल में पूरे कमारडीह गांवों का भ्रमण किया और कई तरह के नारों से पूरा माहौल को खुशी में तब्दील कर दिया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता गाँव के हाजी इमाम जब्बार ने किया जबकि समाजसेवी सलाहउदीन साहब ने संचालन कर बड़े ही उत्साह पूर्ण माहौल में मिलाद उन नबी का त्योहार मनाया। मौके पर पूर्व वार्ड सदस्य जाहिद अंसारी,मोहम्मद सफीक, मोहम्मद अनवर, वार्ड सदस्य इफ्तेखार अंसारी, मोहम्मद नईम अंसारी, पूर्व मुखिया अब्दुल रसीद अंसारी ,मोहम्मद निसार, मोहम्मद इकबाल,मोइनुल इस्लाम, मोहम्मद सदाम का सराहनीय योगदान रहा।

## गद्दी नौजवान कमिटी ने जुलूस में शामिल लोगों का किया स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर नया बाजार गद्दी नौजवान कमेटी के सदस्यों ने सुभाष चौक के पास भव्य मंच बनाया जहां अतिथियों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। साथ ही जुलूस में शामिल लोगों के बीच फल, जल एवं अन्य खाद्य सामाग्री का वितरण किया। कमिटी के सदस्यों ने सुरक्षा में तैनात जवानों के बीच पगड़ी और खाद्य सामग्री देकर उनका स्वागत किया। साथ ही चौक चौराहों पर ट्रैफिक व्यवस्था बनाये रखने में अहम भूमिका निभाई। मौके पर उपस्थित मोहम्मद नौशाद गद्दी ने समस्त देश वासियों को ईद मिलादुन्नबी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



इस अवसर पर पार्षद प्रत्याशी सह समाजसेवी शमीम अख्तर, जुबैर आलम, नौशाद गद्दी, नसीम गद्दी, फिरोज गद्दी, अखतर गद्दी, हसन गद्दी, सद्दाम गद्दी, परवेज गद्दी, शमशाद गद्दी, तनवीर गद्दी, एख्लाक गद्दी, एजाज गद्दी सहित अन्य जुलूस की सेवा में सक्रिय रहे।

## बिरनी में शांति पूर्वक से मनाई गई जश्ने ईद मिलादुन्नबी



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में गुरुवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी बड़े हीं हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस्लाम धर्मावलंबियों के मान्यताओं के अनुसार जश्ने ईद मिलादुन्नबी एक तरह हुजूर की पैदाइश के मौके पर जुलूस निकाल कर मनाई जाती है।बता दे कि चिरुडीह बलगो खाखीपिपर, खेदवारा,बलिया मदनगुंडी, नगड़ी द्वरापहारी, मनकडीहा, भरकट्टा, कुबरी, दोनिया, दलांगी करमा समेत अन्य गांवों में जुलूस निकालकर हुजूर की पैदाइश पर उन्हें याद किया गया। वहीं पूर्वी क्षेत्रो चिरुडीह और खाखीपिपर अंजुमन में बच्चों और बच्चियों के लिए मुकाबले का प्रोग्राम रखा गया।चिरुडीह अंजुमन में पाँच गांवों के अंजुमन शामिल हुए, बलगो, पूर्वी बलगो, पहरियाडीह, चरघरा, वही खाखीपिपर अंजुमन में 16 गाँवों शामिल हुए। जिसमें पड़रीयाटांड, जमड़िहा, बलिया, कारूटांड, दुधियानो, कोंडराटांड अन्य गांवों के अंजुमन के शामिल हुए,आये हुए अंजुमन के बच्ची और बच्चों ने अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत किये।जैसे नाथखानी, सवाल जवाब, दिने इस्लाम के बारे में जानकारी लोगो को दिया। प्रस्तुत किये हुए बच्ची को इनाम दिया।दोनो अंजुमनों में आये हुए मेहमानों के लिए खाना का बंदोबस्त किया गया था.इधर बिरनी पुलिस त्यौहार को लेकर बिरनी थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह खुद मोनेटरिंग कर रहे थे.जिसमे जगह जगह पर पुलिस बल की भी तैनात किए गए थे।

### वर्ल्ड हार्ट डे पर असफर्ी हॉस्पिटल ने की प्रेस वार्ता

## हृदय रोग से बचाव के लिये लोगों को किया जागरुक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** वर्ल्ड हार्ट डे के मौके पर असफर्ी अस्पताल में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमे असफर्ी इंस्टिट्यूट ऑफ़ कार्डिओ साइंस के प्रसिद्ध एवं अनुभवी डॉ सूरज चौहान, डॉ बिपिन सिन्हा, डॉ सतीश नटराजन एवं डॉ उदय शंकर उपस्थित हुए और हृदय से संबंधित रोगो के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया की वर्ल्ड हार्ट डे हर साल 29 सितंबर को मनाया जाता है। यह एक वैश्विक अभियान है, जिसके तहत लोगो में जागरूकता लाना है कि कैसे हम अपने हृदय को स्वस्थ रखे और हृदय संबंधित बीमारियों से कैसे बचा जा सके। हर साल इस दिन को एक स्पेशल थीम के साथ सेलिब्रेट किया जाता है। इस साल वर्ल्ड हार्ट डे "USE HEART, KNOW HEART" के बहुत ही खास थीम पर आधारित है। विश्व हृदय दिवस का उद्देश्य लोगों का ध्यान हृदय संबंधी रोगों से सतर्क करना है। रोग से बचने के लिए लोगो मे जागरूकता बहुत ही आवश्यक है। सही समय पर सही उपचार रोगों से निपटने के लिए बहुत आवश्यक होता है।असफर्ी अस्पताल के डॉ सूरज चौहान ने बताया की दिल का दौरा दुनिया भर में मौत का एक प्रमुख कारण है और हृदय की मांसपेशियों को होने वाले नुकसान को कम करने और सफल रिकवरी की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए शीघ्र उपचार की आवश्यकता होती है। डॉ बिपिन सिन्हा ने कार्डियक इमरजेंसी में प्राइमरी एंजिओप्लास्टी के महत्व को बताया और कहा की असफर्ी अस्पताल में इसकी सुविधा उपलब्ध है। हृदय में ऑक्सीजन युक्त रक्त की कमी हृदय की मांसपेशियों के हिस्से को नुकसान पहुंचा सकती है या नष्ट कर सकती है, जिससे सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ और अन्य लक्षण हो सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि हृदय के प्रति कुछ सावधानियां अपनाई जाए, और उनका सख्ती से पालन किया जाए।



## केंद्र सरकार किसान विरोधी : राजेश यादव

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 'भाजपा हटाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत आज बेंगाबाद प्रखंड के कंदवागढ़ा में भाकपा माले की ओर से एक बैठक कर कई लोगों को पार्टी से जोड़ते हुए ग्राम कमेटी का गठन किया गया। साथ ही, गांव में अखिल भारतीय किसान महासभा का सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की अगुवाई अरुण कुमार विद्यार्थी, प्रद्युमन वर्मा, प्रेम वर्मा आदि ने करते हुए कहा कि, किसानों की दशा बहुत खराब हो चुकी है, इसलिए उन्हें अपने सवालों पर एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। बैठक में मौजूद माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, देश की आजादी के 76 साल होने पर भी इस इलाके के किसानों के खेत सिंचाई से वंचित हैं। कहा कि, खेत खेती और किसानों को बचाने के लिए तमाम किसानों को एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने केंद्र की सरकार को किसान विरोधी बताते हुए 2024 में इसे हटाने के लिए एकजुट होने की अपील की। मौके पर कई लोगों ने भाकपा माले की सदस्यता ग्रहण की, जबकि आम लोगों ने अखिल भारतीय किसान महासभा का सदस्य बनने का ऐलान किया।

## झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष बने सतपाल सिंह ब्रोका



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्टीय अध्यक्ष राज्यसभा सांसद डॉ इमरान प्रतापगढ़ी झारखंड प्रदेश प्रभारी अल्पसंख्यक विभाग के उमैर खान झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग की कमेटी ने एक पत्र जारी करते हुए धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता को झारखंड अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष पद पर सतपाल सिंह ब्रोका मनोनीत किया है जिसके लिए सतपाल सिंह ब्रोका ने आभार व्यक्त करते हुए कहा दिए गए जिमवारियों का निष्ठा पूर्वक अनुपालन करूंगा तथा कांग्रेस के विचारधारा एवं नीतियों पर चलकर संगठन को मजबूती प्रदान करूंगा ।

## इंकलाबी नौजवान सभा ने राष्ट्रनायक शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर निकाला युवा संकल्प मार्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) ने राष्ट नायक शहीद-ए -आजम भगत सिंह की जयंती पर अपने देशव्यापी कार्यक्रम के तहत सरिया में निकाला ÷युवा संकल्प मार्च÷ यह मार्च ठाकुरबाड़ी मैदान से निकलकर पूरे सरिया बाजार का भ्रमण करते हुए भाग सिंह चौक पहुंचा जहां सभा की गई कार्यक्रम की शुरुआत में शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया फिर शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि दी गयी।कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन जिलाध्यक्ष सोनु पांडेय कर रहे थे।वहीं बतौर मुख्य अतिथि बगोदर विधायक सह पार्टी के छात्र युवा प्रभारी विनोद कुमार सिंह व प्रदेश अध्यक्ष संदीप जायसवाल मौजूद थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नौजवानों का जत्था संगठन का झंडा, बैनर और पोस्टर से लैस होकर जुलूस में शामिल हुए।÷शहीद-ए -आजम भगत सिंह की क्रांतिकारी विरासत जिंदाबाद, भगता तेरा मिशन अधूरा हम सब मिलकर करेंगे पूरा , शहीदों के सपनों को नीलाम करने वालो खबरदार देश का यूवा है तैयार।




सभा को संबोधित करते हुए बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा की शहीदे आजम भगत सिंह देश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है।भगत सिंह ने पूंजीवाद ओर साम्राज्यवाद को मानव जाति का सबसे बड़ा दुश्मन बताया। वह हर प्रकार के शोषण के खिलाफ थे।

## कुशवाहा संघ के प्रखंड अध्यक्ष बने रामेश्वर प्रसाद वर्मा

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को सदर प्रखंड अंतर्गत कोवाड स्थित हटिया मैदान में कुशवाहा संघ प्रखंड गिरिडीह की बैठक अध्यक्षता उमेश महतो के नेतृत्व में किया गया। वही बैठक में जिला पर्यवेक्षक बैजनाथ प्रसाद वर्मा के दिशा-निर्देश में रिक्त पड़े प्रखंड अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से सिन्दवरिया पंचायत के मुखिया रामेश्वर प्रसाद वर्मा का चयन किया गया। मुखीया रामेश्वर प्रसाद वर्मा ने कहा की जिस प्रकार से आप सब ने मुझे अध्यक्ष पद का जिम्मेदारी दी हैं।

## सांसद सुदर्शन भगत ने सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का किया शिलान्यास

### गरीबों का उत्थान करना ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य : सुदर्शन भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत के द्वारा सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का शिलान्यास किया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला अध्यक्ष मनीर उराँव, पूर्व विधायक रमेश उरांव, ओमप्रकाश सिंह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, श्रीचंद प्रजापति पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष सहित अन्य शामिल थे। निम्नलिखित सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत PMGSY -3, Batch -2 मद से स्वीकृत पाठ जोगना मोड़ से गगेया तक पथ की लंबाई (8.05 किलोमीटर) 2.सेरंगहातु से पीडब्लू-डी रोड बक्सीडिपा तक पथ (लम्बाई-5:20km) 3.स्वीकृत पथ पीडब्लू-डी रोड बरही से कोराम्बे भाया जामुनडिपा, गगेया,घाटा तक पथ की (लम्बाई 13.00 द्यद्व) शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सांसद ने संबोधन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक् योजना का उद्देश्य गरीबों के उत्थान, पहुंच, कृषक के उपज को उचित स्थल तक पहुंचाने के लिए किया था।आज देश के प्रधानमंत्री मोदीजी लगातार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए तत्तपरता से योजनाओं में दुगनी तिगनी राशि बढ़ोतरी कर नवनिर्माण और सुदृढ़ीकरण कर रहे है। हमारे क्षेत्रों में लगातार पीएमजीएसवाई सड़कें बन रही है बहुत से और भी सड़कें जिसका राशि राज्य को मिल गया है। वह तकनीकी कारणों से राज्य में फसा है। सरकार से भी आग्रह की प्राथमिकता से और भी सड़कें जिनकी प्रक्रिया अधूरी पूरी कर ग्रामीणों की मांग को पूरा कर हम सहयोग करें। हमारी प्रयास रही है कि ग्रामीणों की समस्या जो भी उसका हल जल्द हो और केंद्र के कुशल नेतृत्व में सफलता भी मिली इसी वर्ष हमारे क्षेत्रों में अनेक सड़कों का कार्य चल भी रहा है। इसी माह टांगीनाथ वाली लम्बी सड़क का भी शिलान्यास हो गया। मेरा प्रयास प्रत्येक सडक् का निर्माण अच्छी हो। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की और प्रधानमंत्री मोदी जी और सांसद के प्रति आभार जताया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, बालकृष्णा सिंह, हर्षनाथ साहू, पशुपति नाथ पारस, प्रखंड अध्यक्ष नवीन कुमार साहू, मंडल महामंत्री रजनीश सिंह, दिनेश साहू, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, मनीरतन उरांव, महावीर साहू, नरेश महतो, अरु पंचायत संयोजक रतन साहू सहसंयोजक संतोष राम, योद्धो साहू, अशोक साहू, अमित गोप, आनंद साहू, संजय साहू, राम नंदन साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने दिया आपसी भाईचारे का संदेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**किस्को-लोहरदगा :** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र के नूरी नवाडीह गांव के मिंजानिक अंजुमन इस्लामिया के तत्वाधान में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शान से निकाला गया। आपको बता दे की पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन की खुशी को यादगार को बरकरार रखने के उद्देश्य से हर साल की भांति इस वर्ष भी परंपरागत तरीके से नूरी नवाडीह के गांव में मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाल कर आपसी भाईचारे का दिया संदेश। इस दौरान जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस में शामिल होकर मुस्लिम समुदाय के लोगों को माला पहनाकर स्वागत किया और मुस्लिम समुदाय के लोगों को उत्साह बढ़ाते हुए संदीप कुमार गुप्ता ने आपसी भाईचारे का मोहब्बत फैलाने का काम किया है। इस दौरान जुलूस में गंगा जमुना तहजीब साफ तौर पर झलक रहा था। इधर जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस में दिखा सौहार्द का माहौल वही जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अमन चैन के अलावा बीमारी से निजात पाने के लिए पूरे देश के लिए दुआ मांगा गया जुलूस का शुरुआत सबसे पहले नूरी गांव से निकलकर नूरी नवाडीह गांव के विभिन्न टोला मोहल्ला से गुजरते हुए पुनः जुलुस सभा में तब्दील हो गया। इधर जुलूस के दौरान सुरक्षा की दृष्टि कोन से किस्को थाना प्रभारी पॉलीकार्प टोप्पो, व एएस आई अविनाश कुमार सिंह के साथ भारी संख्या पुलिस बल के जवान के द्वारा हर गतिविधि पर नजर रखे हुए थे। मौके पर जुलूस में मौलाना वाहिद अंसारी, जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता, समाजसेवी कुदूस अंसारी, हनान अंसारी,असलम अंसारी, इसाक अंसारी, जफर इमाम, युसूफ अंसारी, रौनक इकबाल अंसारी बेलाल अंसारी, दावर हुसैन, मौलाना जियाउल हक अशरफी जैसे बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस को सफल बनाने में निभाई अपना अहम भूमिका।

## सदर नेसार खान व सेक्रेटरी नसीम अंसारी की अगुवाई में निकाला गया मोहम्मदी जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** जिले के कैरो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत के गराडीह में जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शान से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। मौके पर सदर नेसार खान सेक्रेटरी नसीम अंसारी ने बताया कि अंजुमन ए इस्लामिया गराडीह की ओर से जुलूस ए मोहम्मदी में शामिल होने वाले तमाम दीवाने मुस्तफा के गुलामों के लिए वर्षो से जुलूस निकालते हैं उन्होंने बताया कि साथ ही वर्ष 1996 से प्रत्येक वर्ष जुलूस इस साल भी हुजूरे अकरम सलल्लाहु तआला अलयहे वसल्लम की शान में अंजुमन ए इस्लामिया गराडीहऊपर टोला के सदर रोजमुदिन एंव सिकरेट्री नासरी अंसारी उन लोगो ने बतलाया यहां पर बता दें कि कैरो प्रखंड क्षेत्र के नरौली पंचागाई अम्बवा नगजुआ चरीमा आदि समेत अन्य गांवों से अहले सुबह 7:00 बजे से जुलूस ए मोहम्मदी काफी शांतिपूर्ण एवं धूमधाम के साथ निकालकर गली कूची में हर्षोल्लास के साथ जुलूस निकाला गया एवं ईद मिलादुन्नबी त्योहार की मुबारकबाद दी गई। इस दौरान जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली गई थी में थाना क्षेत्र में बारह रबिउल अव्वल त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने जाने हेतु सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली गई थी। उल्लेखनीय है कि ईद मिलादुन्नबी के पाक मौके पर आशिक ए रसूल के लिए शरबत, नगजुआ मदर्शा की ओर से सिरनि वेवस्था की गई थी। वहीं बारह रबिउल अव्वल के मौके पर मिलाद शरीफ का एहतमाम किया गया था। इस बीच मक्की की आमद मरहबा, मदनी की आमद मरहबा,मेरे नबी की ये है शान बच्चा बच्चा है कुरबान जैसे नारों से पूरा किस्को प्रखंड क्षेत्र गुंजायमान रहा।

### कैरो मां अंबे दुर्गा पुजा समिति गठित, शरत कुमार विद्यार्थी बनाये गए अध्यक्ष

## नवरात्र व दुर्गा पूजा के समस्त अनुष्ठान शांति व सौहार्द के साथ होंगे संपन्न : शरत कुमार विद्यार्थी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 28 सितंबर बुधवार को मुख्यालय स्थित दुर्गा वाडी भवन मे मां अंबे दुर्गा पूजा समिति की बैठक शंभू सोनी की अध्यक्षता में हूई संपन्न। जिसमें वर्ष 2023 मे धूमधाम व भव्य रूप से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं पुरानी कमिटी को भंग करते हुए नई कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी, महासचिव शंभू सोनी, कोषाध्यक्ष बजरंग प्रसाद, सह सचिव रिंकू प्रसाद,सह कोषाध्यक्ष राज साहू, उपाध्यक्ष रवि प्रजापति, पप्पू गुप्ता, संदीप लोहरा, पूजा प्रभारी भोला प्रसाद, ओम साहू, ललेश पांडे, कमलेश प्रसाद ,पंडाल प्रभारी गौतम साहू, मनोज पांडे, अंकित साहू, सलाहकार समिति सुरजमोहन साहू, बुधवा उरांव, राजेश सोनी (उतका), विवेक प्रजापति, विपिन सिंह, रावण निर्माण समिति अनिल पांडे, संजय महतो, पंकज गुप्ता, संजय साहू, सुरेश साहू, राजेश साहू, दिनेश साहू मीडिया प्रभारी रामप्रसाद पाल व विनोद रविदास, संरक्षक विशेश्वर प्रसाद दीन, नंदलाल प्रजापति, दिपेश्वर पांडे, गोपाल सोनी, गंगा साहू, बालेश्वर साहू, रामपवित्र सोनी, प्रभु भगत, गोवर्धन महतो, बसंत साहू,राजेंद्र सोनी, रामप्रसाद यादव, जगदीश यादव, सुनील तिवारी, रोशन तिवारी, शंकर राम, मंटू साहू, संजय पांडे, ब्रजकिशोर साहू, बानेश्वर राम, आनंद साहू, वीरेंद्र उरांव, विरेंद्र महली,बजरंग उरांव,नरेश साहू, बिहारी साहू, महावीर साहू, सुरेंद्र साहू, कैलाश महतो, छेदी सोनी सहित पुरोहित, पाहन-पुजार प्रतिनिधि व प्रबुद्धजन शामिल हैं।

## जिंगी संकुल से अदनान और मोहन का राज्यस्तरीय कराटे प्रशिक्षण के लिए हुआ चयन



**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय स्कूली प्रतियोगिता अंतर्गत कराटे खेल में प्रखंड के रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी संकुल से कुल पांच बच्चों ने ट्रायल में भाग लिया था। दिनांक 27 एवं 28 सितंबर को राजधानी रांची के खेलगांव स्थित पांडेय गणपत राय स्टेडियम में ट्रायल प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए संकुल प्रधान अलीरजा अंसारी स्वंय बच्चों को लेकर रांची गए हुए थे।प्रतियोगिता में कई राउंड के कड़े मुकाबला के बाद अंतत~ संकुल के रा. उ. मध्य विद्यालय तान के सातवीं कक्षा के छात्र मोहन टाना भगत (अंडर 14) तथा रा. उत्क्र. उच्च विद्यालय जिंगी के आठवीं कक्षा के छात्र अदनान अंसारी (अंडर 19) का चयन राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के लिए हो गया।संकुल प्रधान अलीरजा अंसारी ने दोनों बच्चों की इस सफलता पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।उन्होंने कड़ी मेहनत से कराटे का गुर सिखाने के लिए कोच देवंती कुमारी एवं सहयोगी विनय कुमार का विशेष आभार प्रकट करते हुए आशा व्यक्त की है कि प्रशिक्षण उपरांत दोनों बच्चे राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।उन्होंने समस्त विद्यालय परिवार को भी बधाई देते हुए कहा है कि विद्यालय के शिक्षकों का बच्चों को लगातार आगे बेहतर करने की प्रेरणा देने का यह सुखद परिणाम है।

## कैरो सढ़ाबे में मारपीट की घटना को लेकर थाना में मामला दर्ज, पुलिस जुटी जांच में

**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत ग्राम सढाबे मे दो लोगों के बीच घटित मारपीट की घटना पर शिकायत कर्ता के आवेदन पर मामला दर्ज कर कैरो थाना पुलिस आगे की करवाई में जुट गई है। सढाबे ग्राम निवासी रोहित गोप पिता चलित्र गोप उम्र 27 वर्ष ने अपने शिकायत आवेदन के माध्यम से कहा है कि मै दिनांक 26 सितंबर को रात्रि 07 बजे अपने घर से दुकान आ रहे थे तभी माधव लोहरा के घर के पास गाँव के ही राजु उराँव पिता चिखु उराँव, एवं सुनील उरांव पिता रत्ना उरांव मुझे अचानक लाठी, डनटा, व फैट मुक्का से मारने लगे जिससे मेरे सिर, आंख, व वायां कन्धा पर गम्भीर चोट लगी है, पुरा कपड़ा खुन बहकर लाल हो गया,तत्पश्चात रोहित थाना पहुँचा थाना ने अविलंब रोहित को ईलाज हेतू सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुडु भेजा गया। मामले पर कैरो थाना एएसआई संजय कुमार राय ने कहा कि शिकायत कर्ता के शिकायत आवेदन पर दिनांक 27 सितंबर को कैरो थाना काण्ड संख्या 44/23 भा0 द0 वि0 341, 323, 307, 504, 506, 34 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस आगें की करवाई मे जुट गई है।

## बूथ स्तर तक संगठन को करें मजबूत : राकेश रविकांत

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी सेवई मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष देवकीनंदन साय की अध्यक्षता में हुई, बैठक में बूथों का सत्यापन किया गया। मौके पर सेवई मंडल प्रभारी सह अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री राकेश रविकांत ने कहा कि मंडल के पदाधिकारी शक्तिकेंद्र संयोजक सहसंयोजक प्रभारी समन्वय बना कर बूथ को मजबूत करें, ताकि आनेवाले लोकसभा एवं बिधानसभा में पार्टी को इसका लाभ मिले। मंडल प्रवासी दुर्गविजय सिंहदेव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता घर घर जा कर केंद्र सरकार के विकास कार्यो को जन जन तक पहुंचाएं और राज्य सरकार के विफलता को बताएं। मौके पर मंडल प्रभारी सतीश पांडेय सतीश प्रसाद बृज बिहारी दास दिनेश्वर मांझी रामप्रसाद प्रधान नरेश दास रामदेव मांझी सोहन मांझी सुधीर मिंज लखपति बड़ाईक देवी सिंह मंजुला देवी सत्यनारायण बागवार जयमंगल यादव संदीप टोप्पो कौशल्या देवी कृष्ण मांझी मौजूद थे।

## जुगल किशोर पोद्दार के आवास पर 56 वां श्री श्याम महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जुगल किशोर पोद्दार व अशोक कुमार पोद्दार के अप्पर बाजार लोहरदगा में स्थित आवास पर 56 वां श्री श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, श्याम जी का अलौकिक श्रृंगार किया गया। अशोक पोद्दार एवं पवन पोद्दार ने अपने सपरिवारों के साथ श्री श्याम जी का पूजा अर्चना करते हुए ज्योत प्रज्वलित किए,उसके उपरांत संध्या 8:00 बजे से रांची से आए श्याम मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा गाऐ मनमोहक एक से एक भजनों से सारा वातावरण भक्ति मय हो उठा। इस श्याम महोत्सव पर काफी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित होकर श्याम जी का पूजा अर्चना की, एवं भक्ति मय मधुर भजनों से खूब झूमे नाचे, और सारा वातावरण श्याम जी के जयकारों से गूंज उठा, उसके उपरांत रात्रि में आरती की गई और प्रसाद वितरण कर समापन किया गया। इस महोत्सव पर अशोक कुमार पोद्दार, पवन कुमार पोद्दार, कमल पोद्दार, सत्यभामा पोद्दार, अनीता पोद्दार, रखिया पोद्दार, अभिषेक पोद्दार, मोनू पोद्दार, उज्जवल पोद्दार, संदीप कुमार पोद्दार, अमर पोद्दार, आशीष कनोडिया, चंदू पोद्दार, चंदन राजगढ़िया, पवन सर्राफ, शुभम शर्मा, निशांत सराफ, उषा पोद्दार, मोनिका पोद्दार, प्रीति बंका, रेखा बंका, आकांक्षा सर्राफ, दीप्ति शर्मा, रिशु पोद्दार, संगीता मित्तल, स्मिता पोद्दार, दीपिका पोद्दार, रेनू सर्राफ संगीता मित्तल, अंकिता बंका, आशा पोद्दार आदि उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा ने प्रांतीय विज्ञान व गणित मेला में लहराया परचम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा में कक्षा 12वीं विज्ञान की छात्रा शशि कच्छप ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित प्रांतीय गणित एवं विज्ञान मेला में जीत का परचम लहराया है। गुमला विभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए तरुण वर्ग में विज्ञान पत्र वाचन में फ्यूचर आफ नैनोटेक्नोलॉजी विषय पर अपना पत्र प्रस्तुत करते हुए उसने पूरे प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही उसने क्षेत्र स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने की पात्रता हासिल कर ली। प्रतियोगिता में भाग लेने साथ गई मार्गदर्शन शिक्षिका ऋद्धि मिश्रा ने बताया कि छात्रा ने प्रतियोगिता में अपनी शानदार प्रस्तुति दी और निर्णायक मंडली की प्रशंसाप्रशंसा भी बटोरी। महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तर मुखर्जी ने बताया कि शशि ने विभाग स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मानवाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उसने विद्यालय के साथ-साथ पूरे गुमला विभाग का भी प्रांत स्तर पर मान बढ़ाया है। उसकी सफलता पर विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, शशिधर लाल अग्रवाल, अजय प्रसाद, विनोद राय, अश्विनी कुमार, कृष्णा प्रसाद, डॉ शशि गुप्ता, शीला अग्रवाल, शोभा देवी, जीतराम बड़ाइक, पुष्कर महतो, प्रदीप कुमार और विद्यालय की शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कर्मी भी शामिल है।

## ठेठईटांगर थाना में हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** ठेठईटाँगर थाना में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन। शांति समिति की बैठक के साथ-साथ गुरुवार को आगामी दुर्गा पूजा एवं ठेठईटाँगर में नव पदस्थापित थाना प्रभारी मनीष कुमार राय ने थाना प्रभारी के रूप में योगदान देने के संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी सम्प्रदाय के लोगो के साथ-साथ जन प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए । दुर्गा पूजा समिति ठेठईटाँगर के सदस्यों द्वारा पूर्व थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश को शाल ओढ़ाकर विदाई दिया गया एवम् ठेठईटाँगर थाना के नवपदस्थापित थाना प्रभारी मनीष कुमार राय का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि सभी कोई पर्व त्योहार आपसी सौहार्द और भाईचारा के साथ मनाए। जब भी दो पहिया वाहन में घर से निकले तो हेलमेट पहनकर ज़रूर निकले और सबसे अहम बात कि थाना प्रभारी से किसी भी तरह की शिकायत हो तो वह थाना में आकर खुल कर अपनी समस्या बता सकते हैं। शांति समिति के इस बैठक में ठेठईटाँगर शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं थाना के जवान मौजूद थे।

### जश्न-ए-ईद मिलादुन नबी पर निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

## असस्लातो वसस्लामो अलैका या रसूल अल्लाह के नारों से गुंजायमान हुआ शहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पैगम्बर-ए-जहां हजरत मोहम्मद साहब (स0अ0) के जन्म दिवस के मुबारक मौके पर गुरुवार को शांति एवं सौहार्द के साथ ईस्लाम धर्मावलंबियों ने जश्न-ए-ईद मिलादुन नबी के रूप में मनाया। इस मौके पर अंजुमन ईस्लामिया के तात्वाधान में जुलूस-ए-मोहम्मदी भी निकाली गयी। जिसका नेतृत्व मसाजिदों के आइमा-ए-कराम और अंजुमन ईस्लामिया कमिटी के ओहदेदरान व विभिन्न पंचायतों के सदर व सेक्रेटरी कर रहे थे। हरे रंगों के परचम और खुबसूरत रंग-बिरंगे पताके हाथों में लिये जनसैलाब के रूप में मुस्लिम समुदाय स्थानीय जामा मस्जिद के समीप से होते हुए बड़ा तालाब, बगडू रोड़, तैगी नगर, अमला टोली, सोमवार बाजार, पावरगंज, बाबा मठ,न्यू रोड, महात्मा गांधी पथ, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक, तेतर तर, थाना रोड समेत विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए पुन~ जामा मस्जिद के पास पहुंचे। जहां दुरूद व सलाम के बाद जिला समेत देश में शांति, सौहार्द एवं समृद्धि के लिए दुआओं के साथ जुलूस का समापन हुआ। इस दौरान असस्लातो वसस्लामो अलैका या रसूल अल्लाह जैसे नारों से पूरा शहर गुंजायमान होता रहा। विभिन्न चौक-चौराहों पर जुलूस का स्वागत भी किया गया। जुलूस में अंजुमन ईस्लामिया के सदर हाजी मो0 अफसर कुरैशी, सचिव सफदर आलम, सह सचिव मोजम्मिल अंसारी, अंजुमन ईस्लामिया जेनरल काउंनसिल के नाजीम अ0 जब्बार, पूर्व सदर सैयद खालिद शाह, पूर्व सचिव मो0 इकबाल, शाहिद अहमद बेलू, शमशेर खान, मो0 मनव्वर, मो0 मोशव्वीर, हाजी व कारी शाहीद साहब, परवेज आलम, मौलाना रेयाजउद्दीन, कारी कलिमुल्ला, मुर्तूजा खलीफा, पूर्व नप उपाध्यक्ष अ0 रउफ अंसारी, मो0 इम्तेयाज खान, मो0 टुन्ना, इब्राहिम अशरफी, अंजुमन के पूर्व सचिव मो0 फिरोज राही, हाशिम सुलेमानी, हिफजुर्रहमान कमाली, शकिल खान, हाजी शकिल अहमद,जामा मस्जिद के इमाम मौलाना शमीम अहमद रिजवी, कुरैशी मस्जिद के इमाम मौलाना अशदक के अलावा विभिन्न मदरसों के नाजिम आदि के अलावे बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। जुलूसे ए मोहम्मदी में शामिल हजरत मोहम्मद के दीवानों को शर्बत, फल, खजूर, चना, चॉकलेट, और पानी पिला कर स्वागत किया गया। कहा गया कि ऐसे नेक अवसर पर जुलूस में शामिल लोगों को खिदमत करने में सवाब मिलता है। इस कार्य में शामिल मुस्लिम युथ वेकफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मोन्टी खान, पिक्कू खान, जवेद खान, समेत तमाम मेम्बर शामील थे।

## मणिपुर हिंसा को लेकर ऑल चर्चेस एसोसिएशन के बैनर तले ईसाई कैथोलिक समाज ने बनाई 75 किलोमीटर की मानव श्रृंखला

➲खुली जिप्सी में सवार होकर मानव श्रृंखला में शामिल लोगों का उत्साह बढ़ा रहे थे विधायक भूषण बाड़ा

➲हाथों में तख्तियां लिए शामिल थे समाज के लोग, मणिपुर हिंसा बंद करने एवं आदिवासियों को सुरक्षा देने की कर रहे थे मांग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा मणिपुर हिंसा को लेकर ऑल चर्चेस एसोसिएशन के बैनर तले ईसाई समाज ने गुरुवार को 75 किलोमीटर की मानव श्रृंखला बनाई। मानव श्रृंखला कुरडेग प्रखंड के छतीसगढ़ सीमा पर स्थित कुटमाकछार से सदर प्रखंड के अरानी तक बनाई गई। मानव श्रृंखला की शुरुआत कुटमाकछार से हुई। जहां विधायक भूषण बाड़ा शामिल हुए। उनके साथ जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो सहित सैंकड़ो लोग शामिल हुए। मानव श्रृंखला में शामिल सभी बच्चे, बूढ़े, महिलाएं, नौजवान सभी हाथों में तख्तियां लिए शामिल हुए थे। तख्तियों में ईसाइयों पर अत्याचार बन्द करो, मणिपुर हिंसा बंद करो, ईसाइयों के मौलिक अधिकारों का हनन करना बंद करो ...आदि नारेबाजी अंकित था। सभी के चेहरे में मणिपुर में आदिवासियों के ऊपर हो रहे हिंसा के खिलाफ आक्रोश व गुस्सा था। सभी ने मणिपुर राज्य में घटित घटना महिला अत्यचार, आदिवासी समाज के ऊपर हिंसा, विशेष कर महिला सम्मान को लेकर मानव श्रृंखला बना कर विरोध दर्ज किया। मौके पर ऑल चर्चेस एसोसिएशन के सभी पदधारी एवं लाखों की संख्या में ईसाई समाज के लोग उपस्थित थे। विधायक भूषण बाड़ा ने मानव श्रृंखला में शामिल लोगों का बढ़ाया उत्साह । मानव श्रृंखला में शामिल लोगों का विधायक भूषण बाड़ा ने उत्साह बढ़ाया। यही कारण है कि बूंदा बांदी बारिश में भी लोग मानव श्रृंखला बनाए में डटे रहे। विधायक भूषण बाड़ा अपनी धर्मपत्नि सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो के साथ खुली जिप्सी में सवार होकर कुरडेग के कुटमाकछार से अरानी तक गए। इस दौरान विधायक ने सभी लोगों का हौसला बढ़ाया। साथ ही सभी लोगों को ऐसे ही आगे भी एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ईसाई समाज एवं उनके धर्मगुरु देश मे समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार काम कर रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में ईसाई समाज के द्वारा किया गया योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। समाज अनुयायी अति दुर्गम क्षेत्रों में जाकर शिक्षा का अलख जगाने का काम कर रहे हैं। इसके बाद भी भाजपा सरकार ईसाई धर्मावलंबियों को लगातार प्रताड़ित करने कर रहे है। इसके खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा।

**चलते चलते एक नजर**

## राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लक्ष्य : सुभाष जी

**वाराणसी :** भारत राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए समाज के बीच रहकर समाज के योगदान से निरंतर कार्य करने के लिए कृत संकल्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक ही लक्ष्य है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्वयंसेवक आजीवन राष्ट्र हित व राष्ट्र सेवा के लिए संकल्पित होता है।ऐसे में इस पुनीत कार्य के लिए हम सबको लगना एक सुंदर सुयोग होता है। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सात दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन करते प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सुभाष जी ने प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा।जनपद के बडराव ब्लाक अंतर्गत एचएमपीजी कॉलेज में आयोजित इस साथ दिवस की प्रशिक्षण शिविर में मऊ जनपद के 150 से अधिक स्वयंसेवक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिसमें विद्यार्थी, शिक्षक, किसान, पत्रकार, चिकित्सक व समाज के अन्य वर्गों के लोग शामिल हैं।प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र में गोरक्ष के प्रांत प्रचारक सुभाष ने दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार जी का जीवन परिचय देते हुए उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला। जिला प्रचारक राममोहन ने बताया कि यह शिक्षार्थी समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए हैं। जो भारत राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए प्रशिक्षण के उपरांत समाज के बीच रहकर संघ के कार्य को गति प्रदान करेंगे।उन्होंने बताया कि इस सात दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण वर्ग में छात्रों को संघ के मूल अवधारणाओं, शिक्षा के महत्व, राष्ट्रीय संगठन और राष्ट्रीय एकता के विषयों पर ज्ञान प्राप्त कराया जाता है। इस वर्ष का मुख्य उद्देश्य छात्रों को संघ के सिद्धांतों और मूल्यों के साथ परिचित कराना होता है।इस अवसर पर जिलाकार्यवाह विनोद , सह जिला कार्यवाह वीरेंद्र , शारीरिक प्रमुख आनंद , नगर प्रचारक आर्यम और रामकुंवर सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## अपने दिल से खुलकर अपने दिल को जानिए : डॉ राजेश कुमार झा

**रांची :** वर्ल्ड हॉट हॉट फेडरेशन के द्वारा वर्ल्ड हार्ट वर्ष बनाया जाता है इस मौके पर डॉ राजेश कुमार झा , आर्टेमिस हार्ट सेंटर और राज अस्पताल ने कहा कि इस वर्ष का थीम है अपने दिल से खुलकर अपने दिल को जानिए तथा उसे सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। वर्ल्ड हॉट डे एक वैश्विक आयोजन है जिसमें पूरे दुनिया के लोगों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वह अपने दिल को कैसे स्वस्थ रखें तथा किस तरह जीवन शैली में बदलाव लाए जिससे कि हार्ट अटैक एवं स्ट्रोक में बचा जा सके। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में हार्ट तथा ब्रेन के अटैक आने से बहुत अधिक संख्या में मौत होती है तथा इसका मुख्य कारण धूम्रपान , खाने की गलत आदतें , शारीरिक फिटनेस की कमी , शराब पीने की आदतें तथा मधुमेह और उच्च रक्तचाप का बढ़ना है। इसलिए आम जनता से वर्ल्ड हार्ट डे पर मेरा अपील है कि अपनी खुले दिल से अपने दिल को समझे एवं उसके अच्छे स्वास्थ्य के लिए जो भी जरूरी कदम है , जैसे कि समय पर ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह का इलाज, पैदल चलना, धूम्रपान एवं शराब का सेवन बंद करे । इसको अपने जीवन में अपनाए।

# डेंगू : पश्चिम बंगाल में 38 हजार मामले

**दिल्ली में भी बिगड़े हालात**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** राजधानी दिल्ली-एनसीआर सहित देश के कई राज्यों में इन दिनों डेंगू संक्रमण और इसके कारण अस्पताल में बढ़ती मरीजों की संख्या को लेकर अलर्ट किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राजधानी दिल्ली के अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी है, इसके अलावा पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड सहित कई अन्य राज्यों में भी रोगियों के बढ़ते मामले को लेकर अलर्ट किया गया है। हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 20 सितंबर तक पश्चिम बंगाल में 38 हजार से अधिक लोगों में रोग की पुष्टि की जा चुकी है, ज्यादातर लोगों में प्लेटलेट्स कम होने और इसके कारण होने वाली जटिलताएं रिपोर्ट की जा रही हैं। राजधानी दिल्ली के अस्पतालों से मिल रही जानकारियों के मुताबिक यहां ओपीडी में रोजाना आ रहे करीब 60 फीसदी लोगों में डेंगू का निदान किया जा रहा है। हालांकि डॉक्टर्स बताते हैं, अधिकतर लोग सामान्य उपचार के साथ ठीक हो जा रहे हैं, गंभीर मामलों के विकसित होने का जोखिम सिर्फ उन्हीं लोगों में देखा जा रहा है जो पहले से कोमोरबिडिटी के शिकार रहे हैं या जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है।



### स्वास्थ्य मंत्रालय का अलर्ट

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने देश भर में डेंगू के मामलों में हालिया वृद्धि के मद्देनजर उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें सभी लोगों को डेंगू को लेकर सावधानी बरतने और इसके बचाव के उपाय करते रहने की सलाह दी गई है। देश में डेंगू के मामलों की बढ़ती संख्या से उत्पन्न चुनौतियों और जटिलताओं को लेकर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से रोग के रोकथाम को लेकर सावधानियां बरतने को कहा गया है।

### डेंगू के साथ मलेरिया के भी मामले

डेंगू के साथ-साथ कई राज्यों में मलेरिया के मामले भी रिपोर्ट किए गए हैं। डॉक्टर्स की टीम ने कहा कि मच्छर जनित डेंगू और मलेरिया के मामले राष्ट्रीय स्तर पर गंभीर चिंता का विषय रहे हैं। इन रोगों के कारण स्थिति गंभीर हो सकती है, जिससे मृत्यु के जोखिमों के बढ़ने का भी खतरा रहा है। अमर उजाला से बातचीत में मुंबई स्थित इंटेसिव यूनिट के विशेषज्ञ डॉ समीर निरंजन कहते हैं, डेंगू-मलेरिया दोनों के कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है जिसपर ध्यान देना और मच्छरों के काटने से बचाव के लिए उपाय करते रहना बहुत आवश्यक है। डेंगू के इन दिनों खतरनाक स्ट्रेन डेन-2 के मामले देखे जा रहे हैं, जो गंभीर रोगकारक हो सकते हैं।

## मुख्यमंत्री से मिले बीआईटी मेसरा के कुलपति



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा (बीआईटी) के कुलपति इंद्रनील मन्ना ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने एक अक्टूबर 2023 को आयोजित बीआईटी मेसरा के 33वें दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया।

## सहायक अध्यापकों की हुई सर्वदलीय बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सहायक अध्यापकों की सर्वदलीय बैठक कचहरी परिसर में गुरुवार को हुई.बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अर्जुन मेहता तथा संचालन मनोज पटेल ने किया.बैठक में यह निर्णय लिया गया की 2 अक्टूबर 2023 को रांची के मोराबादी स्थित गांधीजी के प्रतिमा के समक्ष सफेद वस्त्र में मुंह पर पट्टी बांध कर शांति पूर्वक धरना पर बैठना.बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी का अनुकंपा को लेकर जारी पत्र सरासर गलत है इस पत्र से सहायक अध्यापकों में आक्रोश है. इससे यही प्रतीत होता है कि सरकार अध्यापकों को अनुकंपा का लाभ नहीं देना चाहती है.संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप पांडे ने कहा की वेतनमान का वादा सरकार ने किया था जिसे सहायक अध्यापकों ने काफी इंतजार किया अब सब्र का बांध टूट रहा है.मीडिया प्रभारी विनीत कुमार दुबे ने कहा की सर्टिफिकेट जांच के नाम पर वंचित सहायक अध्यापक जो आकलन परीक्षा नहीं दे सके हैं। सरकार जल्द ही आकलन परीक्षा आयोजित करे. बैठक मे 2020 से मृत और सेवानिवृत सहायक अध्यापक को अविलंब पांच लाख रुपए मिले तथा राज्य से बायोमेट्रिक में आ रही परेशानी के चलते रुके मानदेय का भुगतान हो. छतरपुर नौडीहा बाजार ,गिरिडीह के शिक्षकों का अविलम्ब मानदेय भुगतान हो बैठक में धन्यवाद ज्ञापन सत्येंद्र तिवारी ने किया. बैठक में रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष सूरजमल सिंह, राजेंद्र दीक्षित, अर्जुन मिश्रा,अनुज दुबे, सुदामा, महेंद्र राम,आलोक कुमार पांडे, रामाश्रय प्रसाद, मिकाइल आलम आदि सहायक अध्यापक उपस्थित थे.

## अशांत मणिपुर में कश्मीर से भेजे गए आईपीएस अधिकारी राकेश बलवाल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केन्द्र सरकार ने 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी राकेश बलवाल का कश्मीर के श्रीनगर से मणिपुर स्थानांतरण किया है। मणिपुर में हाल ही में हिंसा एक बार फिर बढ़ी है।एक सरकारी आदेश के अनुसार कैबिनेट की नियुक्ति मामलों की समिति ने आईपीएस राकेश बलवाल को एजीएमयूटी कैडर से मणिपुर कैडर में समय से पहले वापस भेजने के गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।पुलवामा हमले के जांच अधिकारी बलवाल वर्तमान में श्रीनगर के एसएसपी रहे, जो मणिपुर कैडर में वापस भेजे गए हैं। मणिपुर कैडर के 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी बलवाल 16



दिसंबर,2021 को श्रीनगर शहर के पुलिस प्रमुख बने थे। इससे पहले साढ़े तीन साल के लिए एनआईए में प्रतिनियुक्ति पर थे।बलवाल ने श्रीनगर में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने में महत्वपूर्ण कार्य किया है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर एनआईए प्रमुख के रूप में उन्होंने पुलवामा आतंकी हमले मामले की जांच का नेतृत्व किया था और उनके काम के लिए उन्हें सम्मानित किया गया था।

## अमेरिकी दूतावास इस साल 10 लाख भारतीयों को दे चुका है वीजा

**नई दिल्ली :** भारत में अमेरिकी मिशन ने इस वर्ष दस लाख से अधिक गैर-आप्रवासी वीजा आवेदनों का निपटान कर अपना वर्ष का लक्ष्य पार कर लिया है। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने एमआईटी में अपने बेटे को ग्रेजुएशन के लिए देखने जा रहे एक भारतीय जोड़े को व्यक्तिगत रूप से दस लाखवां वीजा सौंपा। अमेरिकी दूतावास का कहना है कि यह अमेरिका और भारत के बीच मजबूत संबंधों का प्रतीक है। दूतावास ने एक्स पोस्ट में कहा कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत में अमेरिकी मिशन 2023 में दस लाख वीज़ा आवेदनों को निपटाने के लक्ष्य तक पहुंच गया है और उससे आगे निकल गया है। हम यहीं नहीं रुकेंगे और आने वाले महीनों में अपनी प्रगति जारी रखेंगे, ताकि अधिक से अधिक भारतीय आवेदकों को संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा करने का अवसर मिल सके।

## महिलाओं को सशक्त बनाना संस्था का सार्थक एवं सराहनीय कदम : संजीव विजयवर्गीय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हरमू रांची में सामाजिक संस्था ट्रस्ट ड्राइव रिइंफोर्समेंट 15 दिवसीय सिलाई तथा बकरी उत्पाद एवं खाद तथा बेकरी उत्पाद एवं खाद्य प्रसंस्करण के निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रांची के निवर्तमान उप महापौर संजीव विजय वर्गीय एवं विशिष्ट अतिथि स्थानीय पार्षद अरुण झा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि संजीव विजयवर्गीय ने प्रशिक्षनर्थियो को संबोधित करते हुए कहा कि संस्था ट्रस्ट द्वारा स्थानीय बहनों को निशुल्क प्रशिक्षण देना बहुत ही सार्थक एवं सराहनीय पहल है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षणार्थी महिलाओं स्वलंबी बनाने एवं उनके जीवन स्तर को सुधारने में काफी मददगार साबित होगा।विशिष्ट अतिथि अरुण झा ने कहा कि ट्रस्ट संस्था द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का



आयोजन मेरे वार्ड में करना स्थानीय प्रशिक्षणार्थियों को अवसर प्रदान करने जैसा। ट्रस्ट संस्था के अध्यक्ष प्रदीप रवि ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रशिक्षकों प्रांत बेहतर प्रदर्शन करने वाले एवं आगे कार्य करने को इच्छुक प्रशासनार्थियों को स्वरोजगारमें जोड़ने एवं उनके द्वारा तैयार उत्पादों को बाजार दिलाने का कार्य भी संस्था द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के मंच संचालन का कार्य संस्था की कोषाध्यक्ष सुमन टोप्पो एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्था के सचिव राकेश कुमार रवि ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ट्रस्ट संस्था के सदस्य विनय कुमार दास,शीला तिर्की एवं अंजलि कुमारी, प्रशिक्षक बिंदु कच्छप,मंदाकिनी देवी, प्रमिला कुमारी उपस्थिति रही।

## शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं : भाकपा

**रांची ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय में शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह के 116 वे जन्मदिन के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गईऔर उन्हें याद किया गया।संकल्प सभा में मुख्य रूप से भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह उपस्थित थे। लोगों को संबोधित करते हुए भाकपा राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह एक व्यक्ति नहीं विचारधारा है । अजय कुमार सिंह ने कहा कि देश के युवाओं को केंद्र की मोदी सरकार ने धोखा दिया है । सरकारों ने अभी तक शहीद ए आजम भगत सिंह को शहीद का दर्जा भी नही दिया है जबकि पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान ने शहीद ए आजम शहीद का दर्जा दे दिया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अनिरुद्ध, रोहन अमित सिन्हा हिमांशु, मनोज ठाकुर श्यामल चक्रवर्ती, देवू सहित कई लोग शामिल हुए।

## जेएमएम के धनबाद जिला समिति की हुई विस्तारित बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को धनबाद जिला समिति की विस्तारित बैठक हुई। बैठक में जिला अंतर्गत केन्द्रीय समिति के सभी सदस्य, जिला समिति के सभी पदाधिकारी, धनबाद महानगर समिति के अध्यक्ष एवं सचिव तथा वर्ग संगठन के जिलाध्यक्ष एवं सचिव सहित उपस्थित थे। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय के अध्यक्षता में रांची के हरमू स्थित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय (कैम्प) में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में शामिल सभी सदस्यों के साथ धनबाद जिला में संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए जिला समिति द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का आकलन किया गया। साथ ही सभी उपस्थित पदाधिकारी तथा सदस्यों को झारखंड सरकार द्वारा जनहित में लाए गए



योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओ को आम जनों तक पहुँचाने का निर्देश दिया गया, जिससे आम जनों को योजनाओं पूरा-पूरा लाभ मिल सके।बैठक में शामिल सदस्यों के द्वारा दिए गए मंतव्य एवं सुझावों पर चर्चा उपरांत केन्द्रीय महासचिव श्री विनोद कुमार पाण्डेय जी के द्वारा जरूरी दिशा निर्देश दिए गए।आगामी दिनांक 30 सितंबर 2023 को दिन के 11.30 बजे से गोड्डा जिला समिति तथा 01.00 बजे से साहेबगंज जिला समिति की विस्तारित ऑनलाइन बैठक, जिला अंतर्गत केन्द्रीय समिति के सभी सदस्य, जिला समिति के सभी पदाधिकारी तथा वर्ग संगठन के जिलाध्यक्ष एवं जिला सचिव सहित जूम एप के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

## भगत सिंह के विचार को जीवन में आत्मसात करें विद्यार्थी : अविनाश देव




*** संत मरियम स्कूल कजरी के प्रांगण में शहीद ए आजम भगत सिंह की मनाई गई जयंती**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** गुरूवार को संत मरियम स्कूल कजरी के प्रांगण में शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजली अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। मौके पर अपने संबोधन में अविनाश देव ने कहा की शहीद ए आज़म भगत सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे चिराग थे जो अंग्रेजों के जाने के बाद भी उनकी लौ तेज हो रहा है।भगत सिंह की लड़ाई सिर्फ अंग्रेजों के दासता के खिलाफ़ नहीं था बल्कि जुल्म शोषण गरीबी अशिक्षा अंधविश्वास धर्मजनित शोषण छुआछूत के खिलाफ़ अमन शांति भाईचारा बराबरी के हक के लिए था। यही कारण था की अपनी अंतिम इच्छा में वे जो मैला साफ़ करते थे उनके हाथों का बना रोटी खाने की ईच्छा जताए थे। धर्मजनीत जो असमानताएं व शोषण था उसके विरुद्ध बड़े ही तीखे तरीके से अपना केश कड़ा कंघी कृपाण कच्छा का परित्याग किए और पांच हजार किताबों के अध्ययन के बाद मैं नास्तिक क्यों हूं नाम से लंबी लेख लिख कर लोगो के बीच अपनी प्रतिक्रिया दी थी। वे हमेशा कहते थे कि बम पिस्टल बदलाव नहीं लाता बल्कि क्रांति की तलवार विचारों के शान पर तेज होता है। लेनिन व डार्विन के विचारों से प्रभावित लाहौर के सेंट्रल हॉल में बहरों को सुनाने के लिए ऊंची आवाज किए थे। जब कभी किसी से इश्क करना चाहा तो इंकलाब लिखा जाता था। अंतिम क्षण तक गरीब मजलूम किसान मजदूर के लिए शोषण के विरुद्ध साम्राज्यवाद मुर्दाबाद, इंकलाब जिंदाबाद का नारा लगाते रहे।आगे अपने संबोधन में देव ने कहा की आप सभी विद्यार्थियो को उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। मौके पर सभी शिक्षक मौजूद रहें।

## झारखंड के डेविड मुंडा अंडर 18 एशियन रग्बी चैंपियनशिप के लिए रवाना

**रांची :** एशियन रग्बी चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए गुरुवार को झारखंड के डेविड मुंडा दिल्ली से चाइनीज ताइपे के लिए रवाना होंगे। डेविड मुंडा को भारतीय टीम शामिल किए जाने पर झारखंड रग्बी एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु जलान, वरीय उपाध्यक्ष केके सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता सहित संघ के अन्य सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव हेजाज असदक ने गुरुवार को बताया कि अंडर 18 एशियन रग्बी चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए झारखंड के डेविड मुंडा आज दिल्ली से चाइनीज ताइपे के लिए भारतीय टीम के साथ रवाना होंगे। भुवनेश्वर में डेविड ने एक माह का कैंप सफलतापूर्वक पूरा किया। इसके बाद उनका चयन भारतीय रग्बी टीम में किया गया। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी काठमांडू में आयोजित अंडर 18 एशियन रग्बी चैंपियनशिप में डेविड मुंडा को भारतीय रग्बी टीम में शामिल किया गया था।

# आज से पितृपक्ष की शुरुआत

**एजेंसी**

**कानपुर :** भाद्रपद मास की पूर्णिमा 29 सितंबर से पितृपक्ष की शुरुआत हो रही है। शुक्रवार से अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पूजा शुरू होगा। यह पूर्णिमा से शुरू होकर 14 अक्टूबर को सर्वे पितृ अमावस्या को सम्पन्न होगा। सनातन धर्म मंदिर के पुजारी हरेंद्र ने बताया कि शुक्रवार से पितृपक्ष की शुरुआत होने जा रही है। इन दिनों में अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पूजन कर सकते हैं। भाद्र पक्ष की पूर्णिमा से प्रारम्भ होकर श्राद्ध पक्ष आश्विन मास की अमावस्या तक होता है। पूर्णिमा का श्राद्ध उनका होता है, जिनकी मृत्यु वर्ष की किसी पूर्णिमा को हुई हो। वैसे, ज्ञात, अज्ञात सभी का श्राद्ध आश्विन अमावस्या को किया जाता है। पितृपक्ष की शुरुआत के साथ ही शुभ कार्यों पर रोक लग जाएगी।

**क्यों करते है पूजा**

उन्होंने बताया कि जल और तिल ही क्यों श्राद्ध पक्ष में जल और तिल



(देवान्न) द्वारा तर्पण किया जाता है। जो जन्म से लय (मोक्ष) तक साथ दे, वही जल है। तिलों को देवान्न कहा गया है। इससे ही पितरों को तृप्ति होती है। श्राद्ध केवल तीन पीढ़ियों तक का ही होता है। धर्मशास्त्र के मुताबिक सूर्य के कन्या राशि में आने पर परलोक से पितृ अपने परिजनों के पास आ जाते हैं। देवतुल्य स्थिति में तीन पीढ़ी के पूर्वज गिने जाते हैं। पिता को वसु के समान, रुद्र दादा के समान और परदादा आदित्य के समान माने गए हैं। इसके पीछे एक कारण यह भी है कि मनुष्य की स्मरण शक्ति केवल तीन पीढ़ियों तक ही सीमित रहती है।

**जाने किसे कराया जाता है भोजन**

उन्होंने बताया कि कौआ, कुत्ता और गाय इनको यम का प्रतीक माना गया है। गाय को वैतरणी पार करने वाला कहा गया है। कौआ भविष्यवक्ता और कुत्ते को अनिष्ट का संकेतक कहा गया है। इसलिए, श्राद्ध में इनको भी भोजन दिया जाता है। चूंकि हमको पता नहीं होता कि मृत्यु के बाद हमारे पितृ किस योनि में गए, इसलिए प्रतीकात्मक रूप से गाय, कुत्ते और कौआ को भोजन कराया जाता है।

**कैसे किया जाता है श्राद्ध**

विद्वान पण्डित के मुताबिक पहले यम के प्रतीक कौआ, कुत्ते और गाय का अंश निकालें ( इसमें भोजन की समस्त सामग्री में से कुछ अंश डालें )इसके बाद किसी पात्र में दूध, जल, तिल और पुष्प लें। कुश और काले तिलों के साथ तीन बार तर्पण करें। ऊं पितृ देवताभ्यो नम पढ़ते रहें। वस्त्र आदि जो भी आप चाहें पितरों के निमित्त निकाल कर दान करें।

**जाने पितरों को कौन कर सकता है तर्पण**

उन्होंने बताया कि खून के रिश्ते में पुत्र, पौत्र, भतीजा, भांजा कोई भी श्राद्ध कर सकता है। जिनके घर में कोई पुरुष सदस्य नहीं है लेकिन पुत्री के कुल में हैं तो धेवता और दामाद भी श्राद्ध कर सकते हैं।